ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

आषाढ़ कृष्ण पक्ष 6, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), गुरुवार, 27 जून 2024, वर्ष-30, अंक-249, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com




तीन दिनों की सीबीआई रिमांड पर भेजे गए...

सेंसेक्स
78,674.25 ↑ +620.73

डॉलर
83.557 ↑ +0.141

पलामू सर्राफा
10 ग्राम 71,010
01 किलो 86,560


**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।


## मानसून की दगाबाजी से किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें, आर्द्रा के पांच दिन बीतने के बाद भी बारिश नहीं

- आर्द्रा नक्षत्र में भी मानसून का नहीं मिला साथ
- रोहिणी व मृगशिरा नक्षत्र में बारिश नहीं होने से चारों ओर सूखा

राणा अरुण सिंह

**मेदिनीनगर।** आर्द्रा नक्षत्र में बारिश होना शुभ माना जाता है। पलामू में आर्द्रा नक्षत्र में पांच दिन बीत गए लेकिन अभी तक बारिश नहीं हुई है। 6 जुलाई तक यह नक्षत्र रहेगा। इस नक्षत्र झमाझम बारिश के लिए जाना जाता है। किसान के लिए आर्द्रा का विशेष महत्व है। वर्षों से किसान खेती के लिहाज से इसे शुभ मानते हैं। धान का बिचड़ा भी इस नक्षत्र में किया जाता है। इसके अलावा किसान मकई व नेनुआ लौकी, बोदी, बिन, लतर वाले सब्जी को भी लगाते हैं। आर्द्रा में बारिश का न होना किसानों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें उभरने लगी हैं। जिले में कही-कही हल्की बूंदाबूदी हुई है, जो प्रर्याप्त नहीं है। किसानों को अभी भी उम्मीद है कि आर्द्रा नक्षत्र में पानी होगा। किसान नारद यादव बताते



हैं कि हम गांव के लोग करें तो भी क्या करें। मानसून ही हम लोगों के लिए जीवनदायनी, संजीवनी के समान है। अगर मानसून दगा दे दी तो परिवार के समक्ष गंभीर अर्थिक संकट आ जाएगा। वे कहते हैं कि रोहिणी व मृगशिरा नक्षत्र में बारिश नहीं होने से वर्तमान समय में चारों तरफ सूखा दिख रहा है। अभी भी तेज धूप है। जो किसानों के मंसूबे पर भारी पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार बिचड़ा तैयार होने से 20 से 30 दिन का समय लगता है। अगर अभी बरसात हो जाय तो किसान खेतों में धान का बिचड़ा समय पर डाल सकेंगे। जो 25-30 दिन में रोपनी के लायक हो जायेगा। लेकिन मौसम विभाग की संभावना लगातार गलत साबित हो रहा है। जून महीने में औसत वर्षापात 154.4 मि.मी. होना चाहिए। लेकिन अब तक 7.2 मि.मी. बारिश हुई है। मानसून की दगाबाजी से जिले के किसान बेहद निराश है।

**आर्द्रा नक्षत्र का महत्व :** सताईश नक्षत्रों में एक नक्षत्र है आर्द्रा। इस नक्षत्र में सूर्य का आगमन पर किसान कृषि औजारों का पूजन करते है। बीज तैयार करते है। नक्षत्र की पूजा करते है। आर्द्रा नक्षत्र अकेला है, जिसकी पूजा किसान करतें हैं। यह वर्षा ऋतु का नक्षत्र माना जाता है। जिला कृषि विभाग के अनुसार इस साल धान का निर्धारित लक्ष्य 51000 हेक्टेयर में लगाने रखा गया है। जबकि मक्का का 27250, दलहन का 51800, तेलहन का 2387 और अन्य अनाज का 23110 हेक्टेयर निर्धारित किया गया है।

## एक नजर

### सांसद राहुल गांधी को लोकसभा में विपक्ष के नेता के रूप में मिली मान्यता

**नई दिल्ली।** रायबरेली से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को आज बुधवार 26 जून को लोकसभा में विपक्ष के नेता के रूप में मान्यता मिल गई। 18वीं लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को लोकसभा में विपक्ष के नेता के रूप में मान्यता दे दी है। इस बारे में एक अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। अधिसूचना के मुताबिक राहुल गांधी को 9 जून से लोकसभा के नेता के रूप में मान्यता दी गई है।

### झारखंड कैबिनेट की बैठक 28 को

**रांची।** राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक 28 जून को होगी। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन की अध्यक्षता में शाम चार बजे से प्रोजेक्ट भवन में कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जायेंगे। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने आदेश जारी किया है और विभागों से प्रस्ताव मांगा है।

### 11 हजार बिजली तार की चपेट में आने से एक बच्चे की मौत, एक बच्ची झुलसी

**लोहरदगा।** कुडू थाना क्षेत्र के लावागांई गांव में बुधवार शाम लगभग पांच बजे 11 हजार वोल्ट संचालित विद्युत आपूर्ति तार की चपेट में आने से एक स्कूली छात्र की मौत हो गई जबकि एक बच्ची झुलस गई है। घायल बच्ची का कुडू सीएचसी में इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल रेफर किया गया है। बताया जाता है कि लावागांई निवासी बिरसा महली का ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## नशा मुक्त झारखंड बनाना सरकार की प्राथमिकता : चम्पाई सोरेन

– मादक पदार्थों के विरुद्ध राज्यस्तरीय जागरुकता कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार नशा मुक्त झारखंड बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार विशेष जागरुकता अभियान चलाकर जन-जन को नशा के दुष्प्रभाव की जानकारी दे रही है। गांव, मोहल्ला, पंचायत, प्रखंड, जिला एवं राज्य स्तर पर विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार कर लोगों को मादक पदार्थों से दूर रहने की अपील की जा रही है। मुख्यमंत्री चम्पाई बुधवार को मोरहाबादी मैदान पर आयोजित ₹मादक पदार्थों के विरुद्ध राज्य स्तरीय जागरूकता₹ कार्यक्रम में शामिल हुए और लोगों से नशे से बचने की सलाह दी। इस मौके पर मुख्यमंत्री चम्पाई ने कहा कि वर्तमान समय में नशीली पदार्थ का व्यापक रूप से फैलाव हो रहा है। खास तौर पर मादक पदार्थों के तस्कर विद्यालय, कॉलेज आदि क्षेत्र में युवा वर्ग को नशीली चीजों की लत लगा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार नशीली



पदार्थों के तस्करों पर निरंतर कार्रवाई कर रही है। सूचना के आधार पर पुलिस प्रशासन ने कई जगहों पर अफीम की खेती को नष्ट किया गया है। ब्राउन शुगर, गांजा, डोडा आदि मादक पदार्थों की रिकवरी भी हुई है। सैकड़ों की संख्या में आरोपितों को जेल भेजा गया है। जिला पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े अंतराज्यीय गिरोह का पदार्फाश किया गया है तथा सप्लाई चेन को चिन्हित कर कार्रवाई भी की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा हमारे राज्य और देश के भविष्य हैं। युवाओं को नशा मुक्त रख कर ही समृद्ध प्रदेश का निर्माण किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी परिवार या समाज नशा मुक्त रहकर ही उन्नति की मार्ग पर आगे बढ़ सकता है। मनुष्य जीवन में नशा नाश का कारण बनता है। नशा शारीरिक खतरा है। नशा से शरीर को ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## बाइक सवार तीन युवकों को पुलिस ने खदेड़ कर हथियार के साथ पकड़ा, जेल

देसी पिस्टल, एक मैगजीन, एक जिंदा गोली व एक मोबाइल बरामद

नवीन मेल संवाददाता

**सतबरवा।** रांची-मेदनीनगर मुख्य मार्ग एनएच 39 पोखराहा से मंगलवार की शाम पुलिस गश्ती के दौरान सतबरवा पुलिस ने एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवकों को पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत भेज दिया। यह जानकारी सतबरवा थाना प्रभारी विश्वनाथ कुमार राणा ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि एनएच 39 रांची - मेदिनीनगर मुख्यमार्ग पोखराहा के पास वाहन चेकिंग के क्रम में एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन



युवक पुलिस बल को देखते ही मोटरसाइकिल पीछे कर भागने लगे। भागने के क्रम में सभी मोटरसाइकिल से गिर गए। इसके बाद मोटरसाइकिल छोड़ कर भागने लगे। मौके पर माजूद पुलिस बल ने दौड़कर तीनों व्यक्तियों को पकड़कर हिरासत में लिया। तीनों से तलाशी के दौरान एक के पास से एक देसी पिस्टल, मैगजीन सहित एक अन्य मैगजीन व एक जिंदा गोली, एक सैमसंग कंपनी का मोबाइल बरामद किया गया। साथ ही ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## नीट पेपर लीक मामले की जांच करने हजारीबाग के ओएसिस स्कूल पहुंची सीबीआई

**हजारीबाग।** नीट पेपर लीक मामले की जांच करने बुधवार को सीबीआई की टीम हजारीबाग के ओएसिस स्कूल पहुंची। सीबीआई की टीम स्कूल में हर पहलू की जांच-पड़ताल कर रही है। नीट पेपर लीक मामले में इस स्कूल का नाम सामने आया है। पटना के जिस रामकृष्णा नगर स्थित एक निजी स्कूल से बरामद हुआ नीट यूजी 2024 का अधजला जब्त प्रश्न पत्र मिला था उसका सीरियल कोड हजारीबाग (झारखंड) के मंडई रोड स्थित ओएसिस स्कूल परीक्षा केंद्र से लीक हुआ था। बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) के सत्यापन में प्रथम दृष्टया इस परीक्षा केंद्र से प्रश्न पत्र की पैकिंग के संदिग्ध पॉलीबैग संबंधित अभ्यर्थी से बरामद मूल प्रश्न पत्र की पैकिंग और संबंधित पैकिंग ट्रंक में इन सभी के साथ छेड़छाड़ होना पाया गया है। प्रश्न पत्र की सॉल्वड पीडीएफ कॉपी संजीव कुमार उर्फ लूटन मुखिया ने भेजा था। ईओयू की जांच में खुलासा हुआ है कि प्रश्न पत्र की सॉल्वड पीडीएफ कॉपी संजीव कुमार उर्फ लूटन मुखिया के माध्यम से गिरफ्तार अभियुक्त बालदेव कुमार उर्फ चिंटू के मोबाइल पर परीक्षा तिथि पांच मई की सुबह पहुंची थी, जिसके बाद उसे अभ्यर्थियों को रटवाया गया। अधजले प्रश्न के सीरियल कोड ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## माड़न में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, चली गोली

नवीन मेल संवाददाता

**पांकी।** पांकी प्रखंड के माड़न गांव में बुधवार की दोपहर 11 बजे जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट के बाद गोली चलने में 15 वर्षीय किशोर गोली लगने से घायल हो गया है। उसकी हालत गंभीर है। जानकारी के अनुसार बुधवार की दोपहर माड़न गांव निवासी एक पक्ष के वासुदेव राम व दूसरे पक्ष के राजकुमार राम के बीच जमीन विवाद चल रहा था। इस बीच अचानक गोली चलने लगी, जिसमें विवादित स्थल के समीप खड़ा माड़न गांव निवासी अल्ताफ अंसारी के पुत्र 15 वर्षीय पुत्र हयातुल अंसारी को बाएं पैर में गोली लग गई। घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई। मामले की जानकारी तत्काल पांकी थाना पुलिस को दी गई। मामले की जानकारी मिलने के बाद तत्काल मौके पर पहुंचे पांकी थाना प्रभारी उत्तम तिवारी ने गंभीर रूप से



घायल हयातुल अंसारी को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहां मौजूद चिकित्सक डा. शिव शंकर मुर्मू ने गंभीर रूप से घायल किशोर का प्राथमिक इलाज कर उसे बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच भेज दिया। घटना के बाद एक पक्ष के गंभीर रूप से घायल वासुदेव राम का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। घटना के बाद ग्रामीणों में भय का माहौल है। ग्रामीणों ने तत्काल दोषियों पर कार्रवाई की ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## आज | कल




## ध्वनिमत से ओम बिरला लगातार दूसरी बार बने लोकसभा अध्यक्ष

- विपक्ष ने मत विभाजन की मांग नहीं की, किया प्रतिकात्मक विरोध
- संसदीय कार्यमंत्री ने प्रोटेम स्पीकर व पैनल सदस्यों को धन्यवाद दिया

**नई दिल्ली।** 18वीं लोकसभा के लिए अध्यक्ष पद का आज सदन की कार्यवाही में चयन किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कुछ अन्य सदस्यों ने कोटा से सांसद ओम बिरला का अध्यक्ष पद के लिए नाम प्रस्तावित किया, जिस पर ध्वनिमत से सदन ने मोहर लगा दी। विपक्ष की ओर से अरविंद सावंत और कुछ अन्य नेताओं ने के. सुरेश का नाम प्रस्तावित किया। हालांकि मत रखने के दौरान ओम बिरला के नाम पर विपक्ष ने मत विभाजन की मांग नहीं की और ध्वनिमत से उन्हें चुन लिया गया। लोकसभा में प्रोटेम स्पीकर ने अध्यक्ष पद का चुनाव कराया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राजीव रंजन सिंह, जितम राम मांझी, अमित शाह, जाधव प्रतापराव, चिराग पासवान, जोयंता बासुमतारी, एचडी कुमार स्वामी, के राममोहन नायडु, डॉ. इंद्रा हंग सुब्बा, 8शेष पृष्ठ 11 पर



### प्रधानमंत्री और विपक्ष के नेताओं ने दी बधाई

अध्यक्ष चुने जाने पर प्रधानमंत्री मोदी सहित पक्ष और विपक्ष नेताओं ने ओम बिरला को बधाई दी। नेता विपक्ष के तौर पर राहुल गांधी ने ओम बिरला को बधाई देते हुए कहा कि विपक्ष को बोलने का अवसर मिलना चाहिए। विपक्ष को चुप कर देना लोकतंत्र के खिलाफ है। वे संसद के अंतिम मध्यस्त की भूमिका में हैं और सरकार तथा विपक्ष दोनों को उनसे उम्मीद है। विपक्ष भी जनता का ही प्रतिनिधित्व करता है। हम सहयोग करने और सदन को चलाने के पक्ष में हैं। ऐसे में विपक्ष की आवाज को भी प्रतिनिधत्व मिलना चाहिए।

### स्पीकर के चुनाव का प्रतिकात्मक विरोध

18वीं लोकसभा में स्पीकर का निर्विरोध चुनाव नहीं हो सका। विपक्ष इसका सबसे बड़ा कारण डिप्टी स्पीकर की शर्त को सत्ता पक्ष द्वारा मंजूर नहीं किया जाना बताया। विपक्षी सांसद यह मानकर चल रहे थे कि स्पीकर पद पर सत्ता पक्ष की ओर से ओम बिरला का चुना जाना तय है। हालांकि, विपक्ष के सांसदों ने सदन और सदन के बाहर ओम बिरला को लोकसभा अध्यक्ष पद पर चुने बधाई भी दी, लेकिन उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि उनका यह विरोध प्रतिकात्मक था।

## इंडिया




सुनील बादल

*शायद बहुत लोगों को पता नहीं होगा कि पड़ोसी बंगाल की राजधानी कोलकाता में स्टैबलाइजर या इन्वर्टर न लगते हैं न बिकते हैं जबकि राजधानी रांची में जेनरेटर काल भले समाप्त हो गया हो पर स्टैबलाइजर या इन्वर्टर का कारोबार करोड़ों में है।*

## बिजली : मर्ज बढ़ता गया ज्यों ज्यों कड़ाई की

देश या दुनिया के नए लोग या कोई झारखंडी जब देशों से घूमकर या बहुत दिनों बाद वापस झारखंड पहुंचता है तो उसे राजधानी रांची की सड़कों में अनुशासनहीनता और सर्वत्र कुव्यवस्था देखकर घोर निराशा होती है। अन्य शहरों में पढ़ाई या नौकरी करने वाले अपनी मातृभूमि अपने माता पिता के पास भी नहीं आना चाहते। बहुत तो छुट्टियों में माता पिता को ही बुला लेते हैं। शायद बहुत लोगों को पता नहीं होगा कि पड़ोसी बंगाल की राजधानी कोलकाता में स्टैबलाइजर या इन्वर्टर न लगते हैं न बिकते हैं जबकि राजधानी रांची में जेनरेटर काल भले समाप्त हो गया हो पर स्टैबलाइजर या इन्वर्टर का कारोबार करोड़ों में है जबकि लगभग पूरी रांची में करोड़ों के खर्च से अंडरग्राउंड केबलिंग हो चुकी है पर राजधानी रांची से लेकर छोटे बड़े शहर में तारों और केबल का जाल बिजली के पोल में अभी भी दिखते



हैं जिनमें सरकारी सीसीटीवी के तार शामिल हैं तो निजी केबल के भी जिससे बिना तार निर्बाध सेवा की अवधारणा ध्वस्त हो जाती है। बिजली भरपूर होने के बाद भी घरों तक निर्बाध क्यों नहीं पहुंचती यह सवाल कोई नहीं पूछता क्योंकि लोगों ने इसे नियति मान लिया है। इस भारी अव्यस्था से बचने के लिए सरकारी घरों में साइलेंट जेनरेटर लगे हैं सोलर बैकअप भी है पर आम आदमी आज भी गांवों की तरह छतों पर या खुले आसमान के नीचे सोता है। बहुत से घरों और कार्यालयों में अब करोड़ों की लागत से स्मार्ट मीटर को बदलकर प्रीपेड मीटर लगा दिए गए हैं जो कुछ दिनों में काम करने लगेंगे। बिजली की व्यवस्था पहले से सुधरी है पर भारी संख्या में राज्य में जलने वाले ट्रांसफॉर्मर और मरम्मत के बाद फिर जलने की शिकायत आम है जिससे व्यवस्था पर सवाल उठते हैं। कोलकाता सहित अनेक राज्यों में बिजली के पोल में बिजली की चोरी की शिकायत के लिए छोटे छोटे बोर्ड लगे हैं जिससे शिकायतें बहुत मिलती हैं। यहां बिजली कटने की शिकायत से लेकर अन्य भ्रष्टाचार की शिकायत के लिए कोई प्रचारित हेल्पलाइन नंबर नहीं है। एक हेल्पलाइन नंबर +91 94311 35682 सिर्फ व्हाट्सएप्प पर काम करता है इसमें भी कोई जवाब नहीं दिया जाता। लाखों करोड़ों की लागत से स्थापित पुराने 18003456570 /1912 हेल्पलाइन नंबर सरकारों के बदलने के साथ बदलते गए और वर्तमान में आइवीआर तक चालू हैं स्वागत है हमारे प्रतिनिधि से संपर्क करने के लिए प्रतीक्षा करें कहा जाता है पर कोई बात नहीं करता हैं। वस्तुस्थिति यह है कि बिजली खराब हो या आकस्मिकता कनीय अभियंता तक फोन नहीं उठाते जिस कारण परेशान लोग मिस्त्री को फोन करते हैं और मुंहमांगी राशि देने को मजबूर हैं। यह परंपरा सदियों से चली आ रही है और सभी को दृढ़ विश्वास है कि बिजली का नया कनेक्शन बिना रिश्वत दिए या किसी बड़े प्रभावशाली व्यक्ति से पैरवी कराए नहीं मिल सकता है। लगातार घाटे में चल रहे झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड को घाटे से उबारने के लिए चोरी रोकने के सूचना तंत्र को मजबूत बनाना पड़ेगा साथ ही ऑनलाइन आवेदन का रिकॉर्ड रखना पड़ेगा साथ ही उसका अनुश्रवण भी करना पड़ेगा। अभी कोई रिश्वत मांगे और परेशान करे तो एसीबी के अलावा कोई चैनल नहीं जिसमें आसानी से शिकायत दर्ज कराई जा सके।

## संसद 140 करोड़ नागरिकों की आकांक्षाओं का केंद्र : प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** 18वीं लोकसभा में अपने पहले संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि संसद भवन सिर्फ दीवारें नहीं हैं, बल्कि 140 करोड़ नागरिकों की आकांक्षाओं का केंद्र है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सदन का कामकाज, आचरण और जवाबदेही हमारे देश में लोकतंत्र की नींव को मजबूत बनाती है। अमृत काल में बिरला के दूसरी बार कार्यभार संभालने के महत्व को देखते हुए प्रधानमंत्री ने उम्मीद जताई कि पांच साल का उनका अनुभव और उनके साथ सदस्यों का अनुभव, इस महत्वपूर्ण समय में पुनः निर्वाचित अध्यक्ष को सदन का मार्गदर्शन करने में सक्षम बनाएगा। प्रधानमंत्री ने अध्यक्ष के विनम्र और विनम्र व्यक्तित्व और



उनकी आकर्षक मुस्कान की चर्चा की, जो सदन का संचालन करने में उनकी मदद करती है। प्रधानमंत्री ने 17वीं लोकसभा की रिकॉर्ड उत्पादकता का जिक्र किया जो 97 प्रतिशत रही। उन्होंने कोरोना महामारी के दौरान सदन के सदस्यों के लिए अध्यक्ष के व्यक्तिगत जुड़ाव और चिंता का भी जिक्र किया। उन्होंने बिरला की प्रशंसा

## एक नजर

### एनआई कार्य को लेकर दो पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन रद्द

**हैदरनगर।** सोननगर और गढ़वा रोड के बीच तीसरी लाइन के कमीशनिंग के लिए काजरात नावाडीह, जपला एवं नबीनगर रोड स्टेशनों पर एनआई कार्य किया जाना है। जिससे बरकाकाना और डेहरी ऑन सोन के बीच परिचालित गाड़ी सं. 03341 / 03342 बरकाकाना - डेहरी ऑन सोन पैसेंजर स्पेशल का परिचालन 26 से 29 जून तक रद्द रहेगा। इस संबंध में मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने अधिसूचना जारी की है।

### कार्यशाला का आयोजन

**पांकी।** प्रखंड के मजदूर किसान महाविद्यालय में राज्य सरकार के निर्देश के आलोक में मद्य निषेध कार्यक्रम के तत्वावधान में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर की गई। मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डा. दिलीप कुमार राम ने अतिथियों का स्वागत करते हुए सरकार द्वारा समाज में जागरूकता के लिए प्रारंभ किए गए प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि युवाओं को यह समझना होगा कि हमारे जीवन में मद्य निषेध का कितना कुप्रभाव व्याप्त है। आज हम इससे समाज को कैसे बचा सके ये प्रयास करें। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चिकित्सा प्रभारी महेंद्र प्रसाद ने मघ निषेध से होने वाले शारीरिक और मानसिक प्रभाव का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आज भी ग्रामीण समाज बहुत सी चीजों से अनभिज्ञ है। जिसमें मध्य निषेध भी है। छात्र छात्राओं को अपने समाज में जागरूकता लाना होगा व मध्य निषेध के कुप्रभाव को समाज को बतलाना होगा। डा. विरसा उरांव एनबी सूबेदार ने कहा कि युवा वर्ग बहुत सी दावाओं का अनजाने में उपयोग करते हैं, जो विज्ञान द्वारा वर्जित कर रखा गया है। इसका प्रभाव उनके स्वास्थ्य पर पड़ता है। कार्यशाला में जेवियर कुमार हवलदार एनसीसी,साधु मांझी, सर्वेश्वर प्रसाद, बंशीधर सिंह, जमशेद आलम,आफसा जबीं, नरेन्दर कुमार तिवारी ने भी अपने-अपने विचारों से मद्य निषेध कार्यक्रम के संबंध में विचार व्यक्त किया। एनसीसी कैडेट मनीषा सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया। मौके पर डा. राजेश्वर चौधरी, पुरुषोत्तम सिंह मौजूद थे। आईक्यूएसी के कोऑर्डिनेटर राजीव रंजन ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# सहायिका चयन का ग्रामीणों ने किया विरोध, ग्रामसभा स्थगित

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** प्रखंड के बांसो गांव में बुधवार को सेविका व सहायिका के चयन के लिए ग्रामसभा का आयोजन किया गया। जिसमें सहायिका का चयन कर लिया गया। पर ग्रामीणों के विरोध के चलते सेविका का चयन नहीं हो सका। यह ग्रामसभा महिला पर्यवेक्षिका सुमित्रा कुमारी के देखरेख में हुई। सहायिका के रूप में गीता कुमारी का चयन हुआ और उसे औपबंधिक प्रमाण-पत्र दिया गया। लेकिन सेविका के चयन के क्रम में गतिरोध उत्पन्न हो गया। जिसके चलते चयन की प्रक्रिया को बीडीओ सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कुमार अरविंद बेदिया ने स्थगित कर दी। ग्रामीणों ने बताया कि उच्च योग्यताधारी अभ्यर्थी रहने के बावजूद भी निम्न योग्यताधारी अभिव्यक्ति का चयन किया जा रहा था। इसको लेकर हो हंगामा हुआ और अंत में चयन की प्रक्रिया को



स्थगित कर दी गयी। ग्रामीणों को यह भी स्पष्ट नहीं है की सेविका का पद आरक्षित है या अनारक्षित, इसको लेकर भी ओहापोह कायम है। इस संबंध में बीडीओ सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कुमार अरविंद बेदिया से बात की गयी तो उन्होंने कहा कि ग्रामसभा की अगली तिथि निर्धारित की जाएगी। और पारदर्शिता तरीके से चयन किया जाएगा। इस मौके पर पंसस शैलेंद्र सिंह उर्फ शीलू सिंह, प्रधानाध्यापक संतोष गुप्ता, एएनएम नीलम कुमारी, वार्ड राजकुमार राम, सेवानिवृत्ति सेविका विमला सिंह, बजरंगी सिंह, रामप्रसाद भुइयां, सुजीत कुमार, मनीष रंजन, छोटू सिंह, सौरभ सिंह, काजल कुमारी, सुषमा कुमारी, रिंकी देवी, नरेश चंद्रवंशी, चानो देवी, संगीता देवी, विक्की सिंह, सुरेंद्र राम, चिंटू सिंह, विमलेश राम, गुड्डू भुइयां सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थें।

### नशा मुक्ति निषेध दिवस पर छात्रों ने निकाली जागरूकता रैली

**हरिहरगंज।** पिपरा प्रखंड अंतर्गत स्तरोन्नत उच्च विद्यालय पिपरा के छात्र-छात्राओं ने बुधवार को नशा मुक्ति निषेध दिवस पर जागरूता रैली निकाली। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों ने भाग लिया। इस दौरान लोगों से नशा न करने की अपील की गयी। इस रैली में छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। हाथों में पंपलेट और बैनर पोस्टर लेकर छात्रों ने लोगों से नशा न करने की अपील की और बैनर पोस्टर के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापिका अनुपमा ज्योति ने कहा कि नशा समाज को खोखला कर देता है जो लोग नशा बेचने का काम करते हैं, वह समाज के दुश्मन हैं। नशा मुक्त भारत अभियान में हर व्यक्ति को योगदान देते हुए सरकार का सहयोग करना चाहिए। जागरूकता रैली में शिक्षक अरुण मौर्य, सविता यादव, अशोक गुप्ता, राहुल कुमार, अंकित राज, जनेश्वर राम सहित छात्र-छात्राएं शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

### दूसरी पुण्यतिथि पर याद की गईं स्व. विमला देवी

**नीलांबर पितांबरपुर।** प्रखंड में शिक्षा का अलख जगाने वाले पूर्व प्रधानाचार्य स्व.रमाबल्भ तिवारी की धर्मपत्नी स्व. विमला देवी की दूसरी पुण्यतिथि पर उनके निवास स्थान लेस्लीगंज में मनाया गया। जिसमें बड़ी संख्या में प्रखंड के शिक्षक शामिल हुए। सर्व प्रथम उपस्थित लोगों ने तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही उनके जीवन पर प्रकाश डाला। मौके पर परिजनों द्वारा राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य अमरेश कुमार सिंह को निर्धन, असहाय बच्चों के शिक्षा के लिए नगद 11000 हजार रुपए प्रदान किया। मौके पर सतीश मिश्रा, संतोष दुबे, अमरेश सिंह, दीपक गिरी,राजू कुमार, राजेंद्र दुबे, मुंद्रिका पासवान, प्यारी पासवान, मंगल किशोर दुबे, सतीश तिवारी, रामप्रसाद राम, अलीमुद्दीन अली, प्रफुल दुबे, अरविंद कुमार, प्रमानंद राम, संत तिवारी, अजय सिंह, अमरदयाल महतो, सुशील तिवारी सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### थाना क्षेत्र में बढ़ा चोरों का आतंक, पांच लाख के जेवर सहित लैपटॉप की चोरी

**नावाबाजार।** नावाबाजार प्रखंड मुख्यालय स्थित बस स्टैंड में अवस्थित दुकानों में लगातार चोरी घटनाएं घट रही है। इससे व्यवसाईयों में दहशत का माहौल है। थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक बढ़ गया है। रोक लगाने में पुलिस नाकाम साबित हो रही है। जानकारी के अनुसार मंगलवार की दोपहर में नव्या श्रृंगार स्टोर एंड फोटो डिजिटल से लैपटॉप व फल दुकान फल खरीदारी कर रहे मिस्टी ज्वेलर्स के प्रोपराइटर राकेश सोनी के मोटरसाइकिल में टंगा आभूषण से भरा झोला अज्ञात चोर झटक कर भाग गए। आभूषण व्यवसाई राकेश सोनी का दुकान नावाबाजार में अवस्थित है। प्रत्येक दिन की तरह शाम को दुकान बंद कर स्टैंड में फल खरीदने गया था। वहां लगभग पांच लाख रुपए के आभूषण से भरा झोला को चोरों द्वारा गायब कर दिया गया। प्रखंड के स्वर्णकार संघ लगातार चोरी की हो रही घटना से आहत है। चोरी की ऐसी घटना नावा बाजार के लिए कोई पहली बार नहीं है। थाना क्षेत्र के ब्रहमोरिया मोड़ पर दो स्वर्ण आभूषण दुकान में तीन बार चोरी की घटना हो चुकी है। पुलिस अभी तक घटना का उद्भेदन या संदिग्ध की पहचान नहीं कर सकी। नावाबाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार ने घटना की सूचना मिलते ही स्थल पर पहुंचकर अपने स्तर से जांच पड़ताल शुरू कर दी है। साथ ही आस पास के दूकानों में लगे सीसीटीवी को खंगालना शुरू कर दिया है।

### पुण्यतिथि पर याद किए गए हुसैनाबाद के जवान शहीद कुंदन सिंह

**हुसैनाबाद।** बूढ़ापहाड़ मे माओवादियों द्वारा किए गए बारूदी सुरंग मे गम्हार बिगहा गांव निवासी शहीद कुंदन कुमार सिंह का छठी पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो , हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रामाशंकर पटेल, एसआईटी मन्नान, शशि शेखर पांडेय, महिला थाना प्रभारी पार्वती कुमारी, दंगवार ओपी प्रभारी संजय यादव, देवरी ओपी प्रभारी बब्लू कुमार, पिकेट प्रभारी व अन्य अतिथियों द्वारा गम्हरबिगहा गांव स्थित शहीद कुंदन कुमार सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित व माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित कर सलामी दी । इस मौके पर एसडीपीओ थाना प्रभारी ने शहीद जवान कुंदन कुमार सिंह के पिता सुरेश सिंह को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित भी किया। मौके पर एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो ने कहा कि किसी भी शहीदों की शहादत बेकार नहीं जाती है, कुंदन उग्रवादियों से लोहा लेते हुये बूढ़ा पहाड़ के जंगलों में शहीद हुए थे। मौके पर पंचायत के आलावा काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## शिक्षा का जीवन में होना जरूरी : मुखिया

### वर्ग आठ के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** प्रखंड के राजहरा कोठी मध्य विद्यालय में शिक्षकों द्वारा वर्ग आठ पास छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जहां सभी छात्र छात्राओं को विद्यालय परिवार सहित स्थानीय मुखिया द्वारा सम्मानित किया गया। मौके पर मुखिया चंदन कुमार ने कहा कि शिक्षा हमारे जीवन का वह प्रकाश है, जो हमारे अज्ञानता रूपी अंधकार को दूर करती है। शिक्षा का होना हर व्यक्ति के जीवन में जरूरी है। इससे अज्ञानता के बादल छंटते है। ज्ञान रूपी नया सवेरा होता है। बच्चे देश का भविष्य हैं, इन्हें संजोए रखने की जरूरत है। प्रभारी प्रधानाध्यापक अरुण द्विवेदी सहित शिक्षक राहुल कुमार पांडेय, संजीव कुमार राम, योगेंद्र नाथ तिवारी, अजय गुप्ता ने कहा कि सभी अपनी



नजरों के सामने संघर्ष देखते हैं। जैसे अध्ययन करने का, परीक्षा उत्तीर्ण करने का, जीने का। घर से दूर किसी स्थान पर सहजता से रह सकें, वह भी एक संघर्ष ही है। अच्छी तरह से हंसते-खेलते जीवन गुजार सकें। इसके लिए भी संघर्ष करते हैं। जीवन यापन के लिए कमाई तो करनी हीं पड़ेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष अजय कुमार ने की। इससे पूर्व वर्ग 8 के विद्यार्थियों द्वारा सभी शिक्षकों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। विदाई के मार्मिक क्षण में विद्यालय परिवार सहित अन्य वर्ग के छात्र छात्राएं भाव विह्वल हो उठे।

### हैदरनगर में मुखिया पर भ्रष्टाचार व अनियमितता का आरोप

## ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत चौकड़ी मुखिया शारदा देवी पर भ्रष्टाचार और अनियमितता का गंभीर आरोप लगाया गया है। पंचायत के उपमुखिया सतीश कुमार सिंह व वार्ड सदस्य ने उप विकास आयुक्त, पलामू को लिखित शिकायत में मुखिया व पंचायत सचिव योगेश्वर यादव पर नकली एलईडी लाइट लगाने का आरोप लगाया है।आवेदन में बताया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के 15 वें वित्त आयोग मद से सभी वार्डों में नकली एलईडी लाइट लगाई गई है। मुखिया शारदा देवी, पंचायत सचिव योगेश्वर यादव द्वारा लगाए गए एलईडी लाइटे जल्द ही खराब हो गईं, जिससे ग्रामीणों को अंधेरे में रहना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि नकली लाइटों के इस्तेमाल से सरकारी धन का दुरुपयोग हुआ है। पंचायत सचिव ने लाइटों की गुणवत्ता की जांच नहीं की। दूसरी ओर आवास योजना के तहत आवंटित 30,000 रुपये प्राप्त करने के बाद रूबी देवी से रिश्वत के तौर पर 10,000 रुपये की मांग का आरोप मुखिया शारदा देवी पर लगा है। रूबी देवी ने बताया कि मुखिया को भुगतान न करने पर उन्हें धमकी दी गई थी। इस मामले की शिकायत ग्रामीण विकास मंत्री, प्रखंड विकास पदाधिकारी, हैदरनगर को भी की गई है। ग्रामीणों ने इन दोनों मामलों की गहन जांच की मांग की है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की अपील की है।

**क्या है कहती है**

मुखिया शारदा देवी ने कहा कि लगाए गए सारे आरोप निराधार व बेबुनियाद है। सभी आरोप राजनीति से प्रेरती है। उन्होंने बताया कि उपमुखिया व वार्ड सदस्य के देख-रेख में ही एलईडी खरीदने का कार्य किया गया है। इस वर्ष आने वाले ओलावृष्टि व बारिश तूफान के कारण एलईडी खराब हुआ है। कहा कि दोनों झूठे आरोप एक समय पर लगा कर मुझे बदनाम करने की कोशिश है। आवास में मुखिया का दखल नहीं होता है। मेरे द्वारा लोगों को आवास दिलाने के लिए कई प्रयास किए गए है, लेकिन किसी आवास में उनका कोई हस्तक्षेप नहीं होता है।

## मासिक जांच परीक्षा का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** सर्वोदय हाई स्कूल प्लस टू उच्च विद्यालय में बुधवार को शिक्षक अभिषेक कुमार तिवारी द्वारा वर्ग 11 में उतीर्ण विज्ञान संकाय का मासिक जांच परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, गणित, अंग्रेजी, कंप्यूटर, विज्ञान, अर्थशास्त्र, आईटी रिटेल, सभी



विज्ञान के विषयों का परीक्षा आयोजित हुई। प्रधानाध्यापक प्रफुलित लकड़ा ने बताया कि वर्ग ग्यारह से बारह में नामांकन वैसे विद्यार्थी का किया जाएगा जो नियमित परीक्षाओं में सफल होंगे। असफल का नामांकन वर्ग बारह मे नहीं किया जाएगा। सरकार का स्पष्ट निर्देश है। कि 75 प्रतिशत उपस्थिति वाले ही विद्यार्थियों का वर्ग 12 में नामांकन तथा परीक्षा फॉर्म भरने का अनुमति दिया जाए। इस मौके पर विज्ञान शिक्षक अभिषेक तिवारी, राहुल जायसवाल, रवि रंजन कुमार, मुकेश तिवारी, अरविंद कुमार, दिलीप प्रसाद उपस्थित थे।

**अव्यवस्था** | स्कूली छात्रों के बीच साइकिल का वितरण नहीं किया गया

# भीषण गर्मी में भटकते रहे छात्र व शिक्षक, आक्रोश

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** कल्याण विभाग की ओर से स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच वितरण के लिए उपलब्ध कराए गए साइकिल का वितरण बुधवार को नहीं किया जा सका। प्रखंड क्षेत्र के अलग-अलग विद्यालयों से अनुसूचित जाति व जनजाति के बच्चों को आमंत्रित किया गया था। बच्चे कंडा हाई स्कूल के प्रांगण में निर्धारित समय पर पहुंच गए थे। भीषण गर्मी दिन दोपहरी विद्यालय के शिक्षक व छात्र भटकते रहे। शिक्षक व बच्चों में आक्रोश भी था। बताया गया की आमंत्रित अतिथि लोगों के आगमन नहीं होने के कारण वितरण कार्यक्रम को स्थगित करना पड़ा। किसकी लापरवाही के कारण यह हुआ स्पष्ट नहीं हो सका। प्रखंड शिक्षा प्रसार प्राधिकारी द्वारा पत्र निर्गत कर विधायक, विधायक प्रतिनिधि, सांसद, सांसद प्रतिनिधि, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, मुखिया को भी आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम में किसी का नहीं पहुंचना स्पष्ट करता है कि सूचना उन्हें नहीं दी गई है। इसके लिए शिक्षा विभाग या कल्याण विभाग कौन जिम्मेवार हैं? बता दे कि कल्याण विभाग द्वारा अनुसूचित जाति व जनजाति के छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण के लिए 200 की संख्या उपलब्ध कराया गया था। साथ ही इसकी जिम्मेवारी शिक्षा विभाग के अधिकारियों को सौंपी गई थी। शिक्षा विभाग द्वारा पत्र निर्गत कर सभी प्रधानाध्यापक के व्हाट्सएप पर वितरण किए जाने का सूचना उपलब्ध करा दिया गया। प्रधानाध्यापक द्वारा तत्काल सभी बच्चों को सूचित कर बच्चों की पहचान के साथ कंडा हाई स्कूल में पहुंच गए। अधिकारियों की निष्क्रियता व लापरवाही के कारण बच्चों के बीच वितरण नहीं किया जा सका। ऐसे में बच्चे और शिक्षक दोनों परेशान रहे।



### 1296 लक्ष्य के विरुद्ध मात्र 112 छात्रों को मिली साइकिल

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड के छात्रों को लंबी प्रतीक्षा के बाद बुधवार को 112 विभिन्न सरकारी विद्यालयों के छात्रों को साइकिल दिया गया है। कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख, उप प्रमुख, पंचायत इमामनगर बरेवा मुखिया अशोक यादव व जीतेन्द्र सिंह, बीईईओ नरेश राम, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी नरेन्द्र कुमार सिंह, प्रखंड



.कल्याण पदाधिकारी ज्योति रंजन की उपस्थिति में वितरण कार्यक्रम किया गया। बताया गया कि प्रखंड के कुल 1296 साइकिल का वितरण बीआरसी केन्द्र ईंटवा में करने का लक्ष्य निर्धारित है। जिसमें से वित्तीय वर्ष 2023-24 में आठवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को इस लाभ से आच्छादित करना है। इसमें अजा, अजाज,ओबीसी व अल्पसंख्यक वर्ग से विभिन्न विद्यालयों के छात्र व छात्रा सूचीबद्ध हैं।







## एक नजर

### पेड़ से गिरकर किशोर घायल

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत चुंगाबाड़ी गांव के बैजनाथ भुइंया का 12 वर्षीय पुत्र जामुन के पेड़ से गिरकर घायल हो गया। उसे इलाज के लिए एमएसीएच में भर्ती कराया गया है। वह आठंवी कक्षा का छात्र है। परिवार वालों ने बताया कि व दोस्तों के साथ जामुन तोड़ने गया था।

### विधायक की छवि को धूमिल करने का प्रयास : समर्थक

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज-चैनपुर भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक आलोक चौरसिया द्वारा क्षेत्र में किये जा रहे विकास कार्य तथाकथित विरोधियों को हजम नहीं हो रहा है। वैसे लोग छल प्रपंच का सहारा लेकर विधायक के विरूद्ध गलत बयानबाजी कर उनकी छवि धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं। ये बातें राजा गुप्ता, बिहारी नारायण विश्वकर्मा, संजय यादव, नंदू मोची ने संयुक्त रूप से बुधवार को संयुक्त रूप से कही। वह पत्रकारों के साथ बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रविवार को कचहरी परिसर में बैठक के बाद गलत तरीके से प्रचारित किया गया। खबर का खंडन किया। उन्होंने कहा कि वह सभी स्व अनिल चौरसिया के विचारधारा से प्रेरित होकर पूर्व से लेकर आज तक उनके विचारधारा में बंध कर उनके पुत्र सह विधायक आलोक चौरसिया के साथ पूरे निष्ठा व ईमानदारी के साथ खड़े हैं।

### 25 जुलाई को एकीकृत मतदाता सूची प्रारूप का होगा प्रकाशन

# मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य दो चरणों में होगा: निर्वाचन पदाधिकारी

**■ 18 वर्ष पूरा करने वाले नये मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने को निर्देश**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने एक जुलाई 2024 को 18 वर्ष पूरा करने वाले नये मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने को निर्देश दिया है। वह बुधवार को समाहरणालय के सभागार में जिले के सभी पांचों विधानसभा के बीएलओ पर्यवेक्षकों के साथ मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को लेकर समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत दो चरणों में पुनरीक्षण कार्य होगा। पहला चरण 25 जून से 24 जुलाई तक प्री रिवीजन एक्टिविटीज, जबकि दूसरा चरण 25 जुलाई से 20 अगस्त तक रिवीजन एक्टिविटीज के लिए निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 25 जुलाई को एकीकृत मतदाता सूची का प्रारूप का प्रकाशन होगा जबकि 20 अगस्त से निर्वाचक सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।



### पुराने वोटर कार्ड को बदलने का निर्देश

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान सभी बीएलओ को रंगीन मतदाता सूची दी गयी है। उस सूची से मिलान करते हुए पुराने लेमिनेटेड कार्ड को बदलने का कार्य किया जाना है। इस दौरान इस बात का भी ध्यान रखा जाना है कि नए सूची में यदि किसी का फोटो साफ नहीं दिख रहा तो वैसे कार्ड को भी बदलना है। इसके अलावे आगामी १० दिन एएसडी लिस्ट पर विशेष रूप से कार्य करने के निर्देश।

### बीएलो से मिल कर मतदाता सूची का त्रुटि सुधरवाएं: डीईओ



डीईओ ने सभी मतदाताओं से भी अपील की कि जिन मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में नहीं है अथवा किसी प्रकार का सुधार कराना है, वह अविलंब ऑनलाइन माध्यम से अथवा अपने बीएलओ से मिलकर अपना आवेदन दें। ऐसा कर वह आगामी विधानसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। इसके तहत सभी बीएलओ पर्यवेक्षकों को विभिन्न प्रपत्रों की जानकारी भी दी गयी। मौके पर सभी विधानसभा के एआरओ, उप निर्वाचन पदाधिकारी, सभी एईआरओ समेत विभिन्न बीएलओ पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

## गारू रेंज में टैंकर से पानी उपलब्ध कराया जा रहा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** टैंकर से गारु पूर्वी में पानी की व्यवस्था की गई है। यह पानी पक्के के बनाए तश्तरी में डाला गया है। मॉनसून के समय पर नहीं आने से यह पानी की किल्लत हो गई है। यह पानी चिड़िया से लेकर तेंदुआ, लोमड़ी के लिए है। गारू पूर्वी में एक भी बायसन नहीं है। हिरण की संख्या भी काफी कम है। यहां हाथी की संख्या अधिक है। हाथी को सबसे ज्यादा पानी की जरूरत है। टैंकर से पानी पिलाने का काम प्रतिदिन किया जा रहा है।



गारू पूर्वी के रेंजर उमेश कुमार दुबे ने बताया कि गर्मी के मौसम में जंगली जानवरों को पानी की सबसे बड़ी समस्या है। वन विभाग जनावरों के लिए पीने की पानी की व्यवस्था लगातार करने का प्रयास कर रहा है।

### जनता दरबार का आयोजन

## उपायुक्त ने सुनी आम लोगों की समस्याएं

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार लगाकर आमजनों की समस्याएं सुनी। जिले के विभिन्न प्रखंडों, गांवों से आये फरियादियों ने उपायुक्त के समक्ष उपस्थित होकर अपनी समस्याएं रखी। साथ ही अपनी-अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन उपायुक्त को सौंपा। उपायुक्त ने आवेदकों से उनकी पूरी बातें सुनी व आवेदनों को संबंधित विभागों में स्थानांतरित कर संबंधित पदाधिकारियों को समस्याओं को प्राथमिकता तय कर15 दिनों के अंदर निष्पादन करने व उससे संबंधित प्रतिवेदन जनशिकायत कोषांग में समर्पित करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में नीलांबर पितांबरपुर की आशा देवी ने उपायुक्त के सामने जमीन संबंधित मामलों को लेकर अपना आवेदन पेश कन न्यायोचित कार्रवाई की मांग की। नावाबाजर से के प्रयाग पांडेय नेआवेदन के माध्यम से अपनी जमीन का जिला स्तरीय अमीन से भूमि मापी करने के संबंध में उपायुक्त से अनुरोध किया। नौडीहा पंचायत से की रिमझीम कुमारी ने उपायुक्त को अपने आवेदन के जरिये आंगनबाड़ी केंद्रों में सहायिका के पद पर बहाली में अनियमितता को लेकर शिकायत की। पाटन के प्रमोद पासवान ने अपने ग्राम बड़की पाल्हे में चापाकल लगाने संबंधित शिकायत उपायुक्त से की। जनता दरबार में इसके अलावा विद्युत समस्या, अंचल अमीन द्वारा भूमि सीमांकन, मूलभूत सुविधा, पानी की सुविधा मुहैया कराने समेत अन्य आवेदन आये। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को अग्रसारित करते हुए जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया।



## विद्यार्थियों को नामांकन में किया मदद

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अखिल झारखण्ड छात्र संघ ने विश्वविद्यालय प्रभारी हिमांशु रंजन के नेतृत्व में बुधवार से जनता शिवरात्रि महाविद्यालय में नए छात्रों के नामांकन में मदद के लिए हेल्प डेस्क शुरू किया गया है। हेल्प डेस्क का मुख्या उद्देश्य स्नातक में नामांकन ले रहे नए छात्र-छात्राओं को मदद पहुंचना है। मौके पर हिमांशु रंजन ने कहा कि इंटर की पढ़ाई पूरी करने के बाद महाविद्यालय में सभी कार्य पहले से बिलकुल बदल जाता है। नए छात्र-छात्राओं को इसे समझने में मुश्किल होती है। इस वजह से जो कार्य एक दिन में हो जाना चाहिए वह जानकारी नहीं होने के कारन छात्र-छात्राएं हफ्तों तक दौड़ते रहते हैं। सुबह 10:30 बजे से 2:30 बजे तक हेल्प डेस्क लगा कर 114 छात्र-छात्राओं को मदद किया गया। आजसू हमेशा छात्र छात्राओं के लिए आगे खड़ा रहता है। जिससे उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। उनका कार्य आसानी हो सके। इसी क्रम में हेल्प डेस्क शुरू किया गया है। हेल्प डेस्क नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के अंगीभूत सभी महाविद्यालयों में लगाने का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर अभिषेक राज, हिमांशु, करण कुमार, नवीन कुमार आदि छात्र मौजूद थे।



## कथा आत्मा व मन का खुराक होता है: स्वामी जी

**नवीन मेल संवाददाता**

**पंड़वा।** सिंगरा स्थित चातुर्मास व्रत में लक्ष्मी प्रपन जीयर स्वामी जी महाराज ने कहा कि जिस तरह वाहन को सुचारू रूप से चलाने के लिए समय समय पर तेल और सर्विसिंग की जरूरत होती है। ठीक उसी प्रकार शरीर में मौजूद आत्मा, मन, बुद्धि, विवेक का सुचारू रूप से संचालन के लिए कथा सुनना जरूरी है। कथा, पूजा पाठ ही आत्मा, मन का खुराक है। जीवन में साधन व संसाधन का सही उपयोग के लिए कथा जरूरी है। कथा सुनने से चित शांत मन संतुष्ट व आनंद को प्राप्त होता है। कथा सुनने और सुनने का जिक्र पुराणों में भी मिलता है। शंकर जी ने भी पार्वती को अमरकथा सुनाने का प्रयास किया, लेकिन पार्वती पूरी कथा नही सुन पाई। कथा विपत्ती से बाहर निकलने का रास्ता बताता है। कथा सुनने से मनुष्य में सज्जनता आता है। सज्जन पुरुष विपत्ति में भी नही घबराते। भगवान शंकर का जीवन कथा विषम परिस्थितियों से भरा है, बावजूद कभी घबराए नहीं। स्वयं के अंदर सज्जनता आएगी तो सहज और सरल बन जायेंगे।

## न्यूज बॉक्स

### युवाओं को शहर बदलने की ज़िम्मेवारी लेनी होगी: आशीष भारद्वाज

**मेदिनीनगर।** पानी यात्रा के 14 वें दिन हस्ताक्षर सह जनजागरण अभियान के तहत आशीष भारद्वाज के नेतृत्व में युवाओं की टीम ने मिशन स्कूल के छात्राओं, शिक्षकों, शिक्षिकाओं के बीच जल संरक्षण व वृहद् वृक्षारोपण को लेकर जनजागरण अभियान चलाया। उसके बाद गुरुकुल आबादगंज के दीनदयाल, सिद्धार्थ, शेखर के कोचिंग संस्थान में पढ़ रहे सैकड़ो बच्चों के बीच जल संरक्षण, वृक्षारोपण को लेकर चर्चा की। आशीष भारद्वाज ने कहा कि शहर भगवान भरोसे है। यहां की समस्याओं, परेशानियों से किसी को कोई मतलब नहीं है। पेयजल जैसे बुनियादी चीज के लिए लड़ना पड़ रहा है, ये दुर्भाग्य हैं। जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों ने कभी नहीं सोचा की शहर के लोग बिना पानी के बिना लोग कैसे रहेंगे चारों तरफ से नदी से घिरा होने के बाद भी पेयजल को तरस रहे है। युवाओं के बीच जाकर जलसंरक्षण व वृक्षारोपण को लेकर जागरूक कर रहे हैं। हर व्यक्ति को अपने घर में पनसोखा या सोखता की व्यवस्था करनी होगी, जिससे भूमिगत जलस्तर बना रहे। साथ ही दो पौधा अपने जन्म दिवस के दिन ही सही पर लगाना चाहिए और बचाना चाहिए। सरकार अपनी जिम्मेवारियों को लेकर उदासीन है। ऐसी स्थिति में युवाओं को ही आगे आकर कुछ करना होगा। जलस्तर को बनाये रखने के लिए शहर के सभी तालाब,आहर, पोखरा को बचाने की आवश्यकता है। वर्तमान परिपेक्ष्य में जलसंकट झेल रहे शहरवासियों को आने वाले समय में इस बड़ी विपदा से बचाने के लिए अभी से कार्य करना होगा। मौके पर निरंजन मेहता, रविकान्त शर्मा, राकेश तिवारी लड्डू, आकाश विश्वकर्मा, राहुल गुप्ता, गोलू सहित कई उपस्थित थे।

### एमएमसीएच की छह लिफ्ट खराब, हो रही परेशानी

**मेदिनीनगर।** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल के प्रशासनिक भवन के सभी छह लिफ्ट बेकार हो गए हैं। पांच लिफ्ट तो पहले से ही खराब था। एक लिफ्ट से कुछ काम चल रहा था वह भी खराब हो जाने से प्रशासनिक भवन में काम करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों की परेशानी बढ़ गई है। बता दे कि मेडिकल कॉलेज के प्रशासनिक भवन के चौथा तल्ले पर ही सामुदायिक औषधि विभाग है। फैकल्टी व छात्र-छात्राओं को चौथा तल्ला पर सीढ़ि से आने-जाने में परेशानी होती है। कॉलेज के प्राचार्य डा. कर्मेंद्र प्रसाद ने भी कॉलेज की छह लिफ्ट खराब होने के संबंध में बताया कि रख रखाव व खराब होने पर मरम्मति के लिए लिफ्ट लगाने वाली कंपनी 32 लाख रुपया प्रतिवर्ष की मांग करते हैं, जो कॉलेज देने में संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार को राशि के लिए पत्र भेजा गया है, ताकि लिफ्ट का संचालन किया जा सके।

### शहर की यातायात व्यवस्था फेल

**मेदिनीनीनगर।** शहर की यातायात व्यवस्था हाल के दिनों में पूरी तरह चौपट हो गई है। शहर का शायद ही ऐसा कोई इलाका है, जहां जाम नहीं लगता है। शहर वासियों को हर दिन बाजार में जाम से सामना करना पड़ रहा है। शहर में यातायात पुलिस नदारद रहने के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि विभिन्न चौक चौराहा पर रात के 9:00 बजे से सुबह 9:00 बजे तक नो एंट्री समाप्त होने के बाद ट्रैफिक पुलिस भी हट जाती है। इस कारण रात को ट्रैफिक व्यवस्था देखने वाला कोई नहीं होता है। जबकि नो एंट्री खत्म होने के बाद चौराहे पर ट्रैफिक की व्यवस्था और भी अधिक चौकन्ना होकर देखने की जरूरत है। परंतु इसके उल्ट कोई व्यवस्था ही नहीं होता है। रात 9:00 बजे से सुबह 9:00 बजे तक ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त नहीं किए जाने पर कचहरी चौक, छःमुहान चौक, रेड़मा चौक, सदीक चौक पर घटनाओं का रोकना संभव नहीं है। ऐसी जगह पर प्रशासन को गंभीरता से ट्रैफिक देखना होगा। विदित हो कि सड़क सुरक्षा की प्रशासनिक बैठक प्रत्येक महीने होती है। परंतु सड़क दुर्घटनाओं को रोकने की कारगर व्यवस्था नहीं बन पा रही है। यही वजह है कि कचहरी चौक पर आए दिन कई लोग मौत के शिकार हुए हैं। सड़क दुर्घटना में कचहरी चौक पर व्यवसायी मिथिलेश तिवारी की मौत की वजह ट्रैफिक व्यवस्था नहीं होना ही है। शहर के कई ट्रैफिक सिंगल खराब पड़े हैं। पार्किंग की व्यवस्था ठीक नहीं है। जाम की समस्या जटिलता के साथ उभर रही है। जाम के कारण लोग त्राहि त्राहि कर रहे हैं। सदिक चौक से शाहपुर कोयल नदी पुल पर जाम हमेशा बना रहता है। मोहन सिनेमा रोड, बस स्टैंड, छह मुहान, कचहरी वाली सड़क हो। आए दिन लोगों को ट्रैफिक व्यवस्था से दो-चार होना पड़ता है। सुबह में स्कूली बच्चे जहां स्कूल के लिए निकलते हैं, वहीं भारी वाहन नो एंट्री समाप्त होने के बाद शहर में घुस जाते हैं। जिससे स्कूली बच्चों के साथ-साथ कचहरी परिसर में आने जाने वाले लोगों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। साथ ही दुर्घटना का शिकार होना पड़ता हैं। बाजार क्षेत्रों में वाहन के जहां-तहां पार्किंग करने से भी ट्रैफिक की समस्या आम हो गई है। लोग बाजार क्षेत्र में भी बाइक सड़क पर लगा देते हैं। जिससे बाजार में गुजरना लोगों को मुश्किल हो जाता है। ट्रैफिक की लचर व्यवस्था से पुलिस प्रशासन भी निजात दिलाने में अब तक विफल साबित हुई है। शहर की यातायात व्यवस्था हाल के दिनों में पूरी तरह चौपट हो गई है।

### प्रतियोगिता

### नशा विरोधी अभियान के तहत निबंधन, नाटक, भाषण, पेंटिग प्रतियोगिता का आयोजन

## पेंटिंग में रिया व भाषण में अंजली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** योध सिंह नामधारी महिला महाविद्यालय में 19 से 26 जुलाई तक राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत मादक पदार्थों के विरूद्ध जागरूकता अभियान चलाया गया। जागरूकता अभियान के तहत निबंध प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, पेंटिंग, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम इतिहास विभाग की रिया कुमारी, द्वितीय अंग्रेजी विभाग की अंजली कुमारी, तृतीय अंग्रेजी विभाग की रूही प्रवीण, भाषण प्रतियोगिता में प्रथम अंग्रेजी विभाग की अंजली कुमारी, द्वितीय इतिहास विभाग की ईशा दुबे, तृतीय राजनीतिक विज्ञान विभाग की मनीषा कुमारी रही। नुक्कड़ नाटक में शाइस्ता प्रवीण व ग्रुप ने नाटक प्रस्तुत किया। महाविद्यालय में जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। निर्णायक की भूमिका में डा. ललित भगत, डा. जेनिफर गुड़िया, डा. मिनी टुडू, प्रोफेसर शालिनी मुर्मू मौजूद रही। कार्यक्रम का समापन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मोहिनी गुप्ता द्वारा किया गया। मौके पर डॉ शोभा रानी, प्रोफेसर सीमा कुमारी व अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### नशे को छोड़, रिश्ते को जोड़ने की जरूरत : प्राचार्य



जनता शिवरात्रि कॉलेज में बुधवार को विश्व नशामुक्ति दिवस के मौके पर जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके तहत जिला सूचना व जनसंपर्क विभाग द्वारा नुक्कड़ नाटक मंचन किया गया । मासूम आर्ट ग्रुप के कलाकारों ने सैकत चटर्जी लिखित नुक्कड़ नाटक नशा प्रस्तुत किया। नाटक के माध्यम से शराब, गुटखा आदी नशा से दूर रहने का संदेश दिया गया। साथ ही मुख्यमंत्री फूलो झानो आशीर्वाद योजना के बारे में बताया गया। प्राचार्य डा. एसके पांडेय ने कहा कि नशा को छोड़कर ही रिश्तों को जोड़ा जा सकता है। सभी लोग नशामुक्ति अभियान को घर-घर पहुंचा कर भारत को नशामुक्त बनाने में योगदान दे। कार्यक्रम में प्रो. जयप्रकाश राम, डा. प्रमोद कुमार,प्रो बर्नार्ड टोप्पो, डॉ शांति हास्सा, डॉ स्विटी बाला मासुम आर्ट ग्रुप के मुनमुन चक्रवर्ती,अमर कुमार भांजा, अविनाश तिवारी,आसिफ खान, राज प्रतीक पाल समेत सैकड़ों छात्र-छात्राएं शामिल मौजूद थे। अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डा. एसके पांडेय ने किया ने की। संचालन कमलेश कुमार पांडेय ने किया।

### प्रतिभा चयन प्रतियोगिता का आयोजन

**मेदिनीनगर।** जिला खेल पदाधिकारी द्वारा पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड रांची के निर्देश दूसरे दिन बुधवार को पुलिस स्टेडियम में प्रतिभा चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों का चयन खेल विभाग के अंतर्गत स्वीकृत नए क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र एवं सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लिए किया गया। जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा ने बताया कि इस प्रतिभा चयन प्रतियोगिता में सैकड़ो प्रतिभागियों ने भाग लिया। अच्छे प्रदर्शन के बदौलत खिलाड़ियों का चयन एथलेटिक्स, हॉकी व फुटबॉल प्रतिस्पर्धा के लिए किया गया। जल्द ही चयनित खिलाड़ियों की सूची जारी कर दी जाएगी। एथलेटिक्स व हॉकी में चयनित खिलाड़ियों को लातेहार व फुटबॉल में चयनित खिलाड़ियों को गढ़वा आवासीय प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित **'दैनिक राष्ट्रीय मेल'** को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊजोवान रिपोर्टर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर, की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक **'राष्ट्रीय नवीन मेल'** ,502 बी,मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)

## एक नजर

### वज्रपात से एक युवक की मौत

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के टंडवा जनकपुरी मोहल्ला निवासी भगवान महतो का पुत्र 25 वर्षीय पुत्र अरुण महतो की मौत वज्रपात की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि दानरो नदी में अपना मवैसी को चरा रहा था। उसी दौरान हल्की वारिश के बाद नदी में ही ब्रजपात हो गई। उक्त घटना में अरुण गंभीर रूप से घायल हो गया। आसानी लोगों की मदद से अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

### बारिश से किसानों के चेहरे पर लौटी खुशी

**डंडाई।** प्रखंड क्षेत्रों में बुधवार देर शाम झमाझम आद्रा नक्षत्र की पहली बारिश हुई। बारिश से जहां किसानों ने राहत की सांस लिया है वही उमस भारी गर्मी में दिन व रात गुजर रहे ग्रामीणों को भी सुकून मिल गया है। घंटो देर तक हुई बारिश के बीच चली ठंडी ठंडी हवाओं के ग्रामीण मुरीद हो गए। अपने-अपने घर से बाहर निकल वे सभी सड़कों पर बह रही बारिश की पानी को निहारते देखे गए। ग्रामीणों का कहना है कि आद्रा नक्षत्र के बारिश की पानी का हम सभी को बेशब्री से इंतजार था। उन्होंने कहा कि आद्रा नक्षत्र का आज पांचवा दिन गुजर गया। शेष 10 दिन का समय हम लोगों के लिए काफी महत्वपूर्ण है। किसानों ने कहा कि बुधवार के दिन हुई घंटो बारिश से खेत में हल लगने को लेकर हमसभी पूरी तरह आश्वस्त हो गए।

### आम सभा कर किया गया सेविका का चयन

**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या 9 राजकीय मध्य विद्यालय चेचरिया स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के लिये सेविका का चयन मंगलवार को चयन समिति द्वारा आम सभा कर किया गया। योग्यता के आधार पर चयन समिति द्वारा गुलफसा खातून का चयन किया गया। सेविका पद के लिए पांच उम्मीदवारों ने अपना दावा पेश किया था जिसमें गीता देवी,गुलफसा खातून, शालू कुमारी,ममता देवी तथा नाजो बानो शामिल थी। चयन प्रक्रिया में वरीयता क्रम के अनुसार गुलफसा खातून को स्नातक व डीएलएड कुल 25 अंक प्राप्त हुये, सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर गुलफसा खातून का चयन सेविका पद पर किया गया।

### बिजली की चपेट में आने से युवती घायल

**गढ़वा।** रामकंडा थाना क्षेत्र के बेलवा दामर उतीश कुमार मांझी की पुत्री पुष्पा कुमारी बिजली के करंट के चपेट में आने से घायल हो गई। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में उसके परिजनों ने बताया कि पुष्पा कुमारी अपनी मां के साथ नानी के गांव रंका थाना क्षेत्र के हाड़ी घाट गांव आई हुई थी उसी दौरान घर के पास कुआं पर स्नान करने के लिए गई थी। कुआं में लगी हुई मोटर को चालू करने गई तो बिजली के करंट के चपेट में आ गई।

## पलामु प्रमंडल और गुमला में बेचते थे ब्राउन शुगर पुलिस ने की कार्रवाई

# ब्राउन शुगर के साथ तीन गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

पुलिस ने 24 लाख रुपए की ब्राउन शुगर के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों मे पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के नेनुवा गांव निवासी रामलाल चंद्रवंशी का पुत्र अविनाश कुमार चंद्रवंशी, गढ़वा थाना क्षेत्र के सोनपुरवा रेलवे स्टेशन निवासी स्वर्गीय कृपालु चौहान का पुत्र शत्रुघन कुमार चौहान उर्फ छोटू कुमार एवं पिंटू कुमार चौहान के नाम शामिल हैं।



उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे ने बुधवार को गढ़वा थाने में प्रेस वार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिला था कि एक भूरा रंग का मारुति स्विफ्ट कार जिसका नंबर जेएच 01सी एक्स 9759 से अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा सासाराम मोहनिया से ब्राउन शुगर खरीद कर गढ़वा में बिक्री किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी दल के द्वारा कार्रवाई करते हुए भरठीया महूपी रोड पहुंचकर चेकिंग लगाया गया। उन्होंने बताया कि चेकिंग के दौरान कार पर सवार लोगों ने पुलिस को देखकर कार को लेकर भागने का प्रयास किया। उसी दौरान छापेमारी दल द्वारा उक्त कार को पकड़ा गया इसमें तीन लोग सवार थे। उक्त तीनों को बारी- बारी से तालाशी लेने पर अविनाश कुमार चंद्रवंशी के पास से दो मोबाइल एक ब्राउन शुगर जिसका भजन 21.550 ग्राम, शत्रुघन कुमार चौहान के पास से दो मोबाइल 79.430 ग्राम ब्राउन शुगर तथा पिंटू कुमार चौहान के पास से दो मोबाइल 20.460 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि उक्त तीनों कारोबारी गढ़वा जिला के अलावे पलामू, गुमला, लातेहार जिला में ब्राउन शुगर की बिक्री करते थे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पिंटू चौहान व शत्रुधन चौहान का अपराधिक इतिहास रहा है इससे पूर्व भी इसी मामले में जेल जा चुका है। उन्होंने बताया कि छापेमारी दल में एसडीपीओ नीरज कुमार, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बृज कुमार, पुअनि सुभाष कुमार पासवान, शशि कुमार शर्मा, सअनि अभिमन्यु कुमार सिंह, आरक्षी अभय कुमार सिंह शहीद पुलिस के जवान शामिल थे।

## बीपीओ और जेई का बदला दिनचर्या कार्यालय वेश्म में लटके रह रहे ताले

**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई**

बीपीओ और कनीय अभियंता का दिनचर्या इन दिनों पूरी तरह बदल गया है। न तो बीपीओ देवेंद्र विश्वकर्मा का प्रखंड कार्यालय में आगमन हो रहा है और न ही कनीय अभियंता कुमार विशाल का। वही प्रखंड कार्यालय में आवंटित उक्त दोनों का कमरा बिल्कुल रूप से एक शोभा बनकर रह गया है।




संबंधित पदाधिकारी के पास विभिन्न कार्यों को लेकर प्रत्येक दिन आ रहे ग्रामीणों को बिना काम कराए ही अपने-अपने घर बैरंग लौटना पड़ जा रहा है। इतना ही नहीं उनके कमरों में ताला लटका देख वे सभी उनके प्रति काफी नाराजगी भी व्यक्त कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि प्रखंड कार्यालय को स्थापित हुए कई वर्षों का समय बीत गया लेकिन अभी तक हम सभी उक्त दोनों पदाधिकारीयों के जैसा एक भी पदाधिकारी को नही देखे। उन्होंने कहा कि उक्त दोनों पदाधिकारीयों की क्रियाकलाप के खिलाफ आयोजित पंचायत समिति की बैठक में भी कई बीडीसी सदस्यों के द्वारा प्रमुखता के साथ उनकी अनुपस्थिति को लेकर सवाल उठाने का काम किया गया था। साथ ही उन्हें निकम्मी पदाधिकारी की संज्ञा देते हुए प्रखंड से दोनों की तबादला तक के लिए भी उनके द्वारा मांग कर दी गई थी। लेकिन उसका भी कोई असर उक्त दोनों पर नहीं पड़ा ।नतीजन पूर्व की तरह वे सभी कार्यालय से अनुपस्थित रहते चले गए। ग्रामीणों ने कहा कि प्रखंड के पदाधिकारी के द्वारा भी उक्त दोनों के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण उनका और मनोबल बढ़ गया है । काश दोनों पदाधिकारी के खिलाफ करवाई होती तो जहां उनमें सुधार होने की चांस जगाती वहींउनके अलावा प्रखंड के अन्य पदाधिकारी व कर्मियों की उपस्थिति पर भी उसका प्रभाव जरूर पड़ता। ग्रामीणों ने कहा कि हम सभी जब भी दोनों पदाधिकारी के कमरा के पास आए हैं हमेशा तला ही लटका दिखाई दिया है। बुधवार के दिन भी दोनों के कमरा में ताला लटका हुआ दिखाई दिया।

## भूमि विवाद को लेकर मारपीट में महिला सहित तेरह लोग घायल



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

मेराल थाना क्षेत्र के परसही गांव में भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में महिला सहित तेरह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में एक पक्ष के महेश राम, कलपतिया देवी, अशोक कुमार राम, उमेश राम, सुनीता देवी, संध्या देवी, मनोज कुमार एवं दूसरे पक्ष के प्रेमचंद राम, सुजनती देवी, शशि कुमार राम, सोनू कुमार राम के नाम शामिल है सभी को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में एक पक्ष के सुनीता देवी ने आरोप लगाया है कि दूसरे पक्ष के प्रेमचंद राम अपने हिस्से के भूमि में मकान बना लिया है। बुधवार को सोनू राम उदेशीराम विजय राम किरण देवी चंद्रिका राम पारो देवी शशि कुमार बी एस कुमार आदि ने मिलकर मारपीट करने लगा। वहीं दूसरे पक्ष के प्रेमचंद राम ने आरोप लगाया है कि नापी के बाद 10 फीट जमीन उसका निकल रहा था। उसमें महेश राम के द्वारा घर का निर्माण कार्य किया जा रहा था। इस बात को लेकर प्रेमचंद राम उसे कुछ दिन रुक कर फिर से नापी कर कर काम लगाने के लिए समझाने बुझाने के लिए गया था। इसी दौरान प्रथम पक्ष के महेश राम मनोज राम सोमरू राम अशोक राम संतन कुमार राम पिंटू कुमार राम उमेश कुमार राम संतोष राम चंपा देवी सुनील नाम आदि ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया। घटना के बाद सभी घायलों को मेराल स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

## एंटी क्राइम के तहत चिनियां पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। चिनीयां**

वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर प्रभारी थाना प्रभारी राधेश्याम राम के द्वारा बुधवार को थाना चौक के पास एंटी क्राइम वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें फोर व्हीलर टू व्हीलर थ्री व्हीलर सहित सभी तरह की गाड़ियों का चेकिंग किया गया। जिसमें डिकी वगैरह की जांच की गई। मौके पर एस आई अनिल कुमार सिंह ने सभी बाइक चलाने वालों को हिदायत देते हुए कहा कि बिना हेलमेट के बाइक नहीं चलावे नहीं तो कार्रवाई की जाएगी, सभी लोग सेफ्टी के लिए बाइक चलाते समय हेलमेट जरूर पहनें जांच के दौरान ड्राइविंग लाइसेंस गाड़ियों की कागजात वगैरह की जांच की गई। जांच के दौरान सभी बाइक चालकों मै हड़कंप देखा गया मोटरसाइकिल चालक अपना रास्ता बदलकर दूसरे रास्ते से भागते देखे गये। पूछे जाने पर प्रभारी थाना प्रभारी राधेश्याम राम ने बताया की और यह पदाधिकारी के निर्देश पर एंटी क्राइम के तहत अच्छी नियत थाना चौक पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें सभी तरह की गाड़ियों की जांच की गई है। और इस तरीके का वाहन जांच अभियान आगे भी चलता रहेगा ताकि क्षेत्र में क्राइम की संभावना कम रहे, व क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे। मौके पर असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर सुखराम उरांव एस आई अनिल कुमार सिंह सहित पुलिस के जवान शामिल थे।

## छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरण में संवेदक ने की भारी लापरवाही

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत कल्याण विभाग से मिलने वाली आठवीं कक्षा के छात्र छात्राओं को साईकिल वितरण में संवेदक के द्वारा भारी लापरवाही बरती जा रही है। बुधवार को प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेलपहाड़ी के 53 छात्रों के बीच साइकिल वितरण किया गया।



जिसमे कई साइकिल में घंटी, लाईट, केरीएयर नहीं लगा था। साथ ही किसी भी साइकिल के टायर में हवा नही होने के कारण छात्र साइकिल को पैदल एक किलोमीटर दूर जा कर दुकान में पैसा खर्च कर टाइट फिटिंग कराना पड़ रहा है। इसी बीच साइकिल वितरण के पहले दिन ही छात्र से 50-50 रु वसूली की भी शिकायत मिली। जहां गांव के हीउमत रसूल अंसारी के द्वारा पैसा वसूला जा रहा था। जिसकी सूचना सिंघी ताली निवासी छोटन चौबे को सूचना मिलने पर प्रखंड कार्यालय पहुंचकर हंगामा करने पर लिए गए कुछ छात्रों को पैसा वापस कराया गया। हालांकि विद्यालय के शिक्षक अशोक कुमार से पूछे जाने पर पैसा वसूली की शिकायत के बारे में अंभिगता जाहिर किया गया। बताते चले की पूरे झारखंड में पंजाब की कंपनी हीरो ईको टैक्स को साइकिल देने का ठेका दिया गया है। जिसके द्वारा जल्दीबाजी में साइकिल कसने के चक्र में कर्मी लापरवाही बरत रहे है। भवनाथपुर प्रखंड में 1200 सौ छात्र के बीच साइकिल वितरण होने है जिसमे मात्र अभी 800 साइकिल का ही कसाई किया गया है। कल्याण विभाग के प्रखंड प्रभारी राजगीर राम ने बताया की साइकिल वितरण में पूर्ण रूप से पारदर्शिता का ध्यान रखा जा रहा है कोई त्रुटि नही हो रही है।

## समस्या

## खेतों में उड़ रहे हैं धूल, तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के पार

# प्रखंड में मानसून नहीं आने से किसान चिंतित

**नवीन मेल संवाददासता। खरौंधी (गढ़वा)**

प्रखंड के किसान बेसब्री से मानसून आने का इंतजार कर रहे हैं। कर्ज के बोझ तले दबे किसान अच्छी बरसात होने के लिए आस लगाए बैठे हैं। प्रखंड क्षेत्र में खेती के लिए महत्वपूर्ण माने गए आषाढ़ एवं आद्रा नक्षत्र में बारिश नहीं होने से किसान चिंतित हैं और आसमान की ओर टकटकी लगाए हैं।



उनके चेहरे पर मायूसी छाने लगी है। खरौंधी प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण इलाकों में आद्रा नक्षत्र आधा गुजर जाने के बाद भी वर्षा नहीं हुई। सड़कों और खेतों में धूल उड़ रहे हैं। प्रखंड में तापमान 44 डिग्री के आसपास रह रहा है। जिससे लोग घरों से सुबह 9 बजे के बाद नही निकल रहे हैं।

सड़को एवं बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ है। पूर्व में आद्रा नक्षत्र में धान के बिचड़ा के साथ-साथ भदई फसल मक्का, अरहर आदि की बुआई शुरू हो जाती थी जो अब तक नहीं हो सकी है।जून माह अंतिम चरण में है लेकिन प्रखंड में मानसून दस्तक नही दी है। किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं।अगले कई बर्षो से खरौंधी प्रखंड अकाल की चपेट में था। किसान पिछले कई साल वाला भयानक मंजर को भूले नहीं है, आपस मे यही चर्चा कर रहे हैं की प्रखंड की हालत कही पिछले कई साल वाला हो गया तो कैसे होगा। खरौंधी प्रखंड के किसान बरसात के पानी पर ही निर्भर है। यहां किसी प्रकार के नाहर या नदी नही है जो प्रखंड के किसान आसानी से खेती कर सकें। कोई भी सरकार हो किसानों के दर्द को नही समझा। किसानों के हित मे कोई कदम नहीं उठाया गया। प्रखंड में डोमनी, पंडा सहित सभी नदी तालाब सूखे पड़े हैं। खेती के उद्देश्य से प्रखंड में कई लिफ्ट एरिगेशन पूर्व में बना भी लेकिन सब बेकार पड़ा है इससे किसानों को कोई लाभ नही हुआ।

### विद्यालयों में पठन-पाठन एक शिक्षक के भरोसे, परेशानी

**केतार।** केतार बीआरसी के अंतर्गत पांच सरकारी विद्यालय ऐसे हैं, जो मात्र एक शिक्षक के भरोसे संचालित हो रहा है। इनमें नव प्राथमिक विद्यालय मोटंगवा में 40 छात्र, नव प्राथमिक विद्यालय पालनगर में 110 छात्र, नव प्राथमिक विद्यालय कामदरवा में 105 छात्र, नव प्राथमिक विद्यालय सोनवर्षा में 75 छात्र और नव प्राथमिक विद्यालय कोसडिहरा में 30 छात्र नामांकित है। इन सभी विद्यालयों में बच्चों का भविष्य मात्र एक शिक्षक के भरोसे है। यहां कक्षा एक से लेकर कक्षा पांचवीं तक संचालित होती है। ऐसे में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तो दुर की बात है हर दिन क्लास में बच्चों को विषयवार पढ़ाई तक नहीं हो पाती है।

## न्यूज बॉक्स

### करुई गांव में मां कामाख्या मंदिर की वर्षगांठ पर निकाली शोभायात्रा



**मझिआंव। गढ़वा।** प्रखंड क्षेत्र के टड़हे पंचायत अंतर्गत करुइ गांव में स्थित मां कामाख्या देवी का पहली वर्षगांठ 26 जून दिन बुधवार को पुरे गाजे -बाजे के साथ काफी धूमधाम से मनाई गई। जो सुबह मंदिर स्थल से मां की पालिका यात्रा सह नगर भ्रमण यात्रा सुबह 8 बजे निकाली गई। जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने भाग लिया,जो मां की पालिका यात्रा जो मंदिर स्थल से चलकर मूद्रीका सिंह उच्च विद्यालय,तथा मेंन रोड,तथा करुइ पुरे गांव टोला में भ्रमण करने के बाद पुनः मंदिर परिसर में समापन किया गया। नगर भ्रमण के दौरान मां कामाख्या देवी की जय, वीर बजरंगबली की जय, गणेश जी की जय, कार्तिक जी की जयकारों के साथ थ पुरा ईलाका भक्ति मय हो गया। इसके बाद मंदिर में पूजन एवं अनुष्ठान आचार्य आशीष बैद्य, अतुल शास्त्री एवं कामाख्या मंदिर के पुजारी छवी नाथ दुबे के द्वारा किया गया।

### पंचायत समिति सदस्य चन्दन कुमार ठाकुर का आमरण अनशन दस घंटे बाद हुआ समाप्त



**भवनाथपुर।** अबुआ आवास में भ्रटाचार, मनरेगा, पेंशन सहित आठ सूत्री मंगो को लेकर मंगलवार सुबह दस बजे से जारी पंचायत समिति सदस्य सह पंचायत समिति सदस्य संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष चन्दन कुमार ठाकुर का आमरण अनशन प्रखण्ड विकाश पदाधिकारी नन्द जी राम से वार्ता एवं लिखित आश्वासन के बाद दस घंटे बाद रात्रि आठ बजे समाप्त हुआ। आमरण अनशन में बैठे पंसस चन्दन कुमार ठाकुर से वार्ता करने में प्रखण्ड विकाश पदाधिकारी को आधा घंटा समय लगा। वार्ता के बाद प्रखण्ड विकाश पदाधिकारी ने पंसस चन्दन को जूस पिलाकर आमरण समाप्त करया।सुबह से रात्रि तक स्वास्थ विभाग की टीम समय समय पर पंसस चन्दन के स्वस्थ की जांच करती रही। इस संबंध में पंसस चन्दन कुमार ठाकुर ने बताया कि प्रखण्ड विकाश पदाधिकारी ने अधिकतर मांगों को मानते हुए लिखित आश्वासन दिए हैं। जिस के बाद अनशन समाप्त करने का निर्णय लिया गया। मौके पर उप मुखिया दयानंद यादव, घनश्याम सुकला, मनोज पहाड़िया, दयानंद प्रजापति, मनोज बैठा, रमेश चंद्रवंशी, सीता राम पासवान, सुजीत सिंह, रामाधार राम, बिनोद ठाकुर, सोनू ठाकुर, वयश खान, सहित सैकड़ों लोग मौजूद थें।

### थाना प्रभारी के नेतृत्व में लोगों ने एकजुट होकर नशा मुक्ति का संकल्प लिया



**खरौंधी।** थाना क्षेत्र के चंदनी पंचायत के चिरैयाटांड़, सुंडी, पिपरा, माझिगावां, सिसरी, अरंगी, कूपा, खरौंधी बाजार में थाना प्रभारी अनिमेष शान्तिकारी के नेतृत्व में बुधवार को नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। इस दौरान गांव की महिलाएं, पुरुष तथा बच्चों ने एकजुट होकर नशा मुक्ति का संकल्प लिया। अभियान के दौरान थाना प्रभारी तथा जनप्रतिनिधियों ने नशा मुक्ति अभियान के प्रति लोगों को जागरूक किया। नशा मुक्ति अभियान में शामिल लोगों ने घर-घर जाकर शराब बनाने तथा शराब का सेवन नहीं करने की अपील की। उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद ने ग्रामीणों से कहा कि प्रखंड में प्रशासन द्वारा नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम पिछले कई दिनों से चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम को सफल करने के लिए आप सभी पुलिस-प्रशासन का भरपूर सहयोग करें। नशा सेवन से समाज में कई कुरीतियां फैलती हैं। थाना प्रभारी अनिमेष शान्तिकारी ने कहा कि शराब से सबसे ज्यादा परेशानी घरों में मां बहनों को होती है। नशा मुक्ति अभियान में लोगों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। साथ ही लोग नशा का सेवन करने से परहेज भी कर रहे हैं।

### मजदूरी करने जा रहे मजदूर जोड़िबाटरा रेलवे स्टेशन से लापता



**रमना।** इस क्षेत्र के लिए पालायन केवल समस्या ही नही है, एक भयंकर अभिशाप भी बन गया है गत दिन पहले ही बहियार खुर्द पंचायत के सीरियटोंगर के मजदूरी करने जा रहे चार मजदूरों का टेम्पू-हाइवा के टक्कर में मौत हो गयी और आये दिन दूसरे राज्यों में कमाने गये गरीब मजदूरों का शव आते रहता है। लेकिन इस क्षेत्र के जनता और जनप्रतिनिधि दोनों ही पता नही किस वेवसी का शिकार है की पालायन के रोकथाम के लिए कोई अवाज ही नही उठाते और जनता द्वारा चुने गये जनप्रतिनिधि पलायन की समस्या को लेकर अपनी अवाज कभी बुलंद ही नही किये, जिससे मजदूरों का पलायन और शव का आना बंद हो। पालायन को विवश सिलीदाग पंचायत के 43 वर्षीय गरीब मजदूर शम्भू राम पिता स्वर्गीय पच्चू दुसाध मजदूरी करने के लिए जा ही रहे थे की सिकंदराबाद के जोड़िबाटारा रेलवे स्टेशन से 4 अप्रैल 24 को गायब हो गये, जिसका अभी तक कोई अता-पता नही चला है, गुमसुदगी का सुचना सिकंदराबाद के सम्बंधित थाना में दे दिया गया है।

### अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर जब्त




**केतार।** केतार पुलिस ने सोनवर्षा गांव से अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। पुलिस को आते देख चालक भागने में सफल रहा। थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी ने बताया की सोनवर्षा गांव के सोन नदी से अवैध तरीके से बालू का उठाव कर ढुलाई किये जाने की सुचना मिली थी। पुलिस ने उक्त ट्रैक्टर को जब्त कर थाना ले लाई है। उक्त ट्रैक्टर पर कार्रवाई के लिए खनन विभाग को पत्रचार किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया की अवैध कारोबार के विरुद्ध कार्रवाई जारी रहेगा।उल्लेखनीय है की एनजीटी द्वारा 15 अक्टूबर तक नदियों से बालू उठाव पर रोक लगाई गई है। दो दिन पुर्व भी दो ट्रैक्टर जब्त किया गया था इसके बाद भी बालू कारोबारी अवैध कारोबार करने से बाज नहीं आ रहे हैं।

### वन विभाग की लापरवाही से काटे जा रहे हरे पेड़, लोगों में असंतोष

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर सिघिंताली मुख्य पथ के बगल में मुस्कयनी पहाड़ पर एक दशक पूर्व वन विभाग से लगाए गए पेड़ को वन विभाग के कर्मी के लापरवाही से हजारों हरे पेड़ को काट लिया गया है। बावजूद वन विभाग मूक दर्शक बना रहा। ग्रामीणों के शिकायत पर कुछ लोगों के विरुद्ध वन अधिनियम का करवाई की गई है। फिर भी लगातार हरे पेड़ों की कटाई रोकने में वन विभाग असक्षम साबित नही हो रहा है। ग्रामीण प्रमोद दुबे, राकेस कुमार, रमेस राम, राजू कुमार, धर्मेंद्र कुमार, अख्तर अंसारी, इबरान अंसारी ने बताया की अहले सुबह, दो पहर या जब अंधी तूफान आता है तो लोग उक्त पहाड़ी में लगे खैर, शीशम, सीधा की लकड़ी काट कर जलावन या अन्य निजी कार्य के लिए रोज हरे पेड़ को काट रहे है।

## एक नजर

### नहर टूटने से खेतों तक नहीं पहुंच रहा बारिश पानी

**महुआडांड़।** मंगलवार की रात हुई बारिश में जोरी नहर बांध का नहर टुट गया। जिसके कारण सारा पानी नदी में चला जा रहा है।और खेतों में नहर से पानी नहीं पहुंच पा रहा है। लोगों का कहना है कि नहर टुट जाने से खेतों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है जिसके कारण धान का बिचडा करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।अगर नहर को नहीं बांधा गया तो खेती हो पाना संभव नहीं है।अगर समय रहते मरम्मती का कार्य हो जाता है तो किसानों को काफी राहत मिलेगी।

### पुलिस को लावारिस अवस्था में मिला युवक का शव

**बालूमाथ।** बालूमाथ पुलिस को लावारिस अवस्था में एक शव मिलने से प्रखंड में सनसनी है इस संदर्भ में बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय से पूछे जाने पर उन्होंने बतलाया कि थाना क्षेत्र के मिशन स्कूल के पास बुधवार को लावारिस अवस्था में वीरान जगह के एक भवन पर यह शव मिला है। आसपास ग्रामीणों से जानकारी मिली कि यह युवक विक्षिप्त था। और शारीरिक स्थिति सही नहीं थी। हालांकि पुलिस ने संदेह जताते हुए शव को अन्तः परीक्षण के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज अग्रतर कार्यवाही में जुट गई है बता दें कि अब तक मृत युवक की पहचान नहीं हो पाई है।

### बाइक से ससुराल जाने के क्रम में युवक घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ में इन दिनों सड़क दुर्घटना थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला बालूमाथ थाना क्षेत्र के पकरी गांव का है जहां सुनील कुमार (उम्र 25 वर्ष) पिता जयराम उरांव तेतरियाखाड़ ग्राम निवासी मोटरसाइकिल वाहन से अपने ससुराल बरखेता ग्राम के छीपादोहर जा रहा था कि इसी दौरान बालूमाथ थाना क्षेत्र के पकड़ी गांव में बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे सुनील घायल हो गया जिसे ग्रामीण की सहायता से 108 एंबुलेंस द्वारा बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर ध्रुव कुमार व एमपीडब्ल्यू गुलाम कुरैशी के द्वारा प्राथमिक उपचार के पश्चात मरीज का स्थिति गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने रिम्स रेफर कर दिया।

### सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**महुआडांड़।** प्रखंड स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन संत जोसेफ प्लस टू मैदान में बुधवार किया गया। महिला और पुरुष वर्ग के कुल 18 टीमों ने भाग लिया है, फुटबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ बीडीओ अमरेन डांग ने किक मारकर किया। प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी कामेश्वर सिंह ने कहा कि प्रखंड स्तर से विजेता टीम जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेगी उन्होंने प्रखंडों में आयोजित सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में आगे आने की बात कही।

### अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ अब तक 21 वाहन जब्त, 16 पर प्राथमिकी

# उपायुक्त ने अवैध खनन रोकने के लिये एक्शन लेने का दिया निर्देश





**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

जिले में अवैध खनन के रोक थाम को लेकर बुधवार को उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाअंतर्गत कोयला व बालू के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण आदि की गहन समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने अवैध कोयला, अवैध पत्थर, अवैध बालू उठाव के रोकथाम के लिए पूर्व के बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए प्रभारी जिला खनन पदाधिकारी को स्पष्ट निर्देशित किया कि जिले में अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन नहीं हो इसे सुनिश्चित करें। बैठक में जिला खनन पदाधिकारी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि माह अप्रैल से 24 जून तक खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण के मामलों में 21 वाहनों को जब्त कर 16 प्राथमिकी दर्ज गई है। तथा 152.35 लाख रुपए जुमार्ना राशि की वसूली की गई। वही उपायुक्त ने अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध की गई करवाई की प्रखंड वार विस्तृत समीक्षा करते हुए अंचल अधिकारी, बालूमाथ, बरियातू, महुआडाड़ को दर्ज प्राथमिकी की संख्या में सबसे कम करवाई करने के लिए शोकॉज करने का निर्देश दिया।साथ ही जिला अंतर्गत अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन रोकने को लेकर अंचल अधिकारी, थाना प्रभारियों को संयुक्त रूप से औचक छापेमारी करने एवं इसमें संलग्न व्यक्तियों पर कारवाई करने का निर्देश दिया एवं अनियमितता पाए जाने पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई करने की बात कही गई।उपायुक्त ने सीसीएल सहित सभी एजेंसियों के प्रतिनिधियों को उनके क्षेत्र में कहीं पर भी अवैध खनन ना होने देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके लिए उपायुक्त ने पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से संवेदनशील क्षेत्रों, एंट्री-एग्जिट प्वाइंट की मॉनिटरिंग करने के अलावे अन्य कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए।

### जिला सहकारी विकास समिति की बैठक में उपायुक्त ने कहा-

# पदाधिकारी समन्वय स्थापित कर करें काम





**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला सहकारी विकास समिति के अध्यक्षता में जिला सहकारी विकास समिति (डीसीडीसी) की बैठक हुई। जिसमें सर्वप्रथम जिला सहकारिता पदाधिकारी लोकनाथ महतो के द्वारा जानकारी दी गई कि नेशनल कॉपरेटिव डाटा बेस सहकारिता मंत्रालय भारत सरकार के पोर्टल पर अब तक चतरा जिले के कुल 296 समितियों का डाटा अपलोड किया जा चुका है।

डाटा अद्यतन करने का कार्य जारी है। चतरा जिले के वैसे पैक्स में जहां कार्यालय सह गोदाम नहीं है के क्षेत्राधिकार अंतर्गत पंचायत भवन, सामुदायिक भवन अथवा अन्य सरकारी भवन में कमरे की उपलब्धता की स्थिति में एक कमरा पैक्स को आंवटित करने का निर्देश दिया। चतरा जिले में वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य योजना अंतर्गत चतरा जिले को 100 एमटी गोदाम की 25 इकाई एवं 500 एमटी गोदाम की 5 इकाई निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध कराने हेतु अपर समाहर्ता को निर्देश दिया गया। इसके अलावे बताया गया कि जिले में कम्पयूटरीकरण हेतु 78 पैक्सों का चयन किया गया है, जिसमें 25 पैक्सों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया गया है।

इस संदर्भ में उपायुक्त द्वारा जिला सहकारिता पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि उन सभी पैक्सों का खाद एवं बीज लाईसेंस निर्गत करने हेतु ऑनलाइन आवेदन कराना सुनिश्चित करेंगे। मत्स्यजीवी सहयोग समिति गठित करने के संबंध में उपायुक्त द्वारा निर्देश दिया गया की वैसे पंचायत, ग्राम, जलाशय जहां मत्स्यजीवी सहयोग समिति लिमिटेड गठित नहीं है एवं मत्स्य पालन की संभावना है वैसे क्षेत्रों में मत्स्यजीवी सहयोग समितियां गठित करने हेतु जिला मत्स्य पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर समितियों के गठन का कार्य करेंगे। पंचायतों एवं ग्रामों में दुग्ध उत्पादक सहायोग समिति का गठन करने के संबंध में उपायुक्त द्वारा जिला सहकारिता पदाधिकारी/ जिला पशुपालन पदाधिकारी/ जिला गव्य विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया गया।

### शिविर लगाकर बिरहोरों को दिया गया सरकारी लाभ

**मयूरहंड(चतरा)।** मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र के करमा बिरोहर टोला में बुधवार को शिविर आयोजित कर बिरहोर परिवार को सरकारी लाभ पहुंचाया गया। शिविर का उद्घाटन बीडीओ मनीष कुमार व मुखिया रामनाथ यादव ने संयुक्त रुप से किया। शिविर में समाजिक सुरक्षा, मनरेगा, कृषि, जेएसएलपीएस, बैंक राजस्व, स्वास्थ्य व शिक्षा विभाग आदि का स्टॉल लगाया गया था। शिविर के माध्यम से पेंशन से वंचित तीन परिवारों को वृद्धा पेंशन एवं दर्जनो परिवारों को श्रम कार्ड, जॉब कार्ड बनाकर लाभ दिया गया। इसके अलावे बैंक में खाता खुलवाने के साथ कृषि विभाग द्वार बीज का वितरण किया गया। साथ हीं मुख्यमंत्री सृजन योजना के तहत रोजगार उपल्बध करवाने को लेकर लाभुकों का चयन किया गया और स्वास्थय विभाग द्वारा कुपोषण से बचाव को लेकर स्वास्थ्य जांच किया गया।

### ग्रामीणों ने मनरेगा कूप निर्माण में खानापूर्ति का लगाया आरोप

**चतरा।** लावालौंग प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में मनरेगा कार्य में घोर अनियमितता एवं लूट मची हुई है। इसका प्रमाण है लावालौंग पंचायत स्थित सोहावन गांव में कूप निर्माण में बरती गई घोर अनियमितता। ज्ञात हो कि लावालौंग मुखिया नेमन भारती लंबे-लंबे दावे करते हैं। वहीं मनरेगा के कार्यों में अनियमितता बरतने का आरोप आए दिन मुखिया के ऊपर लगते रहा है।

# अमरवाडीह व टोटी में हरा राशन कार्ड निर्गत व आधार सीडिंग को लेकर लगा शिविर



**नवीन मेल सेवाददाता। बारियातू**

प्रखंड अंतर्गत अमरवाडीह और टोटी पंचायत भवन मे झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत सुयोग्य लाभुकों का ग्रीन(हरा ) राशन कार्ड निर्गत करने और आधार कार्ड सीडिंग करने को लेकर पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया. शिविर के माध्यम से छुटे हुए सुयोग्य लाभुकों को हरा राशन कार्ड निर्गत के लिए आवेदन जमा व आधार सीडिंग किया गया. अमरवाडीह पंचायत मे लगे शिविर में 07 लोगो का राशनकार्ड मे नाम जोडने के लिए आवेदन प्राप्त हुआ. वहीं टोटी मे 18 आवेदन प्राप्त हुए. 26 एड मेंबर किया गया है। टोटी 12 एड मेंबर के लिए आवेदन प्राप्त हुआ है. इस अवसर पर बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम, प्रखंड आपुर्ती पदाधिकारी चंदन कुमार, बीससुत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझू ने शिविर का जायजा लिया। मौके पर स्थानीय मुखिया ,वार्ड सदस्य, समाज सेवी, सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। इस संबंध में जानकारी देते हुए बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम ने कहा की 28 जुन को शिबला एवं गोनिया एव अंत में 01 जुलाई को डाढा ,फुलसु और बालुभांग पंचायत मे शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# बिजली व पानी की लचर व्यवस्था को लेकर प्रदर्शन



**नवीन मेल सेवाददाता। महुआडांड़**

महुआडांड़ प्रखंड में कुछ दिन पूर्व बिजली विभाग एवं पेयजल विभाग की लचर व्यवस्था से परेशान आक्रोशित ग्रामीण 40 घंटे तक प्रखंड बंद एवं धरना प्रदर्शन किया गया था। जिसके बाद बिजली विभाग एवं पेयजल विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों को लिखित आश्वासन देते हुए जल्द सुधार करने की बात कही थी, 13 दिन बाद मंगलवार को पेयजल एवं बिजली विभाग के द्वारा कितना कार्य किया गया है, इसकी समीक्षात्मक बैठक जिला परिषद सभागार महुआडांड़ में सयुंक्त रूप से लातेहार एसडीएम कौशल कुमार एवं एसडीएम रतन कुमार सिंह महुआडांड़ के द्वारा गई। इस दौरान पेयजल विभाग के एई दीपक कुमार व बिजली विभाग एसडीओ दुर्गा शंकर सिंह बैठक में उपस्थित रहे। समस्या सुधार में किए गए कार्यों की समीक्षा की गई रिपोर्ट बनाकर जमा करने का निर्देश दिया। व्यवस्था को दुरुस्त करने में इतना समय क्यों लग रहा है पूछने पर बिजली विभाग की ओर से पदाधिकारी ने बताया कि मरमती कार्य में लगने वाले उपकरण तार, इंसुलेटर, ट्रांसफार्मर इत्यादि सभी चिजे बरवाडीह से आदेश कराने के बाद लाना होता है जिसमें समय लग जाता है।

### नशा मुक्ति को लेकर निकाली गई रैली

**चंदवा।** नशा मुक्त राज्यव्यापी जागरूकता अभियान के तहत बुधवार को शहर में जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें कौशल विकास संस्था के संचालक समेत दर्जनों की संख्या में बच्चियों व महिलाओ ने भाग लिया। रैली इंदिरा गांधी चौक से निकलकर गैरेज लेन, चिकनियाटांड़ होकर सुभाष चौक पहुंची। रैली में नशा मुक्ति को लेकर हाथों में हस्तलिखित तख्ती लेकर नशे की आदत छोड़ो, सुखी जीवन से नाता जोड़ो जैसे कई नारे लगाये गये।

**सावधानी** — हादसे में दो बच्चियों के दर्दनाक मौत ने विद्यार्थियों पर डाला है गहरा असर

# छात्र-छात्राओं को शिक्षक कराते हैं सड़क पार



**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा (चतरा)**

करीब डेढ़ माह पूर्व टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत टंडवा-सिमरिया मुख्य सड़क किनारे स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय सेरनदाग के दो नौनिहाल छात्राओं को स्कूल के सामने हीं हुई वीभत्स सड़क हादसे में दर्दनाक मौत का मंजर विद्यार्थियों के मन मस्तिष्क में भय व असुरक्षा ने गहरा प्रभाव डाला है। ज्ञात हो कि अज्ञात कोल वाहन के चकमा से अनियंत्रित होकर स्कार्पियो ने दो छात्राओं को बुरी तरह से कुचंल दिया था। उक्त हादसे के बाद मौके पर पहुंचे बीडीओ देवलाल उरांव, सीओ विजय दास, थाना प्रभारी अनिल उरांव व कई जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों की लिखित मांगों पर अपनी सहमति जताते हुवे सुबह के 7 बजे से शाम 7 बजे तक स्थाई नो इंट्री लगाने तथा घटनास्थल में तत्काल स्लाइड बेरिकेड उपलब्ध कराने की घोषणा की गई थी, जो पूरी तरह से खोखली दिखाई दे रही है। दुर्भाग्यवश, सेरनदाग विद्यालय समेत टंडवा-सिमरिया सड़क किनारे संचालित बिंगलात, किसुनपुर, खद्धैया, तेलियाडीह, मिश्रौल, धनगडा.समेत कई स्कूलों व कोचिंग सेंटरों में अध्ययनरत विद्यार्थी व अभिभावकों को जानमाल की भारी चिंता सताये रहती है, वे अनहोनी को लेकर सदैव भयाक्रांत रहते हैं। वहीं घटना के बाद से सेरनदाग विद्यालय के सामने वाहनों को रोककर बच्चों को पार कराते हैं शिक्षक। इस संबंध में प्रिंसिपल विकास पाण्डेय बताते हैं कि 15 मई 2024 की वीभत्स घटना सभी स्कूली बच्चों के मन मस्तिष्क में भी गहरा प्रभाव डाला है। बच्चों के मन में बैठे भय को निकालने का लगातार प्रयास कर रहे हैं।

# 18 वर्ष से ऊपर के सभी लोगों का होगा बीसीजी टीकाकरण

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड कार्यालय के सभागार में राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग के तत्वधान में बुधवार को वयस्क बीसीजी टीकाकरण को लेकर बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रमुख अनीता यादव ने किया। बैठक में बीसीजी टीकाकरण 18 वर्ष से ऊपर वाले सभी लोगों को करने की बात कही गई। जिसका सर्वे का कार्य घर-घर किया जा रहा है। सर्वे होने के पश्चात टीकाकरण प्रारंभ किया जाएगा। बैठक में बताया गया कि 18 वर्ष से कम आयु वर्ग के अलावे सहमति नहीं प्रदान करने वाले लोगों को भी टीका नहीं लगाया जाएगा।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

### अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण-सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस प्रमंडल अन्तर्गत TV Set, Computer एवं Printer का क्रय किया जाना है।

अतः इच्छुक आपूर्तिकर्ता TV Set, Computer एवं Printer का न्यूनतम दर मूहरबंद लिफाफे में दिनांक 08.07.2024 के अपराह्न 3:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित कर सकते हैं जो उसी दिन अपराह्न 5:00 बजे दरदाता या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोला जायेगा।

TV Set, Computer एवं Printer की सूची एवं शर्त्तें कार्यालय के सूचनापट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 327715 Rural Work Department(24-25)D

## ई० प्रोक्योरमेन्ट सेल
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार

### ई- प्रोक्योरमेन्ट नोटिस (द्वितीय आमंत्रण) अल्पकालीन

ई-टेन्डर रेफरेन्स नं0-02/2024-25/EE/BCD/LATEHAR दिनांक- 26.06.2024

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि |
|---|---|---|
| 1 | Construction of Multipurpose Shopping Complex at Mangra, Block-Barwadih, Latehar | 1,38,38,600.00 |

1. कार्य पूर्ण की अवधि :- 09 (Nine) Months
2. वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :- 02/07/2024 को 11:00 बजे
3. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय :- 09/07/2024 को 11:00 बजे
4. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पत्ता :- कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार।
5. निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान :- 10.07.2024 को 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्योरमेन्ट सेल, मुख्य अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, राँची।
6. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :-9431501121
7. ई-प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :-8434414939
8. परिमाण विपत्र की राशि घट-बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. सूचना प्रौधोगिकी एवं ई-गवर्नेस विभाग, झारखण्ड सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत् अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।

- अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

**Note :-** UCAN Registration in mandatory for the Bidders.
प्रथम आमंत्रण PR 317752 (Building) 23-24*D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार

PR 327809 Building(24-25)#D

## कार्यालयः- जिला कृषि पदाधिकारी, लातेहार
संयुक्त जिला कृषि भवन, प्रथम तल, कीनामाड़, लातेहार-829206
Email :- latehardao@rediffmail.com

### किसान भाईयों के लिए आवश्यक सूचना

लातेहार जिला के किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2024 में PM-KUSUM (कृषक उर्जा उत्थान महाअभियान) Component-B (Phase-III) योजनान्तर्गत सिंचाई कार्य हेतु सोलर पम्पसेट का वितरण अनुदानित दर पर किसानों के बीच किया जाना है। उपरोक्त योजना अंतर्गत 2HP, 3HP, एवं 5HP क्षमता वाला सोलर पम्प जो AC & DC आधारित होगा की आपूर्त्ति एवं अधिष्ठापन ज्रेडा, राँची के कार्यालय द्वारा किया जाएगा।

वैसे लधु एवं सीमांत किसान जिनके खेतो में Grid Connectivity उपलब्ध नहीं है, वह योजना के ऑनलाईन वेब पोर्टल http://pmkusum.jharkhand.gov.in पर संबंधित दस्तावेजों के साथ 2HP, 3HP, एवं 5HP क्षमता (AC & DC) क्षमता के सोलर पम्पसेट के लिए ऑनलाईन आवेदन कर सकते है, जिसमें से पम्प क्षमता तथा AC पम्प एवं DC पम्प का चयन लाभुक/किसान के द्वारा स्वयं से किया जाएगा।

उपरोक्त सोलर पम्प के क्षमता के अनुसार निम्नवत् राशि का ड्राफ्ट/Online भुगतान जो Director, JREDA, Payable at Ranchi के नाम से भुगतेय होगा, जिसकी विवरणी निम्नवत् हैः-

| क्र० सं० | क्षमता | राशि |
|---|---|---|
| 01 | 2 HP | 5000/- रू0 |
| 02 | 3 HP | 7000/- रू0 |
| 03 | 5 HP | 10000/- रू0 |

नोटः- उपरोक्त राशि का Online भुगतान/ड्राफ्ट लाभुक (कृषक) ऑनलाईन आवेदन करते समय नहीं बनवायेंगें। जब जिला एवं प्रखण्ड स्तर पर पदस्थापित पदाधिकारियों द्वारा भौतिक सत्यापन की जायेगी। भौतिक सत्यापन के उपरांत स्वीकृत आवेदनों के लिए लाभुक (कृषक) के द्वारा सोलर पम्प के क्षमता अनुसार निर्धारित राशि का ड्राफ्ट/Online भुगतान करना है।

**सोलर पम्प की चयन प्रक्रिया हेतु अर्हत्ता/पात्रताः-**

1. वैसे कृषक या उनके परिवार के सदस्यों के नाम पर जिन्हें उक्त योजना का लाभ पूर्व में मिल चुका हो उन्हें इस योजना का लाभ दुबारा नहीं दिया जाएगा।
2. वैसे कृषक जिनका स्वयं का सिंचाई कूप या 4"/6"/8"/10" व्यास की डीप बोरिंग उपलब्ध हो, जिसमें जल-जमाव वर्षभर रहे।
3. वैसे कृषक जिनके पास स्वयं का कृषि योग्य कम से कम 2.5 एकड़ की सिंचित भूमि हो।
4. वैसे लधु एवं सीमांत किसानों को सोलर आधारित पम्पसेट का लाभ दिया जाएगा जो पहले ग्रीड आधारित/डीजल चलित पम्पसेट का प्रयोग कर पाने में सक्षम नहीं थे एवं वैसे स्थान पर सोलर पम्प लगाया जायेगा जहाँ बिजली की व्यवस्था पूर्व से न हो।
5. एक कृषक को केवल एक सोलर पम्पसेट हेतु ही आवेदन-पत्र स्वीकृत किया जायेगा।
6. कृषकों के चयन में लधु एवं सीमांत किसानों जो आर्थिक दृष्टिकोण से कमजोर है एवं जो Micro & Drip Irrigation से जुडे हुए किसानों है एवं महिला किसानों को प्राथमिकता दी जायेगी।

**सोलर पम्पसेट की आपूर्त्ति एवं अधिष्ठापन हेतु निम्नवत् स्व-अभिप्रमाणित दस्तावेजो को आवेदन पत्र के साथ Online Portal पर upload करना आव[illegible]यक होगाः-**

1. संबंधित कृषक का कृषि योग्य भूमि का कागजात की छायाप्रति।
2. संबंधित कृषक के जमीन का लगान/रसीद की छायाप्रति।
3. संबंधित कृषक का राशन कार्ड/वोटर आई० डी०/आधार कार्ड की छायाप्रति।
4. संबंधित कृषक का फोटो (डीप बोरिंग/सिंचाई कूप के साथ)।
5. संबंधित कृषक का हस्ताक्षर/अंगूठे का निशान।
6. सत्यापित आवेदन के उपरांत आवेदक द्वारा विहित प्रपत्र में द्योषणा पत्र नोटरी के माध्यम से बनवाकर जिला कार्यालय में आवेदन क्रमांक के साथ जमा करना होगा।

**अन्य शर्त्तेः-**

- वैसे आवेदन Data/Analysis के दौरान गलत पाये जाते है तो उसे रद्द कर दी जायेगी।
- यदि एक बार उर्जा यंत्र लगा दिए जायेंगें तो उन्हें एक जगह से दूसरी जगह हस्तांतरित नहीं किया जायेगा और न ही सरकार द्वारा इसकी कोई जिम्मेवारी ली जायेगी।
- JREDA द्वारा जारी बेब पोर्टल पर किसानों द्वारा भरे गये Online आवेदनों को जिला एवं प्रखण्ड स्तर पर पदस्थापित पदाधिकारियों द्वारा भौतिक सत्यापन की जायेगी।
- एक कृषक को केवल एक सोलर पम्पसेट हेतु आवेदन-पत्र स्वीकृत किया जायेगा।
- समूह के प्रत्येक व्यक्ति किसानों द्वारा संलग्न किये जाने वाले दस्तावेजो-समूह के सभी किसानों का जमीन का अद्यतन लगान रसीद, समूह के सभी किसानों का एक स्वयं सत्यापित हाल की फोटो।
- चयन समिति के द्वारा कृषकों से प्राप्त ऑनलाईन आवेदनों (वांछित अनुलग्नकों के साथ) की जाँच की जायेगी तथा भौतिक सत्यापन के आधार पर चयन समिति द्वारा आवेदनों को स्वीकृत कर ज्रेडा कार्यालय को अग्रसारित कर दी जायेगी।

**सोलर पम्पसेट की आपूर्त्ति एवं अधिष्ठापन हेतु ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 20.07.2024 समय अपराह्न 05:00 बजे तक है एवं उक्त तिथि के बाद किये गये ऑनलाईन आवेदन पर किसी तरह का विचार नहीं किया जाऐगा तथा उक्त आवेदन को रद्द कर दिया जाएगा।**

नोटः- 01. ऑनलाईन आवेदन करने से ही मात्र सोलर पम्प की पूर्णता स्वीकृति का दावा अनुमान्य नहीं होगा।
02. सोलर पम्पसेट का अधिष्ठापन हेतु सुरक्षा की दृष्टि से संबंधित कृषक के पास सुरक्षित स्थान/योग्य भूमि हो। सरकार द्वारा इसकी जिम्मेवारी नहीं ली जायेगी। इस यंत्र की संपूर्ण सुरक्षा की जिम्मेवारी संबंधित कृषक की होगी।
03. उपरोक्त सोलर पम्पसेट के आपूर्त्ति एवं अधिष्ठापन हेतु लाभुक/कृषक किसी भी अनजान फोन कॉल या अन्य कोई ऑनलाईन पोर्टल पर की जाने वाली धोखाधड़ी से हमेशा सावधान रहें अन्यथा उक्त द्वारा किये गये धोखाधड़ी पर संपूर्ण जिम्मेवारी संबंधित लाभुक/कृषक की होगी।

जिला कृषि पदाधिकारी,
लातेहार।

PR 327728 (Agriculture) 24-25 (D)

# 'रन फॉर ड्रग फ्री झारखंड' के थीम पर जिला स्तरीय मैराथन का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जिले में मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता सप्ताह के आज अंतिम दिवस के अवसर पर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश के आलोक में बुधवार को जागरूकता अभियान के निमित सावित्री बाई फुले पुस्तकालय से चैनपुर मोड़ तक पूर्वाह्न 6 बजे से 'रन फॉर ड्रग फ्री झारखंड' थीम पर आधारित जिला स्तरीय मैराथन रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला समाज कल्याण विभाग एवं जिला खेल विभाग के संयुक्त तत्वाधान में जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो, अपर समाहर्ता शशिंद्र कुमार बड़ाइक, एसडीओ सदर राजीव नीरज, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी, जिला खेल पदाधिकारी मनोज कुमार द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाते हुए मैरेथन दौड़ की शुरूआत की गई। मौके पर सहायक निदेशक जिला सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी सह प्रभारी जिला सूचना जन संपर्क पदाधिकारी ललन कुमार रजक, पंचायती राज पदाधिकारी तेज कुमार हेस्सा एवं जिला सामान्य शाखा पदाधिकारी मो. अनीश सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।



इस दौड़ में जिले के लगभग 200 से अधिक युवा वर्ग ने भाग लिया। इस दौड़ में युवकों ने 10 किलो मीटर की रेस लगाई वहीं बालिकाओं ने 5 किलो मीटर की रेस लगाई। इस दौरान अधिकारियों ने भी दौड़ में भाग लिया।

प्रतियोगिता में बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर सोमनाथ लकड़ा, द्वितीय स्थान पर सुदर्शन उरांव एवं तृतीय स्थान पर रामविलास पासवान रहें। वहीं बालिका वर्ग में पुस्पा कुमारी प्रथम हुई वहीं आरती कुमारी एवं मंजू कुमारी ने क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल किया। सभी विजेताओं को अधिकारियों के द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया। इस दौरान उप विकास आयुक्त ने कहा कि नशीले पदार्थों का सेवन शरीर के लिए अत्यंत हानिकारक है, इनसे बचाव से ही स्वास्थ्य समाज का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने जिले वासियों से अपील की की अपने एवं अपने परिवार के बेहतर भविष्य के लिए अपने स्वास्थ्य के प्रति ध्यान दे। नियमित दौड़ एवं एक्सरसाइज करें एवं नशीले पदार्थों के सेवन करने से खुद को बचाएं।

## मैराथन दौड़ आयोजित कर नशा मुक्ति पर किया जागरूक



**लोहरदगा।** सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय, लोहरदगा एवं खेल विभाग लोहरदगा के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को मादक पदार्थों पर रोक के लिए आमजनों जागरूक करने हेतु मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक द्वारा मैराथन में शामिल होनेवाले प्रतिभागियों को हरी झंडी दिखाकर निर्धारित रूट के लिए रवाना किया गया। यह दौड़ समाहरणालय के समीप मैदान से प्रारंभ हुआ जो बाबा साहेब भीमराम अंबेडकर चौक, एसपी आवास, रघुटोली, रेलवे स्टेशन रोड होते हुए पुनः समाहरणालय के समीप मैदान में संपन्न हुई। इस मौके पर जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार ने राज्य को नशामुक्त करने संकल्प लिया है। इसके अंतर्गत 19 जून से 26 जून तक मादक पदार्थों पर रोक के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसमें विभिन्न माध्यमों से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। मादक पदार्थों की खराद-बिक्री करना अपराध है। नशीले पदार्थों के उत्पादन, भण्डारण, बिक्री, परिवहन या उपयोग दण्डनीय है। मादक पदार्थों से जुड़ी कोई भी सूचना देने के लिए टॉल फ्री संख्या 112 पर कॉल किया जा सकता है। आप जो भी जानकारी देंगे, उसमें आपकी पहचान गुप्त रखी जाएगी। जो किशोर, युवा या कोई व्यक्ति नशे से छुटकारा पाना चाहता है वह रिनपास, रांची, सीआईपी रांची, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान देवघर या जिला अस्पताल के आईसीटीसी/एआरटीसी परामर्श केंद्र में तुरंत संपर्क कर सकते हैं। आज के कार्यक्रम में सभी पदाधिकारियों, कर्मियों और प्रतिभगियों द्वारा जीवन मे कभी नशीले पदार्थों का सेवन नहीं करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में जिला जनसम्पर्क कार्यालय के कर्मीगण, खेल विभाग की ओर से लखन राम, प्रतिभागियों में आवासीय,डे बोर्डिंग एथलेटिक्स एवं डीएमएफटी मद से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे एथलेटिक्स के खिलाड़ी,आवासीय बालक फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षक अजय सुभाष तिर्की, एथलेटिक्स की प्रशिक्षक नम्रता भगत, विनय उरांव, डीएमएफटी एथलेटिक्स पर्यटन विशेषज्ञ नवीन गुप्ता, दसई उराव,विजय कुमार महतो, विजय राम, सुरेंद्र उरांव, नीरू देवी, माखन राम, अजय रविदास, दीपक कुमार अनिल आदि उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### बम्हनी शंख नदी के समीप ट्रैक्टर पलटने से चालक की घटनास्थल पर हुई मौत

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के बम्हनी शंख नदी के समीप ट्रैक्टर दुर्घटना में ट्रेक्टर चालक छतरपुर गांव निवासी 19 वर्षीय उमेश रौतिया पिता गोपाल रौतिया की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं घटना के बाद घटनास्थल से ट्रेक्टर को हटा लिया गया था और शव को भी घटनास्थल से दूर लाकर रखा गया था। ट्रेक्टर छतरपुर निवासी रामप्रसाद रौतिया का बताया जा रहा है। घटना के संबंध में मृतक के परिजनों ने जानकारी देते हुए, बताया कि मेरा बेटा दोपहर दो बजे खाना खाकर बिना किसी को बताए ट्रेक्टर लेकर निकल गया था। जिसके बाद हमलोगों को बम्हनी गांव के लोगों से पता चला कि उसकी मौत हो गई है इधर ट्रेक्टर मालिक ने पुलिस से बचने के लिए ट्रेक्टर में लदे अवैध बालू को वहीं डंप कर ट्रेक्टर और शव दोनों को घटनास्थल से हटा दिया था। बहरहाल जो भी हो लेकिन अवैध बालू की कमाई में लोग इतने अंधे हो चुके हैं। चैनपुर प्रखंड क्षेत्र में बालू का अवैध कारोबार फल फूल रहा है। गाड़ी नाबालिग ड्राइवर को सौंप देते हैं, न ही उनके पास लाईसेंस होता है, और न ही गाड़ी चलाने का एक्सपीरियंस, अधिकांश ट्रैक्टरों में बिना नंबर प्लेट के रोड में चलते हैं। ईधर घटना की सूचना मिलते ही चैनपुर थाना प्रभारी अजय यादव एएसआई मदन शर्मा अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पंहुच कर मामले की जानकारी ली और शव को अपने कब्जे में लेकर थाने ले आई है। वहीं थाना प्रभारी ने कहा कि ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है।

### ग्रामीणों के बीच किया गया कपड़ा वितरण



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के भठौली गांव में ग्राम स्वराज अभियान लोहरदगा के तत्वावधान में ग्रामीणों के बीच कपड़ा का वितरण किया गया। मौके पर ग्राम स्वराज अभियान लोहरदगा के कोर्डिनेटर तूर मोहम्मद ने बताया की गरीबों के उत्थान के लिए। इस तरह के कार्यक्रम चलाए जाते हैं, वैसे गांव के लोग जो अपने गांवों में एकजुट होकर अपने गांवों की समस्या का निराकरण श्रमदान के माध्यम से करते हैं। जैसे सार्वजनिक तालाब, कुएं की साफ सफाई रोड मरम्मत आदि कार्यों को सभी ग्रामीण आपस में मिलकर श्रमदान करते हैं। वैसे गांवों को चिन्हित कर ग्राम स्वराज अभियान उनको काम के बदले कपड़ा देकर उनको प्रोत्साहित करती है। वितरण करने के लिए सारे कपड़े दिल्ली के गुंज संस्था के द्वारा पूरे भारत से कलेक्ट किए जाते हैं। जिसमें कुछ नए कपड़ों के साथ साथ कुछ पुराने कपड़े भी शामिल होते हैं।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित चैनपुर ज़िप सदस्य मेरी लकड़ा ने कहा कि ग्राम स्वराज अभियान लोहरदगा का यह कार्य काफी सराहनीय है। इस तरह के कार्य से गांव के लोगों में एकजुटता बनी रहती है। जिससे गांव का सर्वांगीण विकास होता है। इधर कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों के बीच बोरी में भरकर कपड़ों का एक एक सेट और 45 बैग का वितरण किया गया।मौके पर मुख्य रूप से सुमन टोप्पो, मनीष लोहरा सहित गांव की महिलाएं मौजूद थे।

### अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त कर थाना लाया गया



**सेन्हा-लोहरदगा।** अवैध बालू खनन व परिवहन के कारण सरकार द्वारा लागू एनजीटी नियम की धज्जियां उड़ रही है। जिस पर पुलिस प्रशासन द्वारा कारवाई करते हुए एक ट्रैक्टर जब्त कर अग्रतर कारवाई हेतु खनन विभाग को सूचनार्थ किया गया। सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा से अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। विदित हो कि बालू खनन रोकने को लेकर 10 जून से 15 अक्टूबर तक राज्य के सभी जिला में एनजीटी लागू है। लेकिन बालू माफिया उन नियमो को अनदेखी कर लोहरदगा जिला के सेन्हा थाना क्षेत्र स्थित कोयल नदी से अवैध बालू उठाव व परिवहन के साथ एनजीटी का धज्जियां उड़ाने में कोई कोर कसर नही छोड़ जा रहा है। अवैध बालू उठाव तथा परिवहन होने की सूचना पर थाना प्रभारी अजित कुमार एस आई अविनाश राम द्वारा दलबल के साथ छपेमारी कर बक्सीडीपा में अवैध बालू लोडेड जेएच 08 जे 5834 को परिवहन करते हुए ट्रॉली सहित पकड़ थाना लाया गया।तथा जप्त ट्रैक्टर के विरुद्ध अग्रतर कारवाई हेतु खनन विभाग को सूचनार्थ किया गया।

### आईआईटी गांधीनगर के प्रोफेसर ने दो दिवसीय कार्यशाला का किया आयोजन



**गुमला।** जिला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के मार्गदर्शन में 'सिकछा कर भेंट' कार्यक्रम के तहत विज्ञान में रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में आज जिला विज्ञान केंद्र में आईआईटी गांधीनगर के प्रोफेसर, जैसन जयमंगले द्वारा दो दिवसीय कार्यशाला की शुरूआत हुई। आज के वर्कशॉप में सरकारी विद्यालयों के कक्षा आठवीं के 50 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। प्रो. जैसन जयमंगले ने छात्रों से मुलाकात की और विज्ञान के प्रति उत्साह व जिज्ञासा जगाई। एक घंटे की इस वर्कशॉप में छात्रों ने मनोविज्ञान से जुड़े रोचक तत्वों को सीखा और आत्मबल से चुनौतीपूर्ण कार्य कैसे पूरे किए जा सकते हैं, इस पर चर्चा की। प्रोफेसर ने छात्रों को कुछ नया करने के लिए चैलेंज भी दिया और उसे पूरा करने के तरीके बताए। प्रो. जैसन जयमंगले से पहली बार मिलने के बाद छात्रों में आईआईटी के प्रति जिज्ञासा और उत्साह बढ़ा। वर्कशॉप से पूर्व प्रोफेसर ने विज्ञान केंद्र का जायजा लिया और जिला प्रशासन की पहल की सराहना की। कल गुरुवार को सुबह 9:30 बजे से भी वर्कशॉप जारी रहेगी। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में फेलो रमेश कुमार और शिक्षा विभाग के डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर दिलदार सिंह की मुख्य भूमिका रही।

### विश्व के सभी मंदिरों में हो हनुमान चालीसा का पाठ व महाआरती : बजरंग दल



**लोहरदगा।** सिद्धिदात्री दुर्गा मंदिर वीर शिवाजी चौक स्थित मंदिर में मंगल महा आरती एवं हनुमान चालीसा का पाठ बड़े ही धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिनेश पांडे व रीता पांडे के द्वारा किया गया। महा आरती में श्रद्धालुओं की आस्था देखने को मिली महा आरती में शामिल होने से घर में सुख शांति समृद्धि आती है। मंगल महा आरती कार्यक्रम में बजरंग दल जिला संयोजक सचिन कुमार साहू ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि मंगल महा आरती प्रत्येक सप्ताह जिले के लगभग सभी मंदिरों में किया जा रहा है। दिनेश पांडे ने कहा कि मंगल महा आरती का होना बहुत ही सौभाग्य की बात है और प्रत्येक सप्ताह सिद्धिदात्री दुर्गा मंदिर में मंगल महा आरती का कार्यक्रम किया जाएगा। कमल प्रसाद केसरी ने भी कहा कि बजरंग दल के द्वारा जो कार्य किया जा रहा है प्रत्येक सप्ताह मंदिरों में आरती का वह कार्य बहुत ही अच्छा है। अभी कुछ दिनों से बजरंग दल के द्वारा पेड़ पौधे लगाने का आह्वान किया गया है। इस बरसात में वह कार्य सभी को मिलकर करना है। मौके पर सभी माताए बहने राम भक्त मंगल महा आरती में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

---

### डीसी ने की आपदा प्रबंधन समिति की बैठक, कहा

# मृतक के परिजनों को मुआवजा राशि एक हफ्ता के अंदर मिले

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन समिति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना, सड़क दुर्घटना से हुए मानव क्षति, नदी में डूबने से और वज्रपात से हुए मौत समेत प्राकृतिक आपदा से फसल क्षति से संबंधित मामलों व इससे लाभुकों को मिलने वाले मुआवजा राशि के संबंध में समीक्षा करते हुए उपायुक्त द्वारा आवश्यक दिशा निदेश दिए गए। वित्तीय वर्ष 2024- 25 के तहत वज्रपात से हुए 12 मृतकों के आश्रितों के बीच मुआवजा राशि का वितरण कर दिया गया है। वहीं विभिन्न प्राकृतिक आपदा से हुए मृतकों के आश्रितों के कुल 54 आवेदनों पर स्वीकृति प्रदान की गई है। उपायुक्त ने सभी प्राकृतिक आपदा से हुए मृतकों के परिवारजनों को मिलने वाले मुआवजा राशि हेतु प्राप्त आवेदनों को 1 हफ्ते के अंदर ही स्वीकृति देने की बात कही। साथ ही आगामी बारिश के मौसम को देखते बाढ़ आदि जैसे प्राकृतिक आपदा के लिए पूर्व तैयारी कर लेने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा उपायुक्त द्वारा अन्य कई बिंदुओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिया गया। बुधवार को बैठक में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता गुमला, सिविल सर्जन गुमला, एलआरडीसी, एसडीओ सदर, एसडीओ चैनपुर, एसडीओ बसिया, प्रभारी जिला सामान्य सखा पदाधिकारी , सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।

### राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ डीसी ने की बैठक

**लोहरदगा।** उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने बुधवार को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक किया। बैठक में दिनांक 01.07.2024 को अर्हता तिथि मानते हुए द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी गई। इसमें बताया गया कि यह कार्यक्रम दो चरणों में आयोजित होंगी। पहला चरण प्री-रिवीजन होगा जो दिनांक 25 जून 2024 से प्रारंभ हो चुका है और 24.07.2024 तक जारी रहेगा। दूसरा चरण रिवीजन का होगा जो 25.07.2024 से 20.08.2024 तक चलेगा। पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत दिनांक 25.07.2024 को एकीकृत मतदाता सूची का प्रारूप का प्रकाशन एवं 20.08.2024 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कराया जाएगा। पुनरीक्षण अवधि के दौरान विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें इस वर्ष 27 जुलाई (शनिवार), 28 जुलाई (रविवार), 03 अगस्त (शनिवार) और 04 अगस्त (रविवार) को सभी मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए विशेष शिविर लगाया जाएगा जिसमें कोई भी मतदाता अपना नाम बीएलओ के पास उपलब्ध फार्म भर कर जमा कर अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं।

### निपुण समागम अंतर्गत जिला स्तरीय टीएलएम मेले का आयोजन

# बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़े रखते हैं ऐसे कार्यक्रम : डीसी

*शिक्षकों को नवाचार अपनाने में मददगार होता है*

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** नगर भवन में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निर्देश के आलोक में झारखंड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा (शिक्षा विभाग) के द्वारा निपुण समागम 2024 अंतर्गत जिला स्तरीय टीएलएम मेला का आयोजन किया गया। मेला में जिले के चयनित 100 शिक्षकों के द्वारा कक्षा केजी से कक्षा तीन तक के बच्चो के बीच भाषा एवं गणित तथा जनजातीय भाषा कुड़ुख के साथ खेल-खेल में पढ़ाई के लिए दिनाँक 19 से 22 जून, 2024 तक डाइट चिरी में आयोजित इन शिक्षकों के कार्यशाला में मॉडल शामिल किये गए थे। जिसे प्रदर्शन के लिए सभी सात प्रखंडों द्वारा स्टॉल लगा कर उन मॉडल को प्रदर्शित किया गया। जिला स्तरीय टीएलएम मेले के मुख्य अतिथि के रुप में शामिल जिले के उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण शामिल हुए। कार्यक्रम में उपविकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, अंजना दास, आइटीडीए निदेशक, नीलिमा सुषमा सोरेंग, जिला शिक्षा पदाधिकारी, नीलम आईलीन टोप्पो, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, वीरेंद्र प्रसाद सहित अन्य अतिथियों ने सभी स्टॉलों का निरीक्षण किया। स्टॉल के निरीक्षण के क्रम में शिक्षकों से उनके द्वारा तैयार टीएलएम की जानकारी भी प्राप्त की गई।



जिला स्तरीय टीएलएम मेला का विधिवत उद्घाटन उपायुक्त और उपविकास आयुक्त ने रीबन काटकर किया। तत्पश्चात दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे गतिविधियों का निरंतर आयोजन किया जाना चाहिए। इस तरह के कार्यक्रम बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़े रखता है। साथ ही साथ शिक्षकों को भी नवाचार अपनाने में मददगार होता है।

उपविकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि यह मेला का कार्यक्रम निपुण नई शिक्षा नीति और छात्र हितैसी है। इसमें निरंतरता होनी चाहिए।

जिला शिक्षा पदाधिकारी, नीलम आईलीन टोप्पो ने कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन शिक्षा में आमूल परिवर्तन ला सकता है। शिक्षक शिक्षण पद्धति में नवाचार ला कर शिक्षण प्रक्रिया को धार देकर शिक्षक अधिगम को अपना सकते हैं। प्रभाग प्रभारी एपीओ अशोक पांडेय ने टीएलएम मेला के विभिन्न गतिविधियों की जानकारी स्लाइड के माध्यम से सभी को दिए। कार्यक्रम का संचालन गणेश लाल,राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त शिक्षक के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिले के सभी प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड साधन सेवी, संकुल साधन सेवी, शिक्षक, शिक्षा कर्मी के साथ साथ जिले के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक और छात्र उपस्थित हुए। टीएलएम मेला में सभी साथ प्रखण्ड और सिनी टाटा ट्रस्ट के द्वारा टीएलएम स्टॉल लगाया गया था। जिसमें प्रथम किस्को, द्वितीय कूड़ु, तृतीय लोहरदगा आये। इस टीएलएम मेले से चयनित मॉडल को राज्य स्तरीय निपुण समागम 2024 जो 4 से 6 जुलाई 2024 तक रांची में आयोजित है, उसमें लोहरदगा जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# थाईलैंड में आयोजित अंतरराष्ट्रीय थ्रो बॉल प्रतियोगिता में भारतीय टीम ने जीता स्वर्ण

*महिला टीम में गुमला जिले की दिव्यांग खिलाड़ी अंसुता टोप्पो भी रही शामिल, उपायुक्त ने दी अंसुता को बधाई*

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** थाईलैंड की लोप बुरी में अंतर्राष्ट्रीय थ्रोबॉल फेडरेशन द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय थ्रो बॉल प्रतियोगिता में भारतीय दिव्यांग खिलाड़ी महिला एवं पुरुष टीम ने स्वर्ण पदक जीता। भारतीय टीम मे झारखंड के 09 खिलाड़ी थे जिसमें से गुमला जिले से असुंता टोप्पो भी शामिल रहीं। उक्त सीरीज में पुरुष वर्ग में भारत ने थाईलैंड को 25-20, 24-25 , 25-15 से हराया।




वहीं महिला वर्ग में 25-16, 25-18, 25-20 से जीत हसिल की। टीम की सदस्य दिव्यांग असुंता टोप्पो ने बताया कि हमे काफी मेहनत करना पड़ा है, इस प्रतियोगिता में जीत दर्ज करने के लिए। पूरे टीम ने ताल-मेल के साथ प्रतियोगिता में खेला, असुंता टोप्पो ने और बताया कि मेरे थाईलैंड जाने के लिए जिला उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी और खेल अधिकारी गुमला मनोज कुमार के सहयोग से इस प्रतियोगिता में भाग ले सके , इस सहयोग के लिए में उनकी आभारी हूं। इस उपलब्धि पर आज जिला की पारा थ्रो बॉल अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग खिलाड़ी असुंता टोप्पो के जिला वापसी पर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने उनके कार्यालय कक्ष में असुंता टोप्पो से मुलाकात की एवं उनके जीत के लिए बधाई तथा आगामी भविष्य के लिए शुभकामनाएं दिए। इस दौरान उपायुक्त ने अंसुता टोप्पो को शॉल एवं बुके देकर सम्मानित किया। मौके पर जिला खेल पदाधिकारी मनोज कुमार मौजूद रहें।

# लोहरदगा-गुमला में चलने वाले लगभग 1500 ट्रकों के पहिए थमे

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा ट्रक ऑनर एसोसिएशन के संरक्षक सह पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के आह्वान पर लोहरदगा गुमला में चलने वाले लगभग 1500 बॉक्साइट ट्रकों के पहिए थम गए। लोहरदगा गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन एवं झारखंड पठारी चंदवा बॉक्साइट ट्रक ऑनर एसोसिएशन एवं झारखंड ट्रक ऑनर एसोसिएशन विमरला के संयुक्त आंदोलन में मंगलवार से गुरदरी सेरंगदाग, जालिम, भैंस बथान, कुजाम, अमतीपानी, चिरोड़ीह, विमरला माइंसों के सभी ट्रक दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहे. संरक्षक एवं एसोसिएशन कि यह मांग है कि हिंडाल्को कंपनी अपनी मनमानी कर



रही है और हेसल लोहरदगा साईडिंग में बड़ी गाड़ियों का परिचालन शुरू कर दी है, जबकि लोहरदगा क्षेत्र में छह चक्का के लगभग 2000 ट्रक हैं, कंपनी एक साजिश के तहत इसी तरह माइंसों में भी बड़े ट्रकों का परिचालन शुरू करने की फिराक में है। इसके विरोध में माननीय संरक्षक धीरज प्रसाद साहू जी ने कहा कि यहां के लोग जो कि इस व्यवसाय से लगभग पचास हजार से एक लाख प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से लोग जुड़े हुए हैं उनका क्या होगा? जब यहां पर छह चक्का ट्रक खड़े हैं तो बड़े ट्रकों का परिचालन कंपनी क्यों करना चाहती है ,छोटे ट्रकों से ही माल की धुलाई की जाए, इसके अलावा मुख्य मांगों में कंपनी द्वारा जो एग्रीमेंट किया गया है कि महीने में 12 ट्रिप देंगे उसकी जगह 2,4, 5 ट्रिप महीने में दिया जा रहा है इसके अलावा कागजात को लेकर नाहक परेशान किया जा रहा है। वहीं बिना किसी सूचना के ट्रकों को दो दिन, पँद्रह दिन माइंस में खड़ा कर दिया जा रहा है ट्रकों के टॉर्सफर के मुद्दे पर भी कंपनी मनमानी कर रही है। इन सभी मांगों के मद्देनजर सभी ट्रक हड़ताल पर चले गए हैं। इस संदर्भ में बक्सी डीपा में कार्यालय में 25 तारीख एवं 26 तारीख को सैकड़ो ऑनर दिन भर डटे रहे।

# किस्को में सर्पदंश से विवाहिता की मौत

## मामले में सदर अस्पताल के चिकित्सकों की लापरवाही हुई उजागर

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** किस्को प्रखंड के पश्चिमी पठारी गांव के पाखर पंचायत स्थित केराझरिया गांव में सर्प दंश की चपेट में आने से क्लेमेंट भेंगरा की 28 वर्षीय पत्नी सीलमनी सुरीन की मौत हो गई। मामले में सदर अस्पताल के चिकित्सकों की लापरवाही उजागर होने के बाद ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक महिला का विवाह 2 वर्ष पूर्व हुआ था। उसकी एक आठ माह की बालिका भी है। परिजनों ने बताया कि, बुधवार सुबह वह अपने घर के निकट स्थित कुआं में सिंचाई पंप को खोलने गई थी। इस दौरान पैर में उसे जहरीला सांप ने काट लिया। सांप काटने के बाद वह तत्काल घर भागते पहुंची और परिजनों को बताया। परिजन उसे तत्काल सदर अस्पताल ले आए। सदर अस्पताल में चिकित्सकों ने उसका इलाज किया ।लगभग तीन चार घंटे के बाद सामान्य स्थिति बात कर उसे घर भेज दिया। महिला की स्थिति ठीक नहीं देख परिजन गांव पहुंचकर ओझा से सांप का विष उतारने के लिए झाड़ फूंक कराया। इसके बाद दोपहर में गांव में स्थित उसके घर में महिला की मौत हो गई। बताया गया कि, सांप काटने के मामले में चिकित्सकों की टीम द्वारा मरीज का मेडिकल निगरानी किया जाता है। सांप का जहर फैलने की स्थिति के अनुसार उसे चार-चार घंटे में एंटी स्नैक्स की दवा दी जाती है। मरीज की हालत सामान्य होने के बाद ही उसे अस्पताल से छुट्टी दिया जाता है। बावजूद, सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने ऐसा नहीं किया। महिला को सांप काटने की स्थिति में मेडिकल निगरानी में रखने की जगह चंद घंटे में उसे स्थिति सामान्य बता कर घर भेज दिया गया। पूरे मामले में चिकित्सकों की लापरवाही को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।



### मामले की जांच होगी : सीएस

इस संदर्भ में सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो ने कहा कि, सदर अस्पताल में लापरवाही हुई है तो, इसकी गुरुवार को जांच की जाएगी। सिविल सर्जन ने कहा कि, सांप काटने के किसी भी केस में मरीज को मेडिकल निगरानी में रखा जाता है। क्योंकि सांप जहरीला है या नहीं निगरानी करने से स्पष्ट होता है। सांप का जहर फैलने की स्थिति को देख चिकित्सक उसे चार-चार घंटे में एंटी स्नैक्स की दवा देते हैं।

## प्रोजेक्ट आशा के तहत एपिलेप्सी के मरीजों के बेहतर इलाज को लेकर योजनाओं पर हुई चर्चा

**गुमला।** जिले में एपिलेप्सी के मरीजों के इलाज हेतु जिला स्तर पर प्रोजेक्ट आशा (फाइट अगेंस्ट एपिलेप्सी) का संचालन किया जा रहा है। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के मार्गदर्शन एवं उनके दिशा निर्देश के आलोक में लगातार विभिन्न गतिविधयो के माध्यम से एपिलेप्सी के मरीजों के बीच जागरूकता, जांच एवं इलाज हेतु कार्य किए जा रहें है। साथ ही उपायुक्त की पहल से दिल्ली एम्स नई दिल्ली के न्यूरोलॉजी विभाग के प्राध्यापक डॉ. ममता भूषण सिंह (एम.डी., डी.एम. न्यूरोलॉजी) के सहयोग से जिले में लगातार एपिलेप्सी के मरीजों के उपचार के लिए कैंप का भी आयोजन किया गया है, एवं मरीजों का जांच भी डॉ. ममता भूषण के द्वारा किया गया है। इसी क्रम में जिले में आगामी एपिलेप्सी कैंप में सुधार एवं मरीजों के बेहतरीन उपचार और अधिक बेहतर तरीके से कैसे किया जा सकता है से संबंधित बुधवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने डॉ. ममता भूषण के साथ ऑनलाइन कुलपति के माध्यम से एक विशेष बैठक की। इस दौरान प्रोजेक्ट आशा के तहत एपिलेप्सी के मरीजों के बेहतर इलाज से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं एवं योजनाओं पर चर्चा हुई। जिसमें नियमित रूप से मरीजों की काउंसलिंग करने, मरीजों को नियमित दवा उपलब्ध कराने से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। उपायुक्त ने बताया कि सभी सीएचसी केंद्रों में एपिलेप्सी की दवाई उपलब्ध करा दी गई है, अतः जिले के सभी एपिलेप्सी के मरीज जिन्होंने पिछले महीने की दवा ली है वे इस माह की दवा अपने नजदीकी सीएचसी केंद्र से जाकर प्राप्त कर सकते हैं।

## एलाइड ब्लेंडर्स के आईपीओ को दूसरे दिन मिला 1.51 गुना अभिदान

**मुंबई/नई दिल्ली।** एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स लिमिटेड (एबीडी) के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को दूसरे दिन बुधवार को 1.51 गुना अभिदान मिला। कंपनी का आईपीओ 27 जून को बंद होगा। इसके बाद एबीडी के शेयर को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है। एनएसई के ताजा आंकड़ों के मुताबिक 1,500 करोड़ रुपये की आरंभिक शेयर बिक्री में 3,93,71,669 शेयरों के मुकाबले 5,96,04,754 शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुईं। कंपनी के मुताबिक गैर-संस्थागत निवेशकों की श्रेणी को 2.98 गुना, जबकि खुदरा व्यक्तिगत निवेशक (आरआईआई) खंड को 1.65 गुना अभिदान मिला। पात्र संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) के हिस्से को 14 फीसदी अभिदान मिला है।

## शपथ पत्र

मैं, मंजीत कुमार पासवान पिता स्व. सुरेश पासवान, ग्राम- टरिया, पोस्ट+थाना- तरहसी, वर्तमान पता- जीएलए कॉलेज गेट, नियर देवराज पब्लिक स्कूल डालटनगंज, पलामू, झारखंड का निवासी हूं। मैं शपथपूर्वक ब्यान करता हूं कि मेरा पुत्र मोहित कुमार संत जेवियर एकाडमी स्कूल के विद्यार्थी है। जिसमें पुत्र मोहित कुमार का जन्म तिथि में भूलवश 03.01.2010 तथा मेरा नाम मंजीत पासवान (Manjit Paswan) दर्ज है, जो गलत है। जबकि मेरे पुत्र का आधार कार्ड संख्या- 600986477091 में जन्म तिथि 08.01.2011 दर्ज है तथा मेरा नाम मंजीत कुमार पासवान (Manjeet Kumar Paswan) वास्तविक दर्ज है जो सही है।

**शपथ पत्र संख्या : 51/14287 दिनांक : 26/06/2024**

## समादेष्टा का कार्यालय आई0आर0बी0–04, लातेहार।

–: वाहन मरम्मति संबंधि अति–अल्पकालीननिविदा आमंत्रण सूचनाः–

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि, आई0आर0बी0–04, लातेहार के सरकारी वाहन संख्या–**JH19A3408** मिनी बस खराब है जिसे मरम्मति करना आवश्यक है।

अतः इच्छुक मेसर्स दिनांक– 12/07/2024को समय–11:00 बजे तकसील बन्द लिफाफा में अपना निविदा परिवहन शाखा आई0आर0बी0–04, न्यू पुलिस केन्द्र, लातेहार में समर्पित कर सकते है।निविदा दिनांक12/07/2024को समय–11:00 बजे निविदादाता के समक्ष परिवहन शाखा, आई0आर0बी0–04, लातेहार में खोली जायगी।अनुमोदन के पश्चात किसी प्रकार का दावा मान्य नही होंगे।

निविदा की शर्तेः–

1. निविदा झारखण्ड मूल्य वार्धित कर अधिनियम–2005 के अन्तर्गत निबंधित हो।
2. प्रतिष्ठान का GSTहोना अनिवार्य है।
3. किसी भी परिस्थिति में अग्रिम राशि भुगतान नही किया जाएगा।
4. निविदा को संशोधित करने एवं बिना कोई कारण बताए निविदा को रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।
5. निविदादातावाहन मरम्मति हेतु क्रय की जाने वाली वस्तुओं का दर सील बन्द लिफाफा में उपलब्ध करायेंगे। प्रतिश्ठान का नाम पता, मोबाईल नं0 के साथ अंकित होगा।

नोटः– इन सभी शर्तो को पूरा नही करने वाले निविदादाता का निविदा मान्य नही होगा।

समादेष्टा
आई0आर0बी0–04, लातेहार।

PR 327770 Police(24-25)D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा

पत्रांक 744./ग्रा॰वि॰वि॰प्र॰,चतरा, दिनांक–26.06.2024

### शुद्धि–पत्र

ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा द्वारा ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या No.–RDD/SD/CHATRA/01/2024-25 अंतर्गत ग्रुप संख्या–01, ग्रुप संख्या–02, ग्रुप संख्या–03 एवं ग्रुप संख्या–04 में वर्णित सभी कार्य जिसका PR 326740 Rural Development(24-25)D द्वारा निविदा में भाग लेने हेतु कंडिका क्रमांक 02 में वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 25.06.2024 के स्थान पर 28.06.2024, कंडिका क्रमांक 03 में ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 25.06.2024 (11:00AM) से दिनांक–01.07.2024 (05:00PM) के स्थान पर 28.06.2024 से दिनांक–05.07.2024 एवं कंडिका क्रमांक 05 में ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय 03.07.2024 अपराह्न 02:00 बजे के स्थान पर 08.07.2024 (02:00PM) पढ़ा जाय।

निविदा की शेष शर्ते पूर्ववत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा

PR 327757 Rural Development(24-25)#D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज।

पत्रांक............ दिनांक..................

### प्रेष विज्ञप्ति

**PR No.-326751**

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज के अधीन अल्पकालीन ई0 निविदा सूचना संख्या–01/2024–25/EE/RWD/DALTONGANJ, दिनांक 18.06.2024 के द्वारा आमंत्रित निविदा में क्रमांक 01 से 08 तक का आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या में अंकित 24–25 को 23–24 पढ़ा जाए शेष नियम एवं शर्ते यथावत रहेगा।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, डालटनगंज।

PR 327731 (Rural Development) 24-25 (D)

## कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव

Email : nagarpanchayatmanzhiaon@gmail.com

### शुद्धि पत्र

PR 327371 Urban Development (24-25)#D के द्वारा प्रकाशित अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 01/2024–25 में भाग लेने वाले सभी संवेदकों को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड सरकार के संयुक्त सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग के पत्रांक 938/रॉंची दिनांक 24.06.2024 के आलोक में दिनांक 29.06.2024 को सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग की अध्यक्षता में आहूत बैठक में भाग लेने जाने के कारण निविदा की तिथि को संशोधित किया जाता है, जो निम्न है–

1. परिमाण विपत्र बिकी की तिथि एवं समय :– दिनांक 28.06.2024 अपराह्न 4:00 बजे तक।
2. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय नगर पंचायत मझिऑव।
3. निविदा प्राप्ति का स्थान, तिथि एवं समय :– कार्यालय नगर पंचायत मझिऑव में दिनांक 01.07.2024 को अपराह्न 2:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने का स्थान, तिथि एवं समयः– कार्यालय नगर पंचायत मझिऑव में दिनांक 01.07.2024 को अपराह्न 02:30 बजे से।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत मझिऑव

PR 327716 Urban Development(24-25).D

## कार्यालय जिला परिषद, खूँटी

कार्यालय आदेश सं0 04/2024–25 दिनांक–25/06/2024

### अति अल्पकालीन बन्दोबस्ती हेतु आम सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला परिशद, खूँटी अन्तर्गत नवनिर्मित Recreation Park कर्रा की बन्दोबस्ती खुली बोली के माध्यम से किया जाना है। विवरणी निम्न प्रकार है:–

| क्र० | पार्क का नाम | प्रखण्ड का नाम | Recreation Park का क्षेत्रफल | न्यूनतम निर्धारित किराया प्रतिवर्ष | अग्रधन की राशि | आवेदन पत्र की राशि (वापसी योग्य नही) | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Recreation Park Karra | कर्रा | 29520 sq.ft | 60,000.00 (साठ हजार रू०) | 50,000.00 (पचास हजार रू०) | 500.00 (पाँच सौ रू०) | |

उपरोक्त प्रखण्ड में नवनिर्मित Recreation Park कर्रा की बन्दोबस्ती हेतु खुली बोली के माध्यम से आवेदन आमंत्रित की जाती है। विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से दिनांक– 05/07/2024 को 02:00 बजे अपराह्ण तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इच्छुक फर्म/संस्थान/गैर सरकारी संस्था/स्वयं सहायता समूह/व्यक्ति कार्यालय द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो के अधीन मुहरबंद लिफाफे में आवेदन जमा कर सकते है। प्राप्त आवेदनों को दिनांक–05/07/2024 को अपराह्ण 03:00 बजे अपराह्ण में गठित चयन समिति के समक्ष खोली जायेगी। आवेदन समर्पित करने वाले इच्छुक फर्म/संस्थान/गैर सरकारी संस्था/स्वयं सहायता समूह/व्यक्ति के प्रोपराइटर/अध्यक्ष/सचिव/प्राधिकृत बैठक में उपस्थित रह सकते है। बन्दोबस्ती में भाग लेने संबंधित नियम एवं शर्तें तथा आवेदन पत्र प्रारूप कार्यालय अवधि में सूचना पट्ट एवं विभागीय वेबसाईट http://www.khunti.nic.in में अवलोकन किया जा सकता है।

ह०/–
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, खूँटी।

PR.NO.327762 District(24-25):D

## कार्यालय- नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

### परामर्शी नियुक्ति हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति 02/2024–25

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर अंतर्गत सड़क, गार्डवाल, नाली, पटिया, शौचालय, टॉयलेट, Drainage, Sewerage, पुल निर्माण, चौक–चौराहा सौन्दर्यीकरण, पार्को का जिर्णोद्धार/ निर्माण, जलापूर्ति योजना, भवन निर्माण, पथ प्रकाश व्यवस्था तथा विभिन्न तालाबों एवं अन्य योजनाओं का डी0पी0आर0 तैयार कराने हेतु अनुभवी तथा ख्यातिप्राप्त परामर्शियों की 03 वर्ष तक नियुक्ति हेतु सूचना आमंत्रित की जाती है। इच्छुक परामर्शी अपना दर, बायोडाटा, शैक्षणिक योग्यता आदि से संबंधित दस्तावेज मुहर बंद लिफाफे में संलग्न कर दिनांक 05.07.2024 के अप0 02.00 बजे तक आवेदन कर सकते हैं एवं उसी दिन 03.00 बजे अप0 में नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर के कार्यालय कक्ष में परामर्शीदात्रियों या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा। कार्य की विवरणी निम्नवत् है :–

| कमांक | डी0पी0आर0 की राशि | परामर्शी शुल्क (डी0पी0आर0) | परामर्शी शुल्क (पी0एम0सी0) |
|---|---|---|---|
| 1 | 0 से 1 करोड़ तक | | |
| 2 | 1 से 5 करोड़ तक | | |
| 3 | 5 से 10 करोड़ तक | | |
| 4 | 10 करोड़ से अधिक | | |

नियम एवं शर्ते :–

1. भाग लेने वाले परामर्शीदात्रियों को पैन संख्या, जी0एस0टी0 निबंधन प्रमाण पत्र, अद्यतन आयकर रीटर्न की स्व–अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
2. परामर्शीदात्रियों को कोटेशन के साथ 5000/– जमानत राशि के रूप में बैंक ड्राफ्ट, जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर उंटारी, नगर पंचायत के पदनाम से नगर उंटारी में देय हो को समर्पित करना अनिवार्य होगा तथा बिना जमानत के कोटेशन स्वतः रद्द समझा जायेगा।
3. परामर्शीदात्रियों को सरकार के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्त के अनुरूप डी0पी0आर0 तैयार करना होगा।
4. सरकारी स्तर पर निर्गत इस तरह के कार्य का डी0पी0आर0 तैयार किए जाने संबंधी अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करने वाले परामर्शीदात्री के आवेदन पर समान दर रहने की स्थिति में कार्य आवंटन पर प्राथमिकता दी जायेगी।
5. प्राप्त भाव पत्र आवेदन का निष्पादन नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर में गठित समिति द्वारा किया जायेगा।
6. परामर्शीदात्री को आवेदन के साथ उनकी संस्था के विरूद्ध किसी प्रकार का कोई कार्रवाई या रूग्न अवस्था में नहीं है, का शपथ पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. सफल परामर्शीदात्री के प्रत्येक विपत्र से 5% राशि कटौति की जायेगी Final DPR ससमय संतोशपद्र रूप से सक्षम स्तर से स्वीकृत कराने के उपरांत राशि विमुक्त कर दी जायेगी।
8. अन्य जानकारी के लिए प्रत्येक कार्यदिवस में कार्यावधि तक नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर के कार्यालय से संपर्क स्थापित किया जा सकता है।
9. बिना कारण बताये परामर्शी नियुक्ति आमंत्रण को रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।
10. राशि उपलब्ध रहने पर ही भुगतान किया जायेगा।

प्रशासक,
न0पं0, श्री बंशीधर नगर

PR 327740 Urban Development(24-25).D

## कार्यालय, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पचांयत, छत्तरपुर।

पताः–बारा मोड़, छतरपुर, जिला–पलामू, झारखण्ड ***822113***

[E-Mail: np.chhattarpur2018@gmail.com]

### छतरपुर बाजार/हाट बंदोबस्ती संबंधी आम–सूचना सं0–02/2024–25(2nd Call)

छत्तरपुर नगर पंचायत अन्तर्गत छतरपुर सप्ताहिक मंगलवार बाजार/हाट को वर्तमान बंदोबस्ती को समाप्ती के पश्चात् पुनः प्रत्येक दिन लगने वाले बाजार को बंदोबस्ती किया जाना है। बंदोबस्ती की गणना बन्दोबस्ती की तिथि से एक वर्ष के लिये किया जाएगा। दिनांक–04.07.2024 को पूर्वाह्न 02:30 बजे नगर पंचायत कार्यालय, बारा छतरपुर के कार्यालय सभागार में खुली डाक बोली के द्वारा बंदोबस्ती/निलामी करते हुए अधिकतम डाकवक्ता को आवंटित की जायेगी। निलामी/बंदोबस्ती की शर्ते निम्नलिखित है:–

1. खुली डाक के द्वारा निलामी/बंदोबस्ती की न्यूनतम राशि 6,00,000/–(छः लाख) रूपये निर्धारित है। इसके आगे डाकवक्ता द्वारा लगायी जानेवाली बोली का न्यूनतम अंतर 5,000/–(पॉच हजार) रूपये होगा।
2. जो व्यक्ति छतरपुर मुख्य बाजार/हाट बाजार हेतु खुली डाक के द्वारा निलामी/बंदोबस्ती में भाग लेना चाहते है, वे अपना आवेदन पत्र बोली के 02 घंटा पूर्व तक कार्यालय नगर पंचायत, छतरपुर में जमा कर सकते है। आवेदन पत्र के साथ निम्नांकित कागजात अनिवार्य रूप से संलग्न करेंगे अन्यथा उनकी पात्रता स्वतः समाप्त समझी जायेगी और वे डाक बोली/निलामी में भाग नहीं ले सकेंगे।
   (i) पहचान पत्र के रूप में आधार कार्ड अनिवार्य रूप से तथा वोटर आई0डी0कार्ड0 या ड्राईविंग लाईसेंस में से कोई एक।
   (ii) स्थानीय निवासी प्रमाण–पत्र।
   (iii) पैन कार्ड।
   (iv) संबंधित जिला के उपायुक्त/पुलिस अधीक्षक/अनुमंडल पदाधिकारी/अंचल अधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण–पत्र।
3. खुली डाक के द्वारा निलामी/बंदोबस्ती प्रक्रिया में निर्धारित तिथि को निर्धारित समय पर उपस्थित होकर आवेदक को स्वयं उपस्थित होकर भाग लेना होगा। निर्धारित समय के बाद उपस्थित नहीं होने पर वे खुली डाक के द्वारा निलामी/बंदोबस्ती प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकेंगे। उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति खुली डाक के द्वारा निलामी/बंदोबस्ती प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकेंगे।
4. खुली डाक के द्वारा निलामी/बंदोबस्ती में भाग लेने वाले व्यक्ति डाक बोलने के पूर्व सुरक्षित जमा राशि का 10 प्रतिशत अथवा मो0 60,000/–(साठ हजार) रूपये का भारतीय स्टेट बैंक/झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट कार्यपालक पदाधिकारी, छतरपुर के नाम से नगर पंचायत, नाजीर के पास जमा करेंगे तभी डाक बोली में भाग ले सकेंगे।
5. जिस डाक वक्ता के द्वारा सबसे अधिक बोली लगायी जायेगी, उन्हें दिनांक –05.07.2024 की संध्या–5:00 बजे तक डाक बोली की सम्पूर्ण राशि भारतीय स्टेट बैंक/झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक द्वारा निर्गत डिमाण्ड ड्राफ्ट नगर पंचायत कार्यालय में जमा करना होगा। तत्पश्चात् उन्हें छतरपुर हाट/बाजार बंदोबस्ती का आवंटन आदेश निर्गत किया जायेगा, अन्यथा उक्त राशि का बैंक ड्राफ्ट जमा नहीं करने पर उनके द्वारा डाक बोली के पूर्व जमा किये गये सुरक्षित जमा राशि को जब्त करते हुए क्रमशः अगले डाक वक्ता को उनके द्वारा लगायी गयी डाक बोली की सम्पूर्ण राशि जमा करने पर उन्हें छतरपुर हाट/बाजार बंदोबस्ती का आवंटन आदेश निर्गत किया जायेगा।
6. बन्दोबस्तधारी का आवंटन आदेश निर्गत होने के पश्चात् बंदोबस्ती वसूली के समय NH-98 पर आवागमन को किसी भी प्रकार से बाधित नहीं किया जाएगा। इसका उल्लंघन होने पर बंदोबस्ती रद्द कर दी जायेगी तथा बंदोबस्ती की राशि जप्त कर ली जायेगी।
7. बाजार/हाट में जो दुकानदार जिस स्थान पर अपना दुकान पूर्व से लगाते आ रहे है, वे उसी स्थान पर स्वेच्छा से अपना दुकान लगायेंगे। बंदोबस्तधारी अन्यत्र दुकान लगाने हेतु उन्हें बाध्य नहीं कर सकते हैं।
8. बंदोबस्ती की गणना बंदोबस्ती की तिथि से उक्त अंकित तिथि के लिए किया जायेगा। उक्त तिथि के पश्चात् बंदोबस्ती का आवंटन आदेश स्वतः समाप्त समझा जायेगा।
9. छतरपुर बाजार बंदोबस्ती के पश्चात् किसी भी प्रकार के विवाद का निर्णय लेने की शक्ति कार्यपालक पदाधिकारी में निहित होगी। विवाद का निपटारा नहीं होने पर विवाद का अंतिम निर्णय नगर पंचायत के प्रशासक द्वारा लिया जायेगा, जो सर्वमान्य होगा।
10. छतरपुर बाजार/हाट में नियमित साफ–सफाई कराना होगा।
11. खुली डाक के द्वारा निलामी/बंदोबस्ती, छतरपुर हाट/बाजार बंदोबस्ती का आवंटन आदेश को बिना कारण बताये अस्वीकृत करने या रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा एवं किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।
12. उच्चतम डाक वक्ता को 4 प्रतिशत स्टांप डयुटी एवं 3 प्रतिशत निबंधन शुल्क की पावती जमा करना सुनिश्चित करेगें।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत,छतरपुर।

PR 327700 District(24-25)D

## झारखण्ड सरकार
## जिला खेल पदाधिकारी, कार्यालय, गुमला
### (जिला पर्यटन,कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)

रूम–04 एवं 05 नया समाहरणालय, गुमला –835207
*Email id*- sportsgumla@gmail.com

### अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना

पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग अंतर्गत खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड राँची द्वारा गुमला जिले के अंतर्गत संचालित कुल–6 (छः) आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्रों के प्रशिक्षणार्थियों के लिए विभाग द्वारा निर्धारित मेन्यू के अनुरूप 350 रू० (सभी कर सहित) प्रति खिलाड़ी प्रति दिन के दर से शुद्ध, स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक भोजनादि की व्यवस्था करने हेतु इच्छुक कैटरर से निविदा आमंत्रित की जाती है।

तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड अलग–अलग लिफाफे में दिनांक 08.07.2024 को अपराह्न 2:00 बजे तक नया समाहरणालय भवन स्थित जिला खेल कार्यालय, गुमला में निविदा डाल सकेंगे। दिनांक 08.07.2024 को ही अपराह्न 4:00 बजे नया समाहरणालय भवन के सभाकक्ष में निविदा समिति/संचालन समिति की उपस्थिति में निविदा खोला जायेगा जिसमें निविदादाता अथवा उसके प्रतिनिधि की उपस्थिति आपेक्षित है।

नोटः– निविदा आमंत्रण संबंधी विस्तृत जानकारी के लिए जिले के Website :- www.gumla.nic.in में देखा जा सकता है।

ह०/–
जिला खेल पदाधिकारी, गुमला।

PR 327761 District(24-25)D

## ई0 प्रोक्योरमेन्ट सेल
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार।

### ई– प्रोक्योरमेन्ट नोटिस (द्वितीय आमंत्रण) अल्पकालीन

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–01/2024-25/EE/BCD/LATEHAR दिनांक– 26.06.2024

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि |
|---|---|---|
| 1 | जिला अभियोजन कार्यालय, लातेहार का निर्माण | 1,55,60,200.00 |

1. कार्य पूर्ण की अवधि :– 09 (Nine) Months
2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 02/07/2024 को 11:00 बजे
3. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय :– 09/07/2024 को 11:00 बजे
4. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पत्ता :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार।
5. निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान :– 10.07.2024 को 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्योरमेन्ट सेल, मुख्य अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, राँची।
6. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :– 9431501121
7. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :– 8434414939
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत् अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।

- अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

**Note :-** UCAN Registration in mandatory for the Bidders.

**प्रथम आमंत्रण PR 317724 Building(23-24)D**

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार।

PR 327808 (Building) 24-25 (D)

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा
### आम सूचना

**राष्ट्रीय लोक अदालत**
दिनांकः–13 **जुलाई**, 2024 (शनिवार)
स्थान–व्यवहार न्यायालय परिसर, लोहरदगा।

### निःशुल्क, सुलभ एवं शीघ्र न्याय हेतु

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के निदेशानुसार व्यवहार न्यायालय (कचहरी), लोहरदगा के प्रांगण में दिनांक 13.07.2024 को पूर्वाह्न 07:30 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा।

उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में निम्नलिखित प्रकार के मामलों का निष्पादन किया जायेगाः–

(1) सुलह योग्य आपराधिक वाद (2) N.I. Act. u/s 138 से संबंधित वाद (चेक अनादर के केस) (3) मोटर–दुर्घटना क्षतिपूर्ति वाद (4) पारिवारिक/वैवाहिक वाद (5) श्रम विवाद (6) भूमि अधिग्रहण संबंधित विवाद (7) सिविल वाद, किराया आदि से संबंधित वाद (8) बैंक रिकवरी से संबंधित वाद (9) राजस्व वाद (10) मनरेगा (11) बिजली बिल और पानी बिल से संबंधित वाद (12) बिक्री कर, वाणिज्य कर एवं आयकर से संबंधित वाद (13) सेवा से संबंधित वाद (14) वन विभाग से संबंधित वाद (15) उत्पाद से संबंधित वाद (16) सिविल अपील, क्रिमिनल अपील, विविध अपील आदि से संबंधित वाद (17) नीलाम वाद (18) दाखिल खारिज मामले (19) अन्य मामले जिन्हें लोक अदालत के माध्यम से सुलझाया जा सकता है।

इस संबंध में किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी के लिए आप किसी भी कार्य दिवस पर सुबह 07:00 बजे से 12:30 बजे तक लोहरदगा व्यवहार न्यायालय (कचहरी) में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के कार्यालय में आकर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा (मोबाइल नंबर 9431318932) से अथवा कार्यालय दूरभाष नंबर 06526–299950 पर संपर्क कर सकते हैं।

हरीश बिन जमां
आरक्षी अधीक्षक–सह–सदस्य
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा

डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण
उपायुक्त–सह–उपाध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा

अरविंद कुमार पांडे
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा

PR 327768 Lohardaga(24-25)#D

## जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, लोहरदगा
### (समाज कल्याण)

### नियुक्ति की सूचना

**मिशन वात्सल्य, बाल संरक्षण सेवाएँ के अन्तर्गत जिला स्तर पर संविदा के आधारित चयन**

मिशन वात्सल्य, बाल संरक्षण सेवाएँ (CPS) भारत सरकार के एक महत्वकांक्षी योजना है, जिसके अन्तर्गत राज्य में किशोर न्याय (बालकों के देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 के विभिन्न प्रावधानों का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। मिशन वात्सल्य, बाल संरक्षण सेवाएँ के अन्तर्गत जिला स्तर पर संविदा के आधार पर कार्य करने हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है :–

(1) जिला बाल संरक्षण ईकाई (DCPU)

| क्र0 | पद कानाम | पदों की संख्या | उम्र | मासिक मानदेय | शैक्षणिक योग्यता | कार्यअनुभव। |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Social WorkerPost Code –DCPU 06 | (UR-1, ST-1 ) Total -02 (01 पद महिला) | 30-45 Yrs | 18,536/– | Graduate preferably in B.A in Social Work/ Sociology/ Social Sciences from a recognized university. Weightage for work experience candidate Proficiency in Computers | Minimum two year work experience in child development or counseling |
| 2 | Data Analyst Post Code – DCPU 08 | 01 | 30-45 Yrs | 18,536/– | Graduate in Satatistics/ Mathematics/ Economics/ Computer (BCA) From a recognized university. Weightage for work experience candidate Proficiency in Computers | Minimum two year work experience in relevant Job |
| 3 | Outreach Worker Post Code – DCPU 10 | (UR-1, ST-1 ) Total -02 | 30-45 Yrs | 10,592/– | 12th passed from a recognize Board/ Equivalent Board.Good Communication Skills Weightage for work experience candidate. | Minimum two year work experience in relevant Job |

2. बाल कल्याण समिति (CWC-01)

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Assistant Cum Data Entry Operator Post Code – CWC 01 | 01 | 21-35 Yrs | 11,916/– | 12" pass from a recognized Board/ Equivalent Board with Diploma / Certificate in Computers. Typing speed english 35 W.P.M and Hindi 30 W.P.M Weightage for work experience candidate | Minimum 3 Years experience in computer work or office work in a Government institution/Public Underkaking/Recognized Institution |

नोटः–आवेदन हेतु प्रपत्र एवं विज्ञापन की विस्तृत जानकारी जिला के वेबसाईट **lohardaga.nic.in** पर देखी जा सकती है।

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष,
जिला बाल संरक्षण इकाई, लोहरदगा

PR 327824 Lohardaga(24-25)#D

## जान बचाने के बजाय वीडियो बनाते लोग

**हाल** ही में सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें लू से तड़पते एक पुलिसकर्मी की मृत्यु हो जाती है और उसका सीनियर वीडियो बनाता रहता है। न्यूज चैनलों पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें सुबह-सुबह एक युवती को एक ऐसे व्यक्ति ने मार डाला, जिसे उसका पूर्व प्रेमी बताया जा रहा था। यह मामला प्रेम प्रसंग में आई कड़वाहट का लग रहा था। पीठ पर बैग लटकाए हुए उस लड़के ने युवती पर लगातार हमला किया, जबकि वहां खड़े अन्य लोग, खासकर उससे काफी बड़े लोग यह सब देख रहे थे। यह कोई ऐसा मामला नहीं था, जिसमें कोई खतरनाक अपराधी बंदूक या किसी घातक हथियार से लोगों को डरा रहा हो, बल्कि यह एक छोटे कद का लड़का था, जो युवती पर हमला कर रहा था। ऐसी हिंसा के सामने लोगों की यह निष्क्रियता क्या बताती है? पिछले वर्ष एक अन्य लड़के को पत्थर से एक लड़की के सिर को कुचलते हुए देखा गया था, जबकि आसपास खड़े कई लोग मूकदर्शक बने हुए थे। शहर भर में लगे सीसीटीवी कैमरे इन भयावह घटनाओं को कैद करने का बहुत अच्छा काम कर रहे हैं, लेकिन वे यह भी दिखाते हैं कि लोगों की नैतिकता कितनी गिर चुकी है। इन सभी मामलों में और अन्य मामलों में भी तथ्य यह है कि असहाय और असुरक्षित पीड़ित को क्रूरता का सामना करना पड़ता है और लोग हस्तक्षेप नहीं करते हैं। यह हमें न केवल हैरान करता है, बल्कि यह भी बताता है कि एक बार घर से निकलने के बाद आप बिल्कुल अकेले होते हैं। दूसरी तरफ ऐसे भी उदाहरण हैं, जब भले लोगों ने मामले में हस्तक्षेप किया और उन्हें उसकी भारी कीमत चुकानी पड़ी। कुछ साल पहले मुंबई में रुबेन और कीनन नामक दो लड़कों को तब अपनी जान गंवानी पड़ी, जब वे अपने समूह की दो लड़कियों को छेड़खानी करने वालों से बचा रहे थे। उस समय भी काफी सारे लोग अपराधियों को उन्हें पीटते और चाकू घोंपते देख रहे थे, लेकिन किसी ने बीच-बचाव नहीं किया। कीनन तो वहीं मर गया, लेकिन रुबेन 11 दिनों तक अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ता रहा। एक बार फिर यह घटना राष्ट्रीय समाचार बनी। ऐसी घटनाओं पर बाद में आक्रोश जताना और नैतिक रूप से निंदा करना एक नियमित अभ्यास हो गया है, लेकिन वास्तव में कुछ नहीं बदलता है। कीनन और रुबेन की घटना 2011 में हुई थी और अब 2024 में भी हम इन स्थितियों से जूझ रहे हैं। ऐसा लगता है कि ये घटनाएं बहुत दूर नहीं, बल्कि हमारे पड़ोस में हो रही हैं, जैसा कि मेरी घरेलू सहायिका ने बताया। बहुत संभव है कि हममें से कोई भी ऐसी किसी घटना में फंस जाए और बहुत कम मदद मिले। समाज के लोगों के बीच एक अघोषित अनुबंध होता है कि हम एक-दूसरे का ख्याल रखेंगे और खतरों का सामना करते हुए एक-दूसरे के प्रति दयालुता दिखाएंगे। यह एक मानवीय अनुबंध है, जो उन मानवीय मूल्यों और अनुभवों पर आधारित होते हैं, जिन्हें एक समाज के रूप में हम साझा करते हैं। हालांकि अक्सर इस अनुबंध का उल्लंघन होता है। यह बेहद आम है और निर्मम तरीके से होता है, जैसे ट्रैफिक में एंबुलेंस को रास्ता देने या जानलेवा खतरे में पड़े किसी व्यक्ति की मदद करने से इन्कार करना। इस तरह की निष्क्रियता का क्या मतलब है? यह एक मनोवैज्ञानिक स्थिति है, जिसे 'बाईस्टैंडर प्रभाव' कहा जाता है, जो कुछ हद तक इसके बारे में खुलासा करता है। वर्ष 1964 में किट्टी जेनोविस नामक एक महिला बारटेंडर की न्यूयॉर्क में बलात्कार करने के बाद हत्या कर दी गई। मीडिया में छपे एक लेख में दावा किया गया कि 38 लोगों ने कुछ अप्रिय घटना सुनी या देखी, लेकिन किसी ने भी पुलिस को नहीं बुलाया। इससे व्यापक स्तर पर लोगों में दहशत फैली और एक अध्ययन शुरू हुआ, जिसे 'बाईस्टैंडर प्रभाव' के नाम से जाना जाता है। पाया गया कि जब किसी सार्वजनिक स्थल पर कोई अपराध होता है, तो वहां मौजूद लोगों में जिम्मेदारी की भावना बिखर जाती है। हर कोई मानता है कि कोई दूसरा आगे बढ़कर हस्तक्षेप करेगा, हर व्यक्ति अपनी व्यक्तिगत भागीदारी से जुड़े जोखिम का हिसाब लगा रहा होता है। यह व्यक्तिगत सोच सामूहिक निष्क्रियता की ओर ले जाती है।

इन दिनों

# बिरला के अध्यक्ष बनने से शुरूआत सही दिशा में



ललित गर्ग

**ओम** बिरला को दूसरी बार ध्वनिमत से 18वीं लोकसभा का नया स्पीकर चुना गया। जिसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और नेता विपक्ष राहुल गांधी उन्हें आसन तक लेकर पहुंचे। ध्वनिमत पर विपक्ष ने डिविजन की मांग नहीं की। ओम बिरला के नाम पर विपक्ष का विरोध न करना मोदी सरकार के लिए भी किसी आश्चर्य से कम नहीं रहा। उम्मीद यही की जा रही थी कि विपक्ष वोटिंग की मांग करेगा और फिर पूरी प्रक्रिया के तहत मतदान होगा। लेकिन आज बिरला को नये लोकसभा के अध्यक्ष चुने जाने की सम्पूर्ण प्रक्रिया जहां लोकतांत्रिक मूल्यों की खूबसूरती की छटा बिखेर रही थी, वहीं ऐसी संभावनाओं को बल दिया कि अठाहरवीं लोकसभा के सभी सत्र एक नया इतिहास का सृजन करते हुए उम्मीदभरे होंगे। कोटा से तीसरी बार के सांसद ओम बिरला ने दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बनकर इतिहास रच दिया है। वे लगातार दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बनने वाले तीसरे शख्स हैं। उनसे पहले बलराम जाखड़ 9 सालों तक स्पीकर रहे थे। ओम बिरला का चुना जाना चौंकाता नहीं है, बल्कि जो बात थोड़ी हैरान करने वाली थी वह है इस पद के लिए चुनाव की नौबत लाया जाना। वैसे तो लोकतंत्र में चुनाव किसी भी पद के लिए हो, उसे बुरा मानने का कोई कारण नहीं है। मगर लोकसभा अध्यक्ष का पद ऐसा है जिसमें आम राय को हमेशा तवज्जो दी जाती रही है। वजह यह है कि सदन के सुचारू संचालन के लिए अध्यक्ष को दोनों पक्षों का सहयोग चाहिए होता है। ऐसे में अगर इस पद पर बैठे व्यक्ति का चयन दोनों पक्ष उसमें अपना विश्वास घोषित करते हुए करें तो पद की शोभा कई गुना बढ़ जाती है। स्वतंत्र भारत में लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए केवल तीन बार 1952, 1967 और 1976 में चुनाव हुए। वर्ष 1952 में कांग्रेस सदस्य जी. वी. मावलंकर को लोकसभा स्पीकर के रूप में चुना गया था। लोकसभा अध्यक्ष पद पर चयन को लेकर सरकार और विपक्षी दलों के बीच सहमति नहीं बन पाई, जिस वजह से चुनाव की नौबत आ गई। केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार एनडीए सरकार के गठन के बाद सरकार और विपक्ष के बीच यह पहला शक्ति प्रदर्शन था। इसलिए भाजपा के रणनीतिकार अपने उम्मीदवार ओम बिरला को ज्यादा से ज्यादा सांसदों के समर्थन के साथ बड़ी जीत दिलवाने के मिशन में जुट गई थी। इंडिया गठबंधन की पूर्व रात्री को हुई बैठक में ही नेताओं का कहना था कि इंडिया गठबंधन के पास संख्या बल नहीं है। इसलिये बिना मतदान के ही ध्वनिमत से बिरला के अध्यक्ष चुने जाने की कार्रवाई को निर्बाध होने दिया एवं संसदीय पटल पर खुशी का माहौल दिखाई दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह सदन का सौभाग्य है कि आप दूसरी बार इस आसन पर विराजमान हो रहे हैं। अमृतकाल के इस महत्वपूर्ण कालखंड में दूसरी बार इस पद पर विराजमान होना बहुत बड़ा दायित्व आपको मिला है, हम सबका विश्वास है कि आप आने वाले 5 साल हम सबका मार्गदर्शन करेंगे। लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी बधाई देते हुए संविधान रक्षा की बात दोहरायी। सदन में तीसरे सबसे बड़े दल के नेता अखिलेश यादव ने कहा कि जिस पद पर आप बैठे हैं, इससे बहुत गौरवाशाली परंपरा जुड़ी है। इसलिए सबकुछ बिना भेदभाव आगे बढ़ेगा। निष्पक्षता इस महान पद की महान जिम्मेदारी है। आप लोकतंत्र के मुख्य न्यायाधीश की तरह बैठे हैं। हर राष्ट्र का सर्वोच्च मंच उस राष्ट्र की पार्लियामेंट होती है, जो पूरे राष्ट्र के लोगों द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों द्वारा संचालित होती है, राष्ट्र-संचालन की रीति-नीति और नियम तय करती है, उनकी आवाज बनती है व उनके ही हित में कार्य करती है। राष्ट्र के व्यापक हितों की सुरक्षा करती है। भारत का लोकतंत्र न केवल सशक्त है बल्कि अनूठा एवं प्रेरक है, उसका सर्वोच्च मंच लोकसभा है। सत्रहवीं लोकसभा के सत्रों की कार्यवाही बिरला ने नियोजित एवं सुचारू ढंग से संचालित कर एक स्वस्थ परम्परा का सूत्रपात किया था, उनके अनुभव एवं क्षमताएं सदन को नई दृष्टि देने के लिए तत्पर रहे हैं। उनके सदन संचालन की दक्षता एवं कौशल की ताजी हवा के झोंकों का अहसास देश का सर्वोच्च लोकतांत्रिक सदन लोकसभा महसूस करता रहा है। वे लोकसभा को कुशलता से संचालित करने में न केवल खरे उतरे हैं बल्कि नये प्रतिमान स्थापित करते हुए सदन की गरिमा एवं गौरव की अभिवृद्धि की हैं। अठारहवीं लोकसभा के अध्यक्ष बनकर निश्चित ही वे सदन की कार्यवाही को अनुशासित भी कर सकेंगे, अनुप्रेरित भी कर सकेंगे और पक्ष-विपक्ष के बीच संतुलन रखते हुए देशहित में महत्वपूर्ण निर्णय लेने का मार्ग प्रशस्त कर सकेंगे, ऐसा विश्वास है। निश्चित ही निष्पक्ष होकर अपनी भूमिका का निर्वहन करते हुए सदन की गरिमा को नए स्तर तक ले जाने में वे सक्षम साबित होंगे। लोकसभा कुछ खम्भों पर टिकी एक सुन्दर ईमारत ही नहीं है, यह एक अरब चालीस करोड़ जनता के दिलों की धड़कन है। उसके एक-एक मिनट का सदुपयोग हो। वहां शोर, नारे और अव्यवहार न हो, अवरोध पैदा नहीं हो। ऐसा होना निर्धनजन और देश के लिए हर दृष्टि से महंगा सिद्ध होता है। यदि हमारे प्रतिनिधि ईमानदारी से नहीं सोचेंगे और आचरण नहीं करेंगे तो इस राष्ट्र की आम जनता सही और गलत, नैतिक और अनैतिक के बीच अन्तर करना ही छोड़ देगी। निश्चित ही संतुलन, निष्पक्षता, शालीनता एवं कौशल के बल पर बिरला नये लोकसभा के सदन की कार्रवाई को एक नई ऊंचाई प्रदान करेंगे और नयी उम्मीदों को पंख लगायेंगे। इसमें पक्ष एवं विपक्ष का सहयोग अपेक्षित है तभी लोकसभा की शालीनता एवं सभ्यता नई ऊंचाइयों पर आरोहण करेंगी। देश का भविष्य संसद के चेहरे पर लिखा होता है, यदि वहां मर्यादाहीनता एवं अशालीनता का प्रदर्शन होता है तो समस्याएं सुलझने की बजाय उलझती जाती है। छोटी-छोटी बातों पर अभद्र शब्दों का व्यवहार, हो-हल्ला, छींटाकशी, हंगामा और बहिर्गमन आदि ऐसी घटनाएं है, जिनसे संसद जैसी प्रतिनिधि संस्था का गौरव घटता है। यह बात चुने हुए प्रतिनिधियों को समझाने एवं उन्हें प्रशिक्षित करने में बिरलाजी ने पूर्व में जिस तरह की सिद्धहस्तता का परिचय दिया है, वह काबिलेतारीक है। संसद करोड़ों लोगों का प्रतिनिधित्व कर उनकी आवाज बनती हैं। हमारे राष्ट्र की लोकसभा का यही पवित्र दायित्व होता है कि वह उसकी पवित्रता एवं स्वस्थता कायम रखे तथा सभी प्रतिनिधि भगवान और आत्मा की साक्षी से इस दायित्व को निष्ठा व ईमानदारी से निभाने की शपथ लेते हैं। लोकसभा अध्यक्ष पद पर केवल लम्बे संसदीय अनुभव रखने वाले सांसद का चुनाव जरूरी नहीं होता। देखना यह होता है कि इस पद पर बैठा व्यक्ति सभी पक्षों को साथ लेकर चलने की क्षमता रखता है अथवा नहीं और वह सभी पक्षों के साथ यथोचित न्याय करने का हौंसला रखता है या नहीं। सदन में जब मूल्य एवं नैतिक मानक कमजोर हो जाते हैं और सिर्फ निजी हैसियत को ऊँचा करना ही महत्त्वपूर्ण हो जाता है तो वह सदन निश्चित रूप से कमजोर हो जाता है। आजादी के अमृत काल में भी हम अपने आचरण और काबिलीयत को एक स्तर तक ऊंचा उठाये। नेता और नायक किसी कारखाने में पैदा करने की चीज नहीं हैं, उनकी काबिलीयत और चरित्र को गढ़ने का काम भी लोकसभा ही करती है। संविधान की शब्दधाराओं को ही नहीं उसकी भावना को महत्व देने के गुणों का विकास भी यहीं से होता है। बोलने की आजादी का सदुपयोग करना भी यही पर सिखाया जाता है। नये अध्यक्ष लोकसभा को प्रशिक्षण की प्रयोगशाला बनाये। नई लोकसभा अपने भीतर ऐसे परिवेश को जन्म दे, जो स्वयं आगे आकर नवनिर्माण करें, दायित्व की बागडोर थामे और सुधार, स्वस्थता एवं विकास का कार्य शुरू करें। लोकसभा बड़े आदर्शों की अपेक्षा एक छोटा-सा सवाल अपने आपसे करने की कोशिश कर रही है कि नयी लोकसभा की अगवानी में अलविदा किसे कहे? अतीत के उन घटना-प्रसंगों को अलविदा कहें जिनकी वजह से लोकसभा के सपने एवं संकल्प अधूरे रहे और उसकी गरिमा धूमिल होती रही है। शुरूआत तो अच्छी हो रही है देखिये आगे क्या होता है? इतना तो है ही कि इस बार सभी पक्षों से बेहतर समझदारी और परिपक्वता की अपेक्षा रहेगी।

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**



**ओम बिरला का चुना जाना चौंकाता नहीं है, बल्कि जो बात थोड़ी हैरान करने वाली थी वह है इस पद के लिए चुनाव की नौबत लाया जाना। वैसे तो लोकतंत्र में चुनाव किसी भी पद के लिए हो, उसे बुरा मानने का कोई कारण नहीं है। मगर लोकसभा अध्यक्ष का पद ऐसा है जिसमें आम राय को हमेशा तवज्जो दी जाती रही है।**

## आपकी बात

### हे आधुनिक अन्नदाता

एक बेटी से दूसरे को पिटवा दिया चार साल बाद गुस्से में ये क्या किया? शरण में दुश्मन के लिए भी ढाल जो बना उस भारत की हंसी दुनिया में उड़ा दिया हे आधुनिक अन्नदाता ये तूने क्या किया? आंदोलन और वर्दी में भेद बहुत बड़ा है, विरोध अलग है अनुशासन उससे भी बड़ा वर्दी में हमले को भगत सिंह जैसा बताया मर्यादा तोड़ने वाली को शेरनी बताया हे आधुनिक अन्नदाता ये तूने क्या किया? वर्दी और आंदोलन का भेद गर मिटाया संतरी ने जब पीएम को निशाना बनाया लाखों मारे गए निदोर्षों को जब जलाया पेड़ बड़े गिरने से धरती का हिलना बताया हे आधुनिक अन्नदाता ये तूने क्या किया? इतिहास आज जो यहाँ काला रचा गया, बयान गलत पर तरीका गलत चुना गया खेल हुआ सत्ता का सात समुंदर पार से जहर खेतों खलिहानों में रंगता चला गया, हे आधुनिक अन्नदाता ये तूने क्या किया ?

**वर्दी और आंदोलन का भेद गर मिटाया संतरी ने जब पीएम को निशाना बनाया लाखों मारे गए निदोर्षों को जब जलाया पेड़ बड़े गिरने से धरती का हिलना बताया हे आधुनिक अन्नदाता ये तूने क्या किया? इतिहास आज जो यहाँ काला रचा गया, बयान गलत पर तरीका गलत चुना गया खेल हुआ सत्ता का सात समुंदर पार से जहर खेतों खलिहानों में रंगता चला गया**

■ **सुनील बादल, रांची**

राजनीति

## नेता विपक्ष की कार्यशैली से देश परखेगा राहुल गांधी का सियासी ज्ञान



डॉ. रमेश ठाकुर

**सोलहवीं** और 17वीं लोकसभा में नंबरों के लिहाज से कांग्रेस 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में इतनी पिछड़ गई थी कि उसे नेता प्रतिपक्ष का पद भी नसीब नहीं हुआ। नेता विपक्ष पद की बात तो दूर, पार्टी का भविष्य और अस्तित्व भी खतरे में पड़ गया था। कम नंबर संख्या के कारण ही संसद में नेता विपक्ष की सीट भी रिक्त रही। पर, कहते हैं कि सियासत में चमत्कार की संभावनाएं अन्य क्षेत्रों के मुकाबले ज्यादा रहती हैं। किसके सितारे कब बुलंद हो जाए और किसके अचानक बुझ जाएं? इसका दारोमदार जनता के मूड और विचारों पर निर्भर रहता है? 2024 के आम चुनाव में हुआ भी कमोबेश कुछ ऐसा ही। भाजपा 400 पार के नारे के साथ फिर से प्रचंड बहुमत में आने को पूरी तरह आश्वस्त थी, लेकिन जनता ने अस्वीकार कर दिया। मौका जरूर दिया, लेकिन आधा-अधूरा। हालांकि, कांग्रेस ने इस बार उम्मीद से कहीं बढ़कर प्रदर्शन कर खुद को लड़ाई में बरकरार रखा। कांग्रेस हो या भाजपा प्रचंड जीत से बौराने की प्रवृत्ति से सभी दलों को तौबा करना होगा। 2024 का जनादेश सभी के लिए सीख जैसा है। कांग्रेस को जनता ने नया जीवनदान दिया है। इसलिए कांग्रेस के सितारे एक बार फिर थोड़े से चमके हैं। पिछली बार मात्र 44 सांसद ही जीतकर संसद पहुंचे थे। पर, ये आंकड़ा इस दफे 99 तक पहुंचा है। तभी कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष के लिए दावेदार हुई है। अच्छे नंबरों से पास होने का ही नतीजा है कि नेता विपक्ष के लिए राहुल गांधी के नाम पर ताजपोशी होनी विपक्षी धड़े की ओर से मुकर्रर हुई है। जनता का संदेश पक्ष और विपक्ष दोनों के लिए बराबर है। जो जनता के हित में काम करेगा, उसकी जयकार होगी। वरना, घमंड चकनाचूर करने में देश के मतदाता जरा भी नहीं हिचकेंगे। 2024 के जनादेश ने देश की सियासी तस्वीर पूरी तरह से बदल दी है। चाहे प्रधानमंत्री हों या नेता विपक्ष सभी से काम की उम्मीद करती है। नेता भी अब समझ गए हैं कि लच्छेदार बातों और हवा-हवाई दावों से अब काम नहीं चलने वाला। बहरहाल, गठबंधन राजनीति में नेता विपक्ष के पद को पूरे पांच वर्ष तक सुचारू रूप से यथावत रखना भी किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं होगा। पद पर आसीन होने वाले ओहदेदार के लिए भी चुनौतियों की भरमार रहेगी। उन्हें हर घड़ी अग्निपरीक्षा से गुजरना होगा।

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

**भाजपा 400 पार के नारे के साथ फिर से प्रचंड बहुमत में आने को पूरी तरह आश्वस्त थी, लेकिन जनता ने अस्वीकार कर दिया। मौका जरूर दिया, लेकिन आधा-अधूरा।**

बोधि वृक्ष

## दुनियाभर में फेमस है नालंदा का शीतला माता मंदिर

**हर** साल चैत्र कृष्ण पक्ष सप्तमी से यहां तीन दिवसीय शीतलाष्टमी मेला लगता है। मंदिर के पुजारी रवीन्द्र पांडेय और पंकज पांडेय ने बताया कि प्राचीन काल से चैत्र कृष्ण पक्ष सप्तमी के दिन बसिऔरा मनाने की परंपरा चली आ रही है। इस कारण मघड़ा, पचौड़ी, राणा बिगहा, जोरारपुर, वियावानी, जमालीचक, कथौली समेत आसपास के कई गांवों में चूल्हे नहीं जलते है। इन गांवों में एक दिन पूर्व शाम में ही खाना बना लिया जाता है। अष्टमी के दिन रात में लोग बनाये गये खाने को बसिऔरा (बासी भोजन) के रूप में ग्रहण करते है।



**(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से




## X- से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

## योग दिवस पर एक ही दिन में बने कई विश्व रिकॉर्ड



योगेश कुमार गोयल

**योग** का भारत में संस्कृति के साथ सदियों पुराना जुड़ाव है। यूं भी कह सकते हैं कि भारत में योग की शुरूआत भारतीय संस्कृति के साथ जुड़ी है। भारत ने पूरी दुनिया को योग करना सिखाया है और भारत के कारण ही दुनिया के तमाम देश अब योग की महत्ता को समझने लगे हैं। करीब 5000 वर्ष पहले भारत से शुरू हुई योग की परंपरा शरीर और मन के बीच सामंजस्यपूर्ण संतुलन प्राप्त करने के लिए शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक अनुशासन को जोड़ती है। 'योग' शब्द संस्कृत से लिया गया है। इसका अर्थ है 'जुड़ना' अथवा 'एकजुट होना', जो शरीर और चेतना के मिलन का प्रतीक है। भारत की प्राचीन परंपराओं में गहराई से निहित योग वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य और आध्यात्मिक कल्याण के प्रतीक के रूप में कार्य करता है। 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में योग को वैश्विक मान्यता मिलने के बाद से पिछले 10 वर्ष में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) पर कई रिकॉर्ड बने हैं। 2015 से लेकर अब तक अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के नाम कई रिकॉर्ड 'गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स' में दर्ज हो चुके हैं। 2015 में पहले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दिल्ली में राजपथ पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ कुल 35,985 भारतीयों ने एक साथ योग करके सबसे बड़े योग सत्र का पहला विश्व रिकॉर्ड बनाया, जबकि दूसरा रिकॉर्ड एक ही स्थान पर योग सत्र में कुल 84 देशों के भाग लेने पर बना था। योग को लेकर एक विश्व रिकॉर्ड तब बना, जब 2018 में राजस्थान के कोटा में करीब 1.05 लाख लोगों ने एक साथ योगाभ्यास किया था। 2023 में दुनियाभर से कुल 23.4 करोड़ लोगों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में भाग लेकर भी विश्व रिकॉर्ड कायम किया, वहीं 2023 में ही गुजरात के सूरत में योग दिवस कार्यक्रम में योग सत्र में 1.53 लाख लोगों ने एक साथ हिस्सा लेकर नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर इस वर्ष तो कई रिकॉर्ड बने। देश-विदेश में फैली आध्यात्मिक संस्था ब्रह्माकुमारीज ने भी इस अवसर पर एक नया रिकॉर्ड कायम किया। ब्रह्माकुमारीज के आबूरोड स्थित अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय के साथ 140 देशों में फैले इसके 9000 केंद्रों पर करीब एक करोड़ लोगों ने एक साथ योग किया जबकि आबूरोड स्थित मुख्यालय पर 10 हजार लोगों ने एक साथ योगाभ्यास किया। हिमालयन सिद्ध योग गुरु अक्षर के दूरदर्शी नेतृत्व में तो अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक नया इतिहास रचा गया। 'अक्षर योग केंद्र' ने 5 विशिष्ट योगासनों का वैश्विक मानकों पर सफलतापूर्वक प्रदर्शन करके पांच नए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए और 10वें अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव कार्यक्रमों की श्रृंखला में आयोजित इस स्पर्धा के जरिये योग की सार्वभौमिक अपील यानी शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण के लिए इसके गहन लाभों का संदेश पूरी दुनिया देने का प्रयास किया गया। इन पांच वैश्विक कीर्तिमान स्थापित करने वाले आसनों में नौकासन, कौंडिन्य आसन (ऋषि कौंडिन्य मुद्रा), चक्रासन, भगवान शिव की एक मुद्रा नटराजासन, पांच मिनट तक लगातार सूर्य नमस्कार का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया गया।

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

## टेक वर्ल्ड

### वॉट्सऐप पर आपको किसने किया है ब्लॉक? इस आसान से प्रॉसेस से जानें




**डीपी न दिखना-** अगर किसी यूजर की डीपी नहीं दिख रही है तो इसका मतलब हो सकता है कि आपको ब्लॉक किया गया हो। इसके अलावा स्टेटस भी नहीं दिखता है।

**मैसेज रीड न होना-** जो मैसेज भेजा जाता है उस पर डबल चेक निशान आता है और अगर मैसेज सीन कर लिया जाता है तो वह ब्लू हो जाता है। लेकिन, अगर ऐसा कुछ नहीं हो रहा है तो समझ लें कि सामने वाले यूजर ने आपको ब्लॉक किया हुआ है।

**लास्ट सीन-** वहीं अगर आप लास्ट सीन नहीं दिख पा रहे हैं तो इससे भी संकेत मिलता है कि आपको ब्लॉक किया गया हो। हालांकि, कई बार सामने वाला यूजर लास्ट सीन बंद करके भी रखता है।

**वॉट्सऐप ग्रुप-** कॉन्ट्रैक्ट में शामिल किसी व्यक्ति को अगर आप ग्रुप में शामिल नहीं कर पा रहे हैं तो ऐसे में सामने वाले ने आपको व्हॉट्सऐप पर ब्लॉक किया हुआ है।

**(क्रमशः)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.-0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### भूमि विवाद में एसिड अटैक, 3 गंभीर रूप से झुलसे

**नवादा।** जिले में नेमदारगंज थाना क्षेत्र के भनैल लोदीपुर गांव में बुधवार को जमीनी विवाद को लेकर एक परिवार के तीन लोगों पर एसिड से हमला किया गया है। इलाज कर रहे चिकित्सक एसिड की पुष्टि करते हुए हालत गम्भीरर बताया है। घटना में एक महिला समेत तीन लोग जख्मी हुए हैं। झुलसे लोगों में सुगिया देवी, राजीव कुमार एवं अरविंद कुमार शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ था। जिसमें दोनों तरफ से आधा दर्जन लोग जख्मी हुए थे। सभी घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अभी एक पक्ष के लोग सदर अस्पताल से इलाज करा कर घर लौटे ही थे। तभी दूसरे पक्ष ने उनके उपर तेजाब से हमला कर दिया।

### बिहार में मीडियाकर्मी की चाकू गोदकर हत्या पुलिस जांच में जुटी

**मुजफ्फरपुर।** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के मनियारी थाना क्षेत्र में अज्ञात अपराधियों ने सोशल मीडिया (यूट्यूब) से जुड़े एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी। हत्या के कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है। पुलिस के मुताबिक, मनियारी थाना क्षेत्र के मरीपुर गांव निवासी शिव शंकर झा अपनी बाइक से मंगलवार की देर रात घर जा रहे थे, तभी गांव के शिव मंदिर के पास अज्ञात अपराधियों ने उनकी बाइक रोक कर चाकू से गोदकर निर्मम हत्या कर दी। फिलहाल घटना के कारणों के बारे में स्पष्ट रूप से पता नहीं चल सका है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। मनियारी थाना के सब इंस्पेक्टर जय शंकर राम ने बुधवार को बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। आनन फानन में झा को एक अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# नीट मामले की जांच के बाद सब दूध का दूध व पानी का पानी हो जाएगा : जेडीयू

एजेंसी



**पटना।** देश में नीट पेपर लीक मामले को लेकर छात्रों में आक्रोश है। जांच के दौरान इसके तार बिहार से जुड़े होने के बाद सियासत भी जमकर हो रही है। जेडीयू और आरजेडी के नेता एक दूसरे पर लगातार हमला कर रहे हैं। इस मामले में नालंदा के संजीव मुखिया का नाम सामने आया है। उसकी पत्नी ममता कुमारी की जेडीयू नेताओं के साथ फोटो वायरल होने के बाद बवाल मच गया है। आरजेडी के नेता इसे लेकर जेडीयू को जमकर घेर रहे हैं, जिस पर बिहार सरकार में ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि, जब हम लोग सार्वजनिक कार्यक्रम में होते हैं तो कई लोग फोटो खिंचवाने आते हैं। मेरे साथ भी उनकी तस्वीर है, तो इसका मतलब क्या है ? मामले की निष्पक्ष जांच होने के बाद सब दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। हमारी सरकार सभी आरोपियों के खिलाफ कठोर कारवाई करेगी।

दरअसल नीट पेपर मामले के मुख्य आरोपी संजीव मुखिया की पत्नी ममता देवी की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई। जिसमें उनके साथ चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर समेत कई जेडीयू नेता नजर आए। इसे लेकर आरजेडी की प्रवक्ता कंचन यादव ने भाजपा और जेडीयू पर हमला किया। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा, नीट पेपर के आरोपी संजीव मुखिया की पत्नी के साथ प्रशांत किशोर। पेपर लीक मामले के तार जेडीयू और एनडीए से जुड़ रहे हैं इसकी जांच कब होगी ? गौरतलब है कि नीट मामले की प्रारंभिक जांच बिहार की आर्थिक अपराध शाखा ने की है। जांच के दौरान इसके तार नालंदा से जुडे. मिले, जिसके बाद कई आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। ईओयू की टीम ने लगभग दो हजार पन्नों की रिपोर्ट केंद्र सरकार को सौंप दी है। पूछताछ के लिए सीबीआई की टीम जेल में बंद आरोपियों को रिमांड में लेने की प्रक्रिया कर रही है।

### कोलकाता से जुड़े नीट पेपर लीक के तार, एक गिरफ्तार

**कोलकाता।** देश के चर्चित नीट पेपर लीक मामले के तार आखिरकार कोलकाता से भी जुड़ गए हैं। पुलिस ने बुधवार को कोलकाता स्थित एक शैक्षणिक संस्थान से जुड़े एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उस पर एक छात्र के माता-पिता से पैसे लेने और नीट मेरिट लिस्ट में जगह दिलाने का वादा करने का आरोप है। पुलिस अधिकारी ने कहा, शेक्सपियर सरणी पुलिस स्टेशन में दर्ज शिकायत के आधार पर हमने मंगलवार रात आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। हम उससे पूछताछ कर रहे हैं, ताकि पता लगाया जा सके कि वह किसी रैकेट में शामिल है या नहीं। आरोपित ने छात्र को कोलकाता के एक मेडिकल कॉलेज में सीट दिलाने का भी आश्वासन दिया था। हालांकि, पुलिस ने फिलहाल उसके नाम का खुलासा नहीं किया है। अधिकारी ने बताया कि छात्र के पिता ने अपनी शिकायत में दावा किया है कि उन्होंने सौदे के लिए आरोपित को 12 लाख रुपये में से पांच लाख रुपये का भुगतान किया है। उन्होंने बताया कि आरोपित पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# उप्र : विस उपचुनाव में होगी 'इंडिया' ब्लॉक और एनडीए की अग्निपरीक्षा

*चुनाव आयोग ने अब तक उपचुनाव के लिए तारीखों की घोषणा नहीं की है, लेकिन दोनों गठबंधनों के प्रमुख दलों भाजपा और समाजवादी पार्टी ने अपनी-अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं*

एजेंसी




**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के बाद उत्तर प्रदेश में होने वाला विधानसभा उपचुनाव 'इंडिया' ब्लॉक और एनडीए के लिए किसी अग्निपरीक्षा की तरह होगा। चुनाव आयोग ने अब तक उपचुनाव के लिए तारीखों की घोषणा नहीं की है, लेकिन दोनों गठबंधनों के प्रमुख दलों भाजपा और समाजवादी पार्टी ने अपनी-अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। लोकसभा चुनाव में वर्तमान विधायकों के सांसद बनने से विधानसभा की नौ सीटें रिक्त हो गई हैं। एक सीट सपा विधायक को सजा होने से भी खाली हुई है। जिन 10 सीटों पर उपचुनाव होना है, उनमें करहल, मिल्कीपुर, सीसामऊ, कुंदरकी, गाजियाबाद, फूलपुर, मझवां, कटेहरी, खैर और मीरापुर शामिल हैं। चुनावी आंकड़ों को देखें तो 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में इनमें से पांच सीटें समाजवादी पार्टी ने और एक सीट राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) ने जीती थी। उस समय रालोद का गठबंधन सपा के साथ था। इसके अलावा, तीन सीटें भाजपा को मिली थीं। एक सीट भाजपा के सहयोगी दल निषाद पार्टी के खाते में गई थी। सियासी जानकार कहते हैं कि इस बार उपचुनाव भले ही मात्र 10 सीटों पर हो रहा हो, इनके नतीजों का असर पक्ष और विपक्ष दोनों के मनोबल पर जरूर पड़ेगा। भाजपा के प्रवक्ता अवनीश त्यागी का कहना है कि पार्टी ने उपचुनाव की पूरी तैयारी पहले से ही कर रखी है। जो कोर-कसर होगी उसे भी पूरा कर लेंगे। उनका दावा है कि जनता भाजपा के साथ है। गठबंधन के सभी साथी पूरी ताकत से चुनाव अभियान में जुटे हैं। इस चुनाव में एनडीए पूरी तरह से विजय हासिल करेगा। सहयोगियों को सीट देने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह शीर्ष नेतृत्व तय करेगा। निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और योगी सरकार में मंत्री संजय निषाद का कहना है कि उनकी पार्टी की विधानसभा चुनाव में जो सीट थी उस पर वह उपचुनाव भी लड़ेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा बहुत अच्छे से गठबंधन धर्म निभाना जानती है। वह जो कहती है, वही करती है। इससे अच्छा गठबंधन धर्म कोई नहीं निभा सकता। रालोद के प्रवक्ता अनिल दुबे का कहना है कि उपचुनाव को लेकर पार्टी की पूरी तैयारी है।

# पीएचईडी की 350 निविदा रद्द किए जाने के मामले में मंत्री और पूर्व मंत्री आमने-सामने

एजेंसी



**पटना।** बिहार में पिछली महागठबंधन की सरकार के दौरान ग्रामीण पेयजलापूर्ति योजनाओं की करीब 350 निविदाएं रद्द करने के मामले को लेकर वर्तमान मंत्री नीरज कुमार सिंह और पूर्व पीएचईडी मंत्री ललित यादव आमने-सामने आ गए हैं। दरअसल, एनडीए की मौजूदा सरकार ने पिछली सरकार के 350 अनुबंध रद्द कर दिए। पीएचईडी मंत्री नीरज सिंह ने कहा कि पिछली सरकार के लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचईडी) में हुए 826 करोड़ रुपये के 350 निविदा रद्द किए गए हैं। ग्रामीण जलापूर्ति की इन योजनाओं के लिए अब नई निविदा निकाली जाएगी। विभागीय जांच के दौरान प्रक्रिया में अनियमितता पाई गई है। गौरतलब है कि 17 महीने के महागठबंधन सरकार के कार्यकाल में सरकार ने 4,600 करोड़ रुपए की 1,160 निविदा किए थे। उस समय पीएचईडी विभाग के मंत्री ललित यादव थे।

पूर्व पीएचईडी मंत्री ललित यादव कहते हैं कि निविदा में मंत्री की कोई भूमिका नहीं होती है। यह विभागीय अधिकारियों का काम है। उन्होंने कहा कि निविदा तो निकाला ही गया था, जिसका निष्पादन भी नहीं हुआ है तो फिर गड़बड़ी का सवाल कहां है। जब अब तक कार्य ही नहीं हुआ है, तो गड़बड़ी कैसे हो गई। निविदा में अगर गड़बड़ी हुई है तो इसकी जांच सीबीआई से कराएं। निविदा विभागीय अधिकारी निकालते हैं और अगर गड़बड़ी हुई तो वही जांच करेंगे? पहले ही उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा कह चुके थे कि विभागों के कार्यों की जांच कराई जाएगी। अगर गड़बड़ी हुई है तो सीबीआई से जांच कराएं।

## ब्रीफ न्यूज

### हिमाचल प्रदेश में 10 जुलाई को उपचुनाव, 13 उम्मीदवार मैदान में



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की तीन विधानसभा सीट-- देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ पर 10 जुलाई को उपचुनाव होगा। निर्वाचन विभाग के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि उपचुनाव के लिए नामांकन वापसी के बाद 13 उम्मीदवार मैदान में रह गए हैं। हमीरपुर में निर्दलीय उम्मीदवार प्रदीप कुमार के नामांकन वापस लेने के बाद अब केवल तीन उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। नालागढ़ में निर्दलीय उम्मीदवार गुरनाम सिंह ने अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया है। अब पांच उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। देहरा में किसी भी उम्मीदवार ने नामांकन वापस नहीं लिया। पांच उम्मीदवार उपचुनाव लड़ेंगे। कांगड़ा जिले की देहरा विधानसभा सीट पर कांग्रेस की कमलेश कुमारी (53), भाजपा के होशियार सिंह (57) और निर्दलीय उम्मीदवार सुलेखा देवी (59), अरुण अंकेश स्याल (34) और संजय शर्मा (56) चुनाव लड़ रहे हैं। हमीरपुर से भाजपा के आशीष शर्मा (37), कांग्रेस के पुष्पेंद्र वर्मा (48) और निर्दलीय उम्मीदवार नंद लाल शर्मा (64) मैदान में हैं। नालागढ़ में कांग्रेस के हरदीप सिंह बावा (44), भाजपा के केएल ठाकुर (64), स्वाभिमान पार्टी के किशोरी लाल शर्मा (46) और निर्दलीय हरप्रीत सिंह (36) और विजय सिंह (36) मैदान में हैं।

### मुख्यमंत्री धामी ने दिल्ली में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से की शिष्टाचार भेंट



**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को नई दिल्ली में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से शिष्टाचार भेंट की। धामी ने उन्हें राज्य की जनता की ओर से पुनः रक्षा मंत्रालय का दायित्व मिलने पर बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस दौरान नैनीताल में पार्किंग सुविधा विकसित करने के लिए रक्षा संपदा की भूमि राज्य सरकार को देने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने रक्षामंत्री से पर्यटन नगरी नैनीताल में देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पार्किंग सुविधाओं के विकास के लिए नैनीताल स्थित रक्षा सम्पदा विभाग की भूमि को राज्य सरकार को उपलब्ध कराने पर सहमति प्रदान करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपद नैनीताल में विश्व प्रसिद्ध बाबा नीब करौरी महाराज का आश्रम श्री कैंची धाम है। वहां श्रद्धालुओं की संख्या में अत्यधिक बढोतरी हो रही है। कैंची धाम में दर्शन करने वाले श्रद्धालु नैनीताल अथवा नैनीताल के समीपवर्ती क्षेत्रों में ही रुकते हैं। नैनीताल में नैनी झील से 02 कि.मी. की दूरी पर रक्षा सम्पदा विभाग की भूमि है। उसका क्षेत्रफल 03 एकड़ है। यदि इस भूमि को पार्किंग के लिए उपलब्ध करा दिया जाता है तो नैनीताल में एक सीमा तक पार्किंग व्यवस्था की समस्या का समाधान हो जाएगा। इस स्थल को यदि बहुमंजिला पार्किंग के रूप में विकसित किया जाता है तो इसमें लगभग 1500-2000 तक वाहन पार्क हो पायेंगे। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को यथासंभव सहयोग किए जाने के प्रति आश्वस्त किया।

### गोपालगंज में 11 शिक्षकों के सर्टिफिकेट में फजीवाड़ा

**पटना।** गोपालगंज के 11 शिक्षकों के सर्टिफिकेट में फजीवाड़ा सामने आया है। यह सभी शिक्षक बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की ओर से ली गई परीक्षा पास कर बहाल हुए थे। इससे शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है। इन सभी शिक्षकों को उनके मूल प्रमाण पत्र के साथ गोपालगंज जिला शिक्षा कार्यालय में सशरीर उपस्थित होने के लिए कहा गया है। प्रथम द्रष्टया 11 शिक्षकों के प्रमाण पत्र संदिग्ध पाए गए हैं। डीपीओ स्थापना मो जमालुद्दीन की ओर से इस फजीवाड़े को गंभीरता से लेकर संबंधित शिक्षकों से जवाब-तलब करते हुए मूल प्रमाण पत्र के साथ कार्यालय में उपस्थित होने का आदेश दिया गया है।

### पुणे में जीका वायरस से संक्रमित मिले डॉक्टर व उनकी बेटी, प्रशासन सतर्क



**मुंबई।** पुणे जिले के कोथरुड में एरंडवणे इलाके में जीका वायरस से पीड़ित दो मरीज मिले हैं, जिनमें 43 वर्षीय डॉक्टर और उनकी 13 वर्षीय बेटी हैं। पुणे नगर निगम की टीम इन दोनों के संपर्क आए लोगों की भी मेडिकल जांच कर रही है। साथ ही आम नागरिकों को सतर्क रहने की अपील की है। कोथरुड इलाके में रहने वाले डॉक्टर को बुखार के साथ लाल चकत्ते के लक्षण दिखे थे। इसी वजह से उनके रक्त का नमूना 18 जून को परीक्षण के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी में भेजा गया था। 20 जून को उनके रक्त नमूनों में जीका वायरस से संक्रमित होने की रिपोर्ट मिली थी। इसके बाद डॉक्टर की बेटी में भी जीका वायरस के हल्के लक्षण दिखे। उसके रक्त के नमूने भी परीक्षण के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी में भेजे गए थे। रिपोर्ट के बाद वह भी जीका से संक्रमित पाई गईं। उनके संपर्क में आए अन्य लोगों में अभी तक संक्रमण के लक्षण नहीं दिखे हैं, लेकिन स्वास्थ्य विभाग उन पर कड़ी निगरानी रख रहा है।

### बंगाल के बिराती स्टेशन पर बैग में बच्चा छिपाकर ले जा रही महिला पकड़ी गई

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के बिराती रेलवे स्टेशन पर अपने बैग में बच्चा छिपाकर ले जा रही एक महिला को पकड़ा गया है, जिसके बाद स्टेशन पर तनाव की स्थिति पैदा हो गई। इस मामले में इलाके के लोगों और यात्रियों ने महिला पर बच्चे के अपहरण का आरोप लगाया। यात्रियों ने बताया कि उन्होंने उत्तर 24 परगना के बनगांव डिवीजन के दत्तपुकुर से सियालदह जा रही लोकल ट्रेन में महिला के बैग में बच्चे को छिपा हुआ देखा। ट्रेन के बिराती स्टेशन पहुंचने पर यात्रियों ने महिला को पकड़ लिया और उसे बच्चे के साथ रेलवे पुलिस के हवाले कर दिया। यात्रियों ने पुलिस और मीडिया को बताया कि महिला की बॉडी लैंग्वेज संदिग्ध लग रही थी, जिससे उनका शक और भी बढ़ गया। वहीं महिला ने डिब्बे में यात्रा कर रहे यात्रियों के सवालों का जवाब देने से इनकार कर दिया और भागने की कोशिश की। एक यात्री ने बताया, जैसे ही ट्रेन बिराती स्टेशन पहुंची, उसने बच्चे को छोड़कर भागने की कोशिश की। लेकिन हमने उसे काबू में कर लिया और रेलवे पुलिस के हवाले कर दिया।

### तेलंगाना : तेंदुए को बचाने के चक्कर में कार पलटी, महिला की मौत

**हैदराबाद।** तेलंगाना के निजामाबाद जिले में एक तेंदुए को बचाने के चक्कर में एक कार पलट गई। हादसे में एक महिला की मौत हो गई है। पुलिस ने बताया कि हादसा येल्लम्माकुंटा में हुआ। मृतका की पहचान ललिता के रूप में हुई है। वह कामरेड्डी जिले के याचरम गांव की रहने वाली थी। उसके पति प्रभाकर को भी गंभीर चोटें आई हैं। वह अस्पताल में भर्ती है। संयुक्त निजामाबाद जिले में पहले भी तेंदुओं के कारण सड़क हादसे हो चुके हैं। फरवरी 2023 में राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर चंद्रयन्नापल्ली के पास एक अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक तेंदुए की मौत हो गई थी। सितंबर 2022 में राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर दग्गी के वन क्षेत्र में एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक तेंदुआ मर गया था। वन अधिकारियों का कहना है कि सड़क और रेल हादसों में तेंदुओं के मरने की घटनाएं बढ़ रही हैं।

## आज का राशिफल

**मेष** — लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग।

**वृषभ** — स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। यात्रा का योग है। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा।

**मिथुन** — प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**कर्क** — व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे।

**सिंह** — शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़े अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**कन्या** — परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

**तुला** — स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बने रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी।

**वृश्चिक** — लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

**धनु** — जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**मकर** — प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। स्वविवेक से कार्य करें। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। पूजा-पाठ आदि धार्मिक कार्य संपन्न होंगे।

**कुम्भ** — किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म में रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी।


**मीन** — अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है।

### म.प्र के स्कूलों में पढ़ाया जाएगा 'आपातकाल का संघर्ष' : मोहन यादव

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने 'आपातकाल के संघर्ष' को स्कूलों में पढ़ाने का ऐलान किया है। राजधानी भोपाल में बुधवार को मुख्यमंत्री आवास पर 'लोकतंत्र सेनानी सम्मान समारोह' आयोजित किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आपातकाल के दौरान किए गए लोगों के संघर्षों को याद किया। साथ ही ऐलान किया कि आपातकाल को राज्य के स्कूलों के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र सेनानियों को सर्किट हाउस और रेस्ट हाउस में 50 प्रतिशत किराए पर तीन दिन तक रुकने की सुविधा का लाभ मिलेगा। गंभीर रूप से बीमार होने पर मध्य प्रदेश सरकार की एयर एंबुलेंस की सुविधा मुहैया कराई जाएगी। वहीं, एयर टैक्सी में 25 फीसदी की छूट दी जाएगी। लोकतंत्र सेनानियों का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ होगा।

### नेपाल से निकलने वाली नदियों का जलस्तर बढ़ा

# सभी जगह पानी ही पानी



एजेंसी



**अररिया।** नेपाल के जल अधिग्रहण क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से नेपाल से निकलने वाली नदी सहित पहाड़ी नदियों के जलस्तर में इजाफा हो गया है। अचानक अररिया जिले की परमान, बकरा, रतुआ, नुनायनादी सहित अन्य पहाड़ी नदियों के जलस्तर में इजाफा हो गया है।सीमा क्षेत्र से जुड़े कई निचले इलाके में नदी का जलस्तर फैल गया है, जिससे लोगों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। सीमा पार नेपाल की औद्योगिक नगरी विराटनगर के कई इलाकों में अचानक नदी के पानी के गांव और सड़क पर पसर जाने के कारण लोग सुरक्षित ठिकानों की ओर निकलने लगे है।

# बिहार : आषाढ़ में झमाझम बारिश का इंतजार

### धान का बीज गिराने के लिए आसमान निहार रहे किसान

एजेंसी



**पटना।** बिहार में मानसून की बेरुखी अब किसानों की मुश्किलें बढ़ा रही हैं। आषाढ़ महीना चल रहा है लेकिन किसानों को अब भी झमाझम बारिश का इंतजार है। थोड़ी बहुत बारिश जरूर हुई है लेकिन वह खेती की गतिविधियों को शुरू करने के लिए नाकाफी है। किसान अब तक धान के बिचड़े खेतों में नहीं डाल पाए हैं, जिससे धान की खेती के पिछड़ने की संभावना बढ़ गयी है।

इस साल कृषि विभाग ने 36.56 लाख हेक्टेयर में धान की खेती का लक्ष्य रखा है। बताया जाता है कि अभी तक 40 से 45 प्रतिशत ही बिचड़े खेतों में गिराए गए हैं। ऐसी स्थिति में कृषि विभाग ने भी तैयारी शुरू कर दी है।

कृषि वैज्ञानिकों का भी मानना है कि अब तक बिचड़े खेतों में पड़ जाने चाहिए थे। राजेन्द्र प्रसाद कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों का कहना है कि लंबी अवधि की प्रजाति को देर से डालने वाले किसानों के लिए रबी तक पहुंच कम हो जाएगी। लंबी अवधि का बिचड़ा अब तक खेतों में पड़ जाना चाहिए था। हालांकि शॉर्ट टाइम वाले प्रभेद के लिए अभी एक सप्ताह का टाइम और है।

कृषि वैज्ञानिक डॉ अखिलेश ने कहा कि किसान 110 से 135 दिनों के कम और मध्यम अवधि वाले धान लगा सकते हैं। बारिश नहीं हो रही है, ऐसे में उत्पादन घटेगा। हाइब्रिड धान की वैरायटी भी लगाना ठीक होगा। इस बीच, मानसून की बेरुखी के बाद कृषि विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। विभाग सूखे की स्थिति में फसलों की सिंचाई के लिए डीजल अनुदान देगा। इसके लिए राशि भी स्वीकृत कर ली गई है। बताया गया है कि मौसम पूर्वानुमान में राज्य में कई इलाकों में सामान्य तो कई इलाकों में सामान्य से कम बारिश की आशंका जताई गई है। ऐसे में सूखे की भी संभावना प्रबल है। इस कारण संभावित अनियमित मानसून, सूखा और अल्पवृष्टि जैसी स्थिति में सिंचाई के लिए डीजल अनुदान दिया जायेगा जिससे धान के बिचड़ों और खेतों में लगी फसल बचाई जा सके। किसान बताते हैं कि जिन खेतों में अभी दलदल होनी चाहिए, वहां लंबी और गहरी दरारें दिख रही हैं। खेतों में दूर-दूर तक कहीं भी बिचड़ा डालने के हालात नहीं है। वर्षा में और देरी हुई तो सबसे अधिक नुकसान धान की फसल को हो सकता है।

बिहार कृषि प्रधान राज्य है और धान यहां की मुख्य फसल है। बिहार का 'धान का कटोरा' कहा जाने वाला शाहबाद अभी तक पूरी तरह सूखा है। किसानों का मानना है कि अभी भी मानसून की गति धीमी बनी हुई है। जल्द बारिश नहीं हुई तो जिन इलाकों में रोपाई के लिए बिचड़ा तैयार किया गया है, वह भी सूख जाएगा। हालांकि, जिनके पास सिंचाई के अपने साधन हैं, वे इस स्थिति को कुछ हद तक झेल सकते हैं।

## टी-20 वर्ल्ड कप 2024

**साउथ अफ्रीका बनाम अफगानिस्तान**
प्रातः 06.00 बजे से, **स्टेडियम :** ब्रायन लारा

**भारत बनाम इग्लैंड**
शाम 08.00 बजे से, **स्टेडियम :** प्रोविडेंस

## यूरो कप-2024

**1 जॉर्जिया बनाम पुर्तगाल**
प्रात : 12.30 बजे से
**स्टेडियमः** एरिना औफशाल्के, स्टेडियम

**2 टर्की बनाम चेक गणराज्य**
प्रात : 12.30 बजे से
**स्टेडियमः** वोल्क्सपार्कस्टेडियन

## एक नजर

### कपिल सर्वसम्मति से पीजीटीआई के अध्यक्ष चुने गए

**नई दिल्ली।** भारत को अपनी कप्तानी में 1983 में पहली बार विश्व कप जीत दिलाने वाले महान क्रिकेटर कपिल देव को सर्वसम्मति से प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) का अध्यक्ष चुन लिया गया है। कपिल 2021 में बोर्ड सदस्य बने थे और पीजीटीआई के उपाध्यक्ष के रूप में भी काम कर चुके हैं। वह एच आर श्रीनिवासन से यह जिम्मेदारी संभालेंगे जिनका कार्यकाल समाप्त हो चुका है।
65 वर्षीय कपिल ने कहा,"भारतीय प्रो गोल्फर्स पिछले कुछ वर्षों से अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। आज हमारे पास सभी बड़े टूर में भारतीय प्रो शामिल हैं और लगातार तीसरी बार ओलंपिक में हमारे दो गोल्फर उतरेंगे।

### आईसीसी ने फ्रैंक डकवर्थ के निधन पर जताया शोक

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार देर रात डकवर्थ-लुईस-स्टर्न (डीएलएस) पद्धति के सह-निमार्ता फ्रैंक डकवर्थ के निधन पर दुख व्यक्त किया है। इस पद्धति का उपयोग मौसम से प्रभावित सीमित ओवरों के खेलों में लक्ष्य निर्धारित करने के लिए किया जाता है। 84 वर्षीय डकवर्थ, जो 2014 तक आईसीसी के सलाहकार सांख्यिकीविद् थे, का शुक्रवार को निधन हो गया था। आईसीसी के महाप्रबंधक - क्रिकेट संचालन, वसीम खान ने डकवर्थ के निधन पर शोक व्यक्त किया और खेल में उनके योगदान को स्वीकार किया।

### भारत और इंग्लैंड के बीच प्रोविडेंस में खेला जाएगा आज का सेमीफाइनल

# भारत के पास बदला लेने का मौका

**एजेंसी। नई दिल्ली**
टी20 विश्व कप 2024 अब अपने चरम की तरफ बढ़ रहा है। सुपर-8 के मुकाबले खत्म हो चुके हैं और अब 27 जून को सेमीफाइनल के मैच खेले जाएंगे। पहला मुकाबला अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के बीच भारतीय समयानुसार सुबह छह बजे से खेला जाएगा। वहीं, दूसरा मैच रात आठ बजे भारत और इंग्लैंड के बीच प्रोविडेंस में खेला जाएगा। इस मुकाबले में भारतीय टीम के पास इंग्लैंड से बदला लेने का सुनहरा मौका है।



**टी20 में भारत का इंग्लैंड पर दबदबा**

| 23 | 12 | 12 |
|---|---|---|
| कुल मुकाबले | भारत जीता | इंग्लैंड जीता |

**पिछले सेमीफाइनल में भारत को मिली थी हार**
टी20 विश्व कप 2022 में इंग्लैंड ने भारत को सेमीफाइनल में 10 विकेट से हराया था। इंग्लैंड ने जोस बटलर और एलेक्स हेल्स की अगुवाई में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत को करारी शिकस्त दी थी।

**दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग 11**

**भारत**
रोहित शर्मा (कप्तान), विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव, शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह।

**इंग्लैंड**
फिल सॉल्ट, जोस बटलर (कप्तान और विकेटकीपर), जॉनी बेयरस्टो, हैरी ब्रूक, मोइन अली, लियाम लिविंगस्टोन, सैम करन, क्रिस जॉर्डन, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद, रीस टॉप्ली।

**सुपर आठ में शीर्ष पर रहकर भारत ने किया क्वालिफाई**
भारतीय टीम टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन कर रही है और उसने ऑस्ट्रेलिया को हराकर सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया है। भारत इस टूर्नामेंट में अब तक अजेय चल रही है और उसने ग्रुप चरण के बाद सुपर आठ में भी शीर्ष पर रहकर इस चरण का समापन किया। दूसरी तरफ, इंग्लैंड ने अमेरिका को हराकर सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई किया था। इससे पहले भी 2022 में दोनों टीमों का सामना अंतिम चार में हुआ था जहां इंग्लैंड की टीम जीत दर्ज करने में सफल रही थी।

# इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में भारत का पलड़ा भारी : रॉबिन

**एजेंसी। नई दिल्ली**
भारत ने टी20 विश्व कप 2024 के नॉकआउट स्टेज में जगह बना ली है। टीम 27 जून को इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे सेमीफाइनल में खेलेगी। इस मैच में भारत की संभावना और दोनों टीमों में किसका पलड़ा भारी है, इन तमाम सवालों को लेकर आईएएनएस ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर रॉबिन सिंह से खास बातचीत की है।



सुपर-8 के अपने आखिरी मैच में रोहित ब्रिगेड ने ऑस्ट्रेलिया को हरा कर लगातार दूसरे विश्व कप में सेमीफाइनल में एंट्री मारी है। इस जीत के साथ भारत ने कंगारुओं से वनडे विश्व कप फाइनल की हार का बदला भी चुका लिया।
टीम इंडिया अपने ग्रुप-1 की टेबल टॉपर रही और अब उसका सामना सेमीफाइनल के मंच पर इंग्लैंड से होगा। ऑस्ट्रेलिया को सबक सिखाने के बाद टीम इंडिया के पास अब दो साल पुरानी हार का बदला लेने का भी मौका होगा।
टी20 विश्व कप 2022 में भी सेमीफाइनल में भारत का सामना इंग्लैंड से था, जहां अंग्रेजों ने एडीलेड में खेले गए उस मैच में भारत को 10 विकेट से हराते हुए फाइनल में जगह बनाई थी और खिताब जीता था। अब करीब दो साल बाद भारतीय टीम वही हिसाब पूरा करने 27 जून को मैदान पर उतरेगी। ध्यान रहे कि इस बार टीम इंडिया के पास जसप्रीत बुमराह का साथ भी है, जो चोटिल होने के कारण पिछले टी20 विश्व कप से बाहर थे।
इस टक्कर को लेकर पूर्व भारतीय क्रिकेटर रॉबिन सिंह ने भी मौजूदा टीम इंडिया का पलड़ा हावी बताया है। आईएएनएस के साथ खास बातचीत में उन्होंने कहा कि टूनामेंट में रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम का प्रदर्शन शानदार रहा और सेमीफाइनल में वो इंग्लैंड के खिलाफ फेवरेट माने जा रहे हैं।

### 19 जुलाई से महिला टी20 एशिया कप 2024

# पहले दिन भारत का सामना पाकिस्तान से

**एजेंसी। दांबुला**
महिला टी20 एशिया कप 2024 की शुरूआत 19 जुलाई को भारत और पाकिस्तान के बीच धमाकेदार मुकाबले से होगी। मंगलवार को एशियन क्रिकेट काउंसील (एसीसी) ने टूनामेंट के कार्यक्रम की घोषणा की।
भारत और पाकिस्तान दिन के दूसरे मैच के लिए मैदान में उतरेंगे, जबकि पहले दिन टूनामेंट के पहले मैच में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का सामना नेपाल से होगा। आठ टीमों के इस टूनामेंट में भारत को यूएई और नेपाल के साथ ग्रुप ए में रखा गया है, जबकि ग्रुप बी में मेजबान श्रीलंका, बांग्लादेश, मलेशिया और थाईलैंड शामिल हैं।
एशियाई क्रिकेट परिषद द्वारा तैयार और घोषित कार्यक्रम के अनुसार, प्रत्येक समूह से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी, जो 26 जुलाई को खेला जाएगा जबकि फाइनल 28 जुलाई को होगा।
अपने अन्य मैचों में, भारत 21 जुलाई को यूएई और 23 जुलाई को नेपाल से खेलेगा।
प्रारंभिक चरण में प्रतिदिन दो मैच खेले जाएंगे, जो 24 जुलाई तक जारी रहेंगे।



**कार्यक्रम**
- 19 जुलाई : यूएई बनाम नेपाल; भारत बनाम पाकिस्तान
- 20 जुलाई : मलेशिया बनाम थाईलैंड; श्रीलंका बनाम बांग्लादेश
- 21 जुलाई : भारत बनाम यूएई; पाकिस्तान बनाम नेपाल
- 22 जुलाई : श्रीलंका बनाम मलेशिया; बांग्लादेश बनाम थाईलैंड
- 23 जुलाई : पाकिस्तान बनाम यूएई; भारत बनाम नेपाल
- 24 जुलाई : बांग्लादेश बनाम मलेशिया; श्रीलंका बनाम थाईलैंड
- 26 जुलाई : सेमीफाइनल 1; सेमीफाइनल 2
- 28 जुलाई : फाइनल

**मैच स्थानीय समयानुसार दोपहर 2 बजे और शाम 7 बजे खेले जाएंगे।**


### राष्ट्रीय कैंप में झारखंड की पांच हॉकी खिलाड़ी आमंत्रित




**रांची।** साई सेंटर, बैंगलोर में आठ जुलाई से 31 अगस्त तक जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम का राष्ट्रीय कैंप आयोजित है। इसमें झारखंड के पांच खिलाड़ियों को भी आमंत्रित किया गया है। इन पांच खिलाड़ियों में से चार खिलाड़ी नीरू कुल्लू, रजनी केरकेट्टा, निराली कुजूर और निशा मिंज सिमडेगा जिला की रहने वाली हैं तथा एक खिलाड़ी बिनीमा धान खूंटी जिला की रहने वाली है। राष्ट्रीय हॉकी कैंप में झारखंड के पांच खिलाड़ियों को आमंत्रित करने पर हॉकी झारखंड के समस्त पदाधिकारियों ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामना दी है।

# यूरो 2024 : ऑस्ट्रिया ने नीदरलैंड को हराया, पोलैंड और फ्रांस का मैच 1-1 से ड्रॉ

**एजेंसी। डॉर्टमुंड**
ऑस्ट्रिया ने यूरो 2024 में मंगलवार को ग्रुप डी में नीदरलैंड को 3-2 से हराया, जबकि पोलैंड ने ग्रुप प्ले के अंतिम मैच में फ्रांस के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला। बर्लिन ओलंपिया स्टेडियम में नीदरलैंड की शुरूआत खराब रही। डोनियल मालेन ने अलेक्जेंडर्स प्रैस के स्क्वायर पास को गोल में तब्दील किया, जिससे ऑस्ट्रिया को छठे मिनट में 1-0 की बढ़त मिल गई। यहां से नीदरलैंड ने वापसी की कोशिश की, लेकिन टीम ने कई मौके गंवा दिए। हालांकि ऑस्ट्रिया ने आक्रामक रवैया अपनाया रखा। पहले हाफ में ऑस्ट्रिया ने अपनी 1-0 की बढ़त बनाए रखी। दूसरे हाफ के दूसरे मिनट में कोडी गाकपो ने गोल कर नीदरलैंड को 1-1 से बराबरी दिला दी। लेकिन रोनाल्ड कोमैन की टीम के लिए यह खुशी क्षणिक थी। फ़्लोरियन ग्रिलिट्श के सटीक क्रॉस से रोमानो शिमड ने 59वें मिनट पर गोल कर ऑस्ट्रिया को फिर से 2-1 की बढ़त दिला दी। नीदरलैंड की टीम ने भी हार नहीं मानी और 75वें मिनट में मेम्फिस डेपे ने हेडर से वाउट वेगॉर्ट की सहायता से गोल करके स्कोर 2-2 कर दिया। यहां से मुकाबला काफी रोमांचक हो गया, लेकिन ऑस्ट्रिया ने 80वें मिनट में मार्केल सबित्जर की गोल की बदौलत मैच में 3-2 से बढ़त हासिल की और अंत में यह गोल निर्णायक साबित हुआ। ऑस्ट्रिया के मुख्य कोच राल्फ रंगनिक ने कहा, टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। वे हमेशा वापसी करते हैं और वह भी एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ, जो सराहनीय है। हमने यहां एक उत्कृष्ट जीत हासिल की। ग्रुप डी के दूसरे मुकाबले में फ्रांस को पोलैंड के खिलाफ 1-1 से ड्रा खेलना पड़ा।



## व्यापार/लाइफ व साइंस

### नेशनल पेंशन स्कीम से अप्रैल में जुड़े 1.1 लाख नए सब्सक्राइबर

**नई दिल्ली।** नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) से अप्रैल में 1,10,655 नए सब्सक्राइबर जुड़े हैं। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से जारी किए आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। डेटा के मुताबिक, नए सब्सक्राइबर में दो तिहाई राज्य सरकार के कर्मचारी हैं। अप्रैल में नेशनल पेंशन स्कीम में करीब 79,876 राज्य सरकार के कर्मचारियों ने पंजीकरण किया है। वहीं, केंद्र सरकार के 20,000 कर्मचारियों ने इस योजना को सब्सक्राइब किया है। 10,250 सब्सक्राइबर्स कॉरपोरेट सेक्टर से थे। डेटा के अनुसार 43.8 प्रतिशत नए सब्सक्राइबर्स 18 से 28 वर्ष की आयु वर्ग के थे, जिन्हें पहली बार नई नौकरी मिली है, जो कि दिखाता है कि देश में रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं।

### ग्लोबल फिनटेक इंडस्ट्री की आय 14 प्रतिशत की दर से बढ़ी

**नई दिल्ली।** फंडिंग और वैल्यूएशन में बदलाव के बाद भी ग्लोबल फिनटेक इंडस्ट्री ने 2021 से 2023 तक 14 प्रतिशत की वार्षिक ग्रोथ दर्ज की है। बुधवार को जारी की गई एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। इस रिपोर्ट में कहा गया कि भारत को डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) में निवेश करने का फायदा मिल रहा है। बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) और क्यूईडी इन्वेस्टर्स द्वारा जारी की गई रिपोर्ट में बताया गया कि ब्राजील और भारत को डीपीआई में निवेश करने का फायदा मिल रहा है।

# वित्त मंत्रालय ने सार्वजनिक बैंकों से गांवों में ज्यादा शाखाएं खोलने को कहा

**एजेंसी। नई दिल्ली**
वित्त मंत्रालय ने बुधवार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रमुखों से गांवों में और शाखाएं खोलने के काम में तेजी लाने के लिए कहा ताकि सरकार द्वारा शुरू की गई वित्तीय समावेशन की पहल को मजबूती प्रदान की जा सके। वित्तीय सेवा विभाग के सचिव विवेक जोशी ने यहां एक समीक्षा बैठक में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक प्रमुखों से कहा कि सरकार की विभिन्न प्रमुख योजनाओं के माध्यम से देश में सामाजिक सुरक्षा का विस्तार किया गया है और वित्तीय समावेशन का दायरा बढ़ाया गया है। बैंकों को सरकार की वित्तीय समावेशन पहलों को और मजबूत करने के लिए अंतिम लक्ष्य तक पहुंचने के उद्देश्य से पुरजोर प्रयास करने चाहिए। बैठक में सीकेवाईसी, जन समर्थ पोर्टल और आधार सीडिंग से जुड़े मसलों पर भी चर्चा की गई।
जिन गांवों में अब तक बैंकिंग की सुविधा नहीं है, वहां शाखाएं खोलने की दिशा में बैंकों द्वारा की गई प्रगति के बारे में उन्होंने विस्तार से जानकारी ली। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टैंड अप इंडिया, पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि, पीएम विश्वकर्मा, पीएम सूर्य घर योजना, इथेनॉल ब्लेंडिंग इन पेट्रोल और कॉम्प्रेस्ड बायोगैस जैसी वित्तीय समावेशन योजनाओं की समीक्षा की गई। सचिव ने बैंकों से अनुरोध किया कि वे हर तरह की बैंकिंग सेवाओं के लिए ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाने पर जोर दें।
समीक्षा बैठक में यूआईडीएआई, नाबार्ड, सिडबी, मुद्रा लिमिटेड, सीईआरएसएआई और एनसीजीटीसी के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। यूआईडीएआई के सीईओ ने नये उत्पादों के बारे में जानकारी दी जो आधार ऑथेंटिकेशन के दौरान बैंकों के लिए लाभकारी हो सकते हैं।



### भारत की जीडीपी वृद्धि दर औसत 8.3 प्रतिशत रही

**मुंबई।** आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि भारत की जीडीपी स्थिर रूप से 8 प्रतिशत की विकास दर की तरफ बढ़ रही है। इसकी वजह अहम आर्थिक सुधार जैसे जीएसटी का होना है। बॉम्बे चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की 188वीं एजीएम (एनुअल जनरल मीटिंग) में दास ने कहा कि पिछले तीन वर्ष में भारत की औसत जीडीपी वृद्धि दर 8.3 प्रतिशत रही है। इस वर्ष जीडीपी के 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। आगे कहा कि भारत के आर्थिक विकास की गति मजबूत बनी हुई है और यह आने वाले महीनों में और मजबूत होगी और देश 8 प्रतिशत की विकास दर पाने के रास्ते पर स्थिर गति से बढ़ रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर ने कहा कि निजी सेक्टर की ओर से पूंजीगत व्यय बढ़ रहा है और आगे इसके और तेज होने की उम्मीद है।

# सैमसंग अगले महीने लाएगा एआई फीचर्स के साथ फोल्डेबल स्मार्टफोन

**एजेंसी। नई दिल्ली**
आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस फीचर्स के साथ सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स अगले महीने गैलेक्सी सीरीज में फोल्डेबल स्मार्टफोन लॉन्च कर सकता है। सैमसंग ने कहा कि 'गैलेक्सी अनपैक्ड 2024' इवेंट पेरिस में 10 जुलाई को होगा, जो पेरिस समर ओलंपिक के उद्घाटन से लगभग दो सप्ताह पहले है। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, सैमसंग ने इस बारे में अधिक जानकारी नहीं दी है। लेकिन बाजार पर नजर रखने वालों को उम्मीद है कि सैमसंग अपनी नई गैलेक्सी जेड फोल्ड सीरीज और गैलेक्सी जेड फ्लिप 6 को बिल्ट-इन जेनरेटिव एआई के साथ पेश करेगा। अनपैक्ड इवेंट में सैमसंग अपने पहले गैलेक्सी रिंग स्मार्ट डिवाइस और गैलेक्सी वॉच 7 सीरीज से भी पर्दा उठा सकता है। इस महीने की शुरूआत में कंपनी ने गैलेक्सी एआई सुविधाओं को अपने स्वयं के मूल कॉलिंग ऐप से परे विस्तारित करने और आगामी फोल्डेबल डिवाइस के लिए गैलेक्सी एआई अनुभव को पेश करने की घोषणा की थी। कंपनी जल्द ही वॉयस कॉल का समर्थन करने के लिए अन्य थर्ड-पार्टी मैसेज ऐप में 'लाइव ट्रांसलेट' टूल का विस्तार करेगी। सैमसंग ने कहा कि जैसे-जैसे मोबाइल एआई युग तेजी से आगे बढ़ रहा है, वह न केवल आज, बल्कि कल की जरूरतों को पूरा करने के लिए मोबाइल एआई नवाचारों पर काम कर रहा है।



# ऑल टाइम हाई पर बाजार, सेंसेक्स पहली बार 78,500 के पार बंद

**एजेंसी। मुंबई**
भारतीय शेयर बाजार के लिए बुधवार का कारोबारी सत्र काफी शानदार रहा। बाजार में चौतरफा खरीदारी देखी गई। दिन के कारोबार के दौरान सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने क्रमशः 78,759 और 23,889 का नया ऑल टाइम हाई बनाया। सेंसेक्स 620 अंक या 0.80 प्रतिशत बढ़कर 78,674 और निफ्टी 147 अंक या 0.62 प्रतिशत बढ़कर 23,868 पर बंद हुआ। बैंकिंग शेयरों ने कारोबारी सत्र में बाजार को लीड किया। निफ्टी बैंक 264 अंक या 0.50 प्रतिशत बढ़कर 52,870 पर बंद हुआ। लार्जकैप के मुकाबले मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों का प्रदर्शन सुस्त था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 122 अंक या 0.22 प्रतिशत गिरकर 55,245 पर बंद हुआ। हालांकि, निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 45 अंक या 0.25 प्रतिशत बढ़कर 18,288 पर बंद हुआ है। सेक्टर के हिसाब से देखें तो पीएसयू बैंक, एनर्जी, फिन सर्विस, फार्मा, एफएमसीजी और मीडिया इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए हैं। ऑटो, मेटल, रियल्टी और आईटी इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए हैं। भारती एयरटेल, अल्ट्राटेक सीमेंट, आईसीआईसीआई बैंक, सन फार्मा, एक्सिस बैंक और एनटीपीसी टॉप गेनर्स थे। एमएंडएम, टाटा स्टील, टेक महिंद्रा और जेएसडब्ल्यू स्टील टॉप लूजर्स थे। बाजार के जानकारों का कहना है कि लार्जकैप शेयरों में वैल्यूएशन सही है। इस कारण से घरेलू बाजार ने नया ऑल टाइम हाई बनाया है।




### एफएमसीजी सेक्टर की वृद्धि दर 7 से 9 प्रतिशत रह सकती है

**नई दिल्ली।** भारत सरकार की ओर से खपत बढ़ाने और नई नौकरियां पैदा करने के प्रयासों के कारण एफएमसीजी सेक्टर की वृद्धि दर 2024 में 7 से लेकर 9 प्रतिशत के बीच रह सकती है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।
आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि आने वाले समय में एफएमसीजी सेक्टर में मजबूत ग्रोथ देखने को मिल सकती है। 2024 में यह सेक्टर 7 से 9 प्रतिशत की दर से बढ़ सकता है। रिपोर्ट में बताया गया कि एफएमसीजी सेक्टर की ग्रोथ बढ़ रही है और इसका आकार 9.1 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक का है।

# 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी में लगी 11,000 करोड़ रुपये की बोली

**एजेंसी। नई दिल्ली**
5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी में बुधवार को 11,000 करोड़ रुपये से ज्यादा की बोली लगी। इसमें भारती एयरटेल सबसे बड़ी कंपनी के रूप में उभरी है। सरकार की ओर से किए जा रहे 96,000 करोड़ रुपये के स्पेक्ट्रम की नीलामी में सबसे ज्यादा मांग 900 मेगाहर्ट्ज और 1800 मेगाहर्ट्ज के स्पेक्ट्रम की रही।
टेलीकॉम एनालिस्ट पराग कर के मुताबिक 900 मेगाहर्ट्ज के स्पेक्ट्रम के लिए 6,985 करोड़ रुपये की बोली लगी है और वहीं 1800 मेगाहर्ट्ज के लिए 3,579 करोड़ रुपये की बोली लगी है। पराग कर ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि 2,100 मेगाहर्ट्ज में भारती एयरटेल द्वारा 545 करोड़ रुपये की एकमात्र बोली लगाई गई है। वहीं, वोडाफोन आइडिया (वीआई) 2500 मेगाहर्ट्ज में बोली लगाने वाली एकमात्र कंपनी थी। टेलीकॉम डिपार्टमेंट द्वारा इस नीलामी में 800 मेगाहर्ट्ज, 900 मेगाहर्ट्ज, 1,800 मेगाहर्ट्ज, 2,100 मेगाहर्ट्ज, 2,300 मेगाहर्ट्ज, 2,500 मेगाहर्ट्ज, 3,300 मेगाहर्ट्ज और 26 गीगाहर्ट्ज के बैंड नीलामी के लिए रखे गए थे।



# राज्य सरकार सुनिश्चित करे कि रात 12 बजे के बाद ना खुलें बार-रेस्टोरेंट




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड हाई कोर्ट ने बुधवार को सुनवाई के दौरान कहा कि राज्य सरकार यह सुनिश्चित करे कि रात 12:00 बजे के बाद किसी भी हालत में बार एवं रेस्टोरेंट खुला नहीं रहे। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि पुलिस की टीम बनाई गई है जो बार एवं रेस्टोरेंट पर नजर रखेगी। मामले की अगली सुनवाई नौ जुलाई को होगी। सरकार की ओर से यह भी कोर्ट को बताया गया कि रांची शहर में चल रहे बार एवं रेस्टोरेंट के बंद होने एवं खुलने होने का समय कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। कोर्ट ने मौखिक कहा कि अफीम, चरस, गांजा के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई के संबंध में सरकार का शपथ पत्र अदालत को गुमराह वाला नहीं होना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि रांची शहर में बार एवं रेस्टोरेंट की संख्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है। इनमें कई ऐसे भी हैं, जिन्होंने लाइसेंस नहीं लिया है और उनके यहां शराब पीने की व्यवस्था रहती है। इनके खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जाए। पुलिस नशा रोकने के अभियान को सिर्फ आईवास के रूप में ना ले। सामाजिक दायित्व देखते हुए नशा उन्मूलन के लिए अभियान चलाएं। कोर्ट ने कहा कि राजधानी रांची के लालपुर, डोरंडा, बिरसा चौक के आसपास, तुपुदाना में कई रेस्टोरेंट खुले हैं, जहां लोग रात में शराब का सेवन करते हैं। इन रेस्टोरेंट के पास बिना लाइसेंस के ही शराब की व्यवस्था रहती है। नारकोटिक्स क्राइम ब्यूरो के अधिवक्ता ने कहा कि सैटेलाइट मैपिंग के माध्यम से पुलिस को कई अफीम की खेती के बारे में उनकी ओर से जानकारी दी गई थी, जिसे पुलिस ने ध्वस्त कर दिया।

# झारखंड हाई कोर्ट ने मेनहर्ट घोटाला मामले में खारिज की सरयू राय की क्रिमिनल रिट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड हाई कोर्ट ने बुधवार को राज्य के पूर्व मंत्री और जमशेदपुर के निर्दलीय विधायक सरयू राय की उस क्रिमिनल रिट को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने मेनहर्ट घोटाला की जांच की मांग की थी। केस से जुड़े सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने 22 जून को फैसला सुरक्षित रख लिया था। हाई कोर्ट के जस्टिस आनंद सेन की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई थी। निर्दलीय विधायक सरयू राय झारखंड विधानसभा में भी मेनहर्ट का मुद्दा उठा चुके हैं। सरयू राय ने कहा था कि झारखंड के अलग राज्य बनने के बाद रांची के कुछ समाजसेवी की ओर से झारखंड हाई कोर्ट में याचिका दी गई, जिसमें कोर्ट ने 2003 में अहम आदेश दिया है। इसमें प्रदेश सरकार को राजधानी रांची में भी सीवरेज-ड्रेनेज प्रणाली विकसित करने के लिए कहा था। उस आदेश के बाद तत्कालीन नगर विकास मंत्री बच्चा सिंह के आदेशानुसार परामर्शी बहाल करने के लिए टेंडर निकाल कर दो परामर्शियों का चयन किया गया लेकिन इसी बीच सरकार बदल गई।


**Office of the Executive Engineer**
**Drinking Water and Sanitation Division, Latehar**

**E-Procurement Very Short Tender Notice**

Tender Reference No. DWSD/LTR/PVTG/MWSS-06/2024-25(2nd call)Date – 26.06.2024

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | बेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | :– | 27.06.2024 अपराहन 02:00 बजे तक। |
| 02 | निविदा प्राप्ति (आनॅ लाईन बिडिंग) की अंतिम तिथि एवं समय | :– | 03.07.2024 अपराहन 05:00 बजे तक। |
| 03 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0–गर्वेनस झारखण्ड मंत्रालय के ज्ञापांक– 120 दि0–03.10.23 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राषि Online जमा करने की तिथि | :– | 03.07.2024 अपराहन 05:00 बजे तक। |
| 04 | तकनीकी बीड खोलने की तिथि | :– | 05.07.2024 अपरान 02:00 बजे तक। |
| 05 | तकनीकी बीड खोलने का स्थान | :– | कार्य0 अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्व0 प्रमंडल लातेहार। |
| 06 | निविदा आमंत्रित करने का पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम | :– | ई0 दीपक कुमार महतो, कार्य0 अभियंता, पेयजल एवं स्व0 प्रमंडल लातेहार। |
| 07 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का मो0 न0 | :– | 9199154542 – 6201242103 |

**Detail of work;-**

| Sl No | Name of work | Group No | No Of Scheme | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of Boq | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01<br>02<br>03<br>04<br>05<br>06<br>07<br>08<br>09 | Construction of Rural water supply Scheme for PVTG Villages in Different Block of Latehar District for F.Y 2024-25 | PVTG/WSS-09 | 01 | 659920.00 | 14000.00 | 1250.00 | 45 days |

1.Estimated Cost & EMD coat may Be Changed
2.Further details can be seen on website http://jharkhandtender.gov.in
3.Only Registerd Contractor in this Department in (Appropritate Class) Participate in said Tender.

Executive Engineer
D.W & S Division Latehar

PR 327712 (Drinking Water and Sanitation) 24-25 (D)


## पृष्ठ एक का शेष

**नशा मुक्त झारखंड बनाना सरकार की...**
क्षति पहुंचती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा वर्ग अगर नशे की चपेट में रहेंगे तो उनके जीवन के साथ राज्य और देश के भविष्य पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। किसी भी हाल में राज्य के युवाओं को नशे की चपेट में नहीं आने देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हमसभी लोगों को यह संकल्प और प्रतिज्ञा लेने का दिन है कि स्वयं के साथ-साथ दूसरों को भी नशा से दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे तथा नशा मुक्त समाज के निर्माण में अपनी महत्ती भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने मादक पदार्थों पर रोक के लिए पूर्णतः संकल्पित झारखंड सरकार.. पुस्तक का अनावरण भी किया गया। मादक पदार्थों के विरुद्ध राज्य स्तरीय जागरुकता कार्यक्रम में मानव श्रृंखला, साइकिल दौड़, बच्चों का मैराथन दौड़ आदि कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मुख्य सचिव एल खियांग्ते, डीजीपी अजय कुमार सिंह, प्रधान सचिव वंदना दादेल, महिला व बाल विकास एवं समाज कल्याण विभाग के सचिव मनोज कुमार, पर्यटन विभाग के सचिव मनोज कुमार, डीजी सीआईडी अनुराग गुप्ता, आईजी सीआईडी, डीआईजी रांची, उपायुक्त रांची, वरीय पुलिस अधीक्षक रांची सहित अन्य गणमान्य लोग एवं स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

**बाइक सवार तीन युवकों को पुलिस ने...**
मोटरसाइकिल को भी जब्त किया गया। अवैध तरीके से हथियार रखने के आरोप में रिशु कुमार पांडेय उम्र 22 वर्ष पिता संजय पांडेय उर्फ संजय दास, शशिरंजन उर्फ पंचम कुमार उम्र 19 वर्ष पिता सुरेश राम, खिलेश कुमार उर्फ छोटु भुईंया उम्र 19 वर्ष पिता पंतु भुईंया तीनों ग्राम गोपालगंज, थाना लेस्लीगंज जिला पलामू के विरुद्ध सतबरवा कांड में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। तीनों युवकों को न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया गया। रिशु कुमार पांडेय व शशि रंजन कुमार उर्फ पंचम कुमार 2023 में लेस्लीगंज थाना क्षेत्र में मारपीट के आरोप में जेल जा चुका है। से जेल भी जा चके हैं। बताया कि सतबरवा थाना अंतर्गत पोखराहा के पास पीड़ित अवधेश यादव के साथ उपरोक्त तीनों अभियुक्तों द्वारा फायरिंग कर मारपीट कर मोबाइल छीन लिया था। प्रेस कांफ्रेंस एएसआई बंसत दुबे, राजीव कुमार, सुबोध कुमार उपस्थित थे।

**नीट पेपर लीक मामले की जांच करने...**
से संबंधित जानकारी 20 जुलाई को एनटीए से मिलने के बाद स्पष्ट हुआ कि यह सीरियल कोड हजारीबाग के मंडई रोड के कल्लू चौक स्थित ओएसिस स्कूल का है। इसके बाद ईओयू की टीम ने हजारीबाग जाकर इसका सत्यापन किया।सत्यापन में पैकिंग ट्रंक में प्रथम दृष्टया छेड़छाड़ होना पाया गया है। हजारीबाग ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल सह एनटीए सिटी कोऑर्डिनेटर डॉ. एहसान उल हक ने पिछले दिनों बताया था कि एनटीए के दिशा-निदेर्शों का पालन करते हुए उन्होंने पांच मई को नीट यूजी परीक्षा आयोजित की थी। पेपर लीक मामले की जांच बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) की टीम कर रही है। हजारीबाग पहुंचकर टीम ने जानकारी जुटाई। इसमें उन्होंने पूरा सहयोग किया। ईओयू की जांच के दौरान कूरियर स्टाफ ने बताया कि प्रश्नपत्रों के बॉक्स तीन मई को ब्लू डार्ट कूरियर सर्विस द्वारा एसबीआई बैंक (हजारीबाग) में पहुंचाए गए थे। प्रश्नपत्रों के बॉक्स रांची से हजारीबाग कार से लाए गए थे और उन बॉक्सों को ई-रिक्शा से बैंक भेजा गया था।

**11 हजार बिजली तार की चपेट में...**
पुत्र पियुष महली (11) तथा कार्तिक उरांव की (8) की पुत्री दिव्या कुमारी तथा अन्य बच्चे गांव से बाहर बकरी चराने गए थे। बकरी चराने के दौरान खेत में लगे कोयनार के पेड़ में पियुष तथा दिव्या चढ़ कर दोलपात खेल रहें थे। इसी बीच पियुष पेड़ के बगल से गुजर रहें 11 हजार वोल्ट के विद्युत संचालित तार की चपेट में आ गया। पियुष का पैर जैसे ही बिजली के तार के सम्पर्क में आया पूरे पेड़ में करंट दौड़ गया तथा पियुष की मौके पर मौत हो गई। जबकि पेड़ में चढ़ी दिव्या कुमारी को जोर का झटका लगा। इससे दिव्या पेड़ से नीचे गिरकर घायल हो गई। पास में खड़े अन्य बच्चों ने पियुष को तड़पते देख परिजनों को सूचना दिया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायल दिव्या को आनन - फानन में इलाज के लिए कुडू सीएचसी पहुंचाया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया है।

**माड़न में जमीन विवाद को...**
मांग की है। इस संबंध में पांकी थाना प्रभारी उत्तम तिवारी ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर गोली चलने की घटना हुई है। ग्रामीणों की माने तो लगभग पांच राउंड फायरिंग हुई है। जिसमें एक बच्चे को गोली लगी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामले में अभी तक दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

**ध्वनिमत से ओम बिरला लगातार दूसरी...**
अनुप्रिया पटेल, किशन पाल, डॉ विरेन्द्र कुमार, एसपी सिंह बघेल और अनुप्रिया देवी ने ओम बिरला का नाम प्रस्तावित किया। वहीं अरविंद सावंत, आनंद भदौरिया, सुप्रिया सुले ने के. सुरेश का नाम प्रस्तावित किया। इन सदस्यों के प्रस्ताव को आगे एक-एक सदस्य ने अनुमोदन किया। अध्यक्ष के रूप में ध्वनिमत से चयन के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और नेता विपक्ष राहुल गांधी एवं संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने मिलकर ओम बिरला को अध्यक्षीय आसन पर बिठाया। राहुल गांधी ने इस दौरान प्रधानमंत्री से हाथ मिलाया। इसके बाद संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने प्रोटेम स्पीकर की भूमिका में भर्तहरि महताब और पैनल सदस्यों को धन्यवाद दिया।

**नए विजन और नूतन विचारों के साथ उच्च कोटि के मानदंड स्थापित हों : बिरला**
अध्यक्ष चुने जाने के बाद ओम बिरला ने देश की 64 करोड़ जनता को मतदान और चुनाव आयोग को सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि जनता की अपेक्षा और आकांक्षाएं बड़ी हैं। सामूहिक प्रयास के साथ हमें सदन में नए विजन और नूतन विचारों के साथ उच्च कोटि के मानदंड स्थापित करने चाहिए। इस बार 281 नए सदस्य चुनकर आए हैं। उन्हें नियम और परिपाटी का अध्ययन करना चाहिए। बिरला ने संविधान दिवस मनाए जाने के लिए प्रधानमंत्री का धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इस सदन को शोषित पीड़ितों के उत्थान के लिए कानून बनाने चाहिए। अध्यक्ष बिरला ने कहा कि सड़क और सदन में विरोध करने में अंतर होता है। मर्यादा के साथ विरोध करना चाहिए।

**संसद 140 करोड़ नागरिकों की...**
की कि उन्होंने महामारी के बावजूद सदन के कामकाज को बाधित नहीं होने दिया और उत्पादकता 170 प्रतिशत तक पहुंच गई। प्रधानमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि पुनः निर्वाचित अध्यक्ष नई सफलताएं प्राप्त करते रहेंगे। उन्होंने बीच के 20 वर्षों की अवधि के रुझान की ओर भी ध्यान दिलाया, जब अध्यक्ष चुने गए लोगों ने या तो चुनाव नहीं लड़ा या फिर अपनी नियुक्ति के बाद चुनाव नहीं जीता, लेकिन ओम बिरला ने फिर से विजयी होकर अध्यक्ष के रूप में इतिहास रच दिया है। 17वीं लोकसभा के दौरान लिए गए परिवर्तनकारी निर्णयों को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने अध्यक्ष के नेतृत्व की प्रशंसा की। उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम, जम्मू कश्मीर पुनर्गठन, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, सामाजिक सुरक्षा संहिता, व्यक्तिगत डेटा संरक्षण विधेयक, मुस्लिम महिला विवाह अधिकार संरक्षण विधेयक, ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के अधिकार संरक्षण विधेयक, उपभोक्ता संरक्षण विधेयक, प्रत्यक्ष कर- विवाद से विश्वास विधेयक जैसे ऐतिहासिक अधिनियमों का उल्लेख किया, जो ओम बिरला की अध्यक्षता में पारित किए गए। प्रधानमंत्री ने जी-20 देशों के विधायी निकायों के पीठासीन अधिकारियों के अत्यंत सफल पी-20 सम्मेलन के लिए भी अध्यक्ष की प्रशंसा की, जिसमें रिकॉर्ड संख्या में देशों ने भाग लिया।

# राष्ट्र के विकास के लिए सभी राज्यों का समग्र विकास महत्वपूर्णः राज्यपाल




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि राष्ट्र के विकास के लिए सभी राज्यों का समग्र विकास महत्वपूर्ण है। उन्होंने ऐसे समावेशी विकास की बात कही, जिसमें हर वर्ग और समुदाय की जरूरतें पूर्ण हों। वे बुधवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय( बीएयू) के 44वां स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि जनसंख्या वृद्धि के कारण खाद्यान्न की आवश्यकताएं बढ़ रही हैं एवं कृषि-भूमि घट रही है। कृषि विश्वविद्यालय का खाद्यान्न की जरूरतों को पूर्ण करने की दिशा में अहम दायित्व है। इसके उल्लेखनीय उपलब्धियों की सराहना की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रसन्नता है कि बीएयू पड़ोसी राज्यों की आवश्यकताओं को भी पूर्ण करने की दिशा में सक्रिय है। साथ ही कहा कि हमें बड़े पैमाने पर समुदाय की सेवा करने की कोशिश करनी चाहिए। सभी को अपना कार्य करना चाहिए तथा समाज को पूर्ण योगदान देने के लिए तत्पर रहना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि हमारी युवा पीढ़ी निरंतर सफलता की ऊंचाइयों को छू रहा है। पूरे विश्व में अपनी प्रतिभा से ख्याति अर्जित कर राष्ट्र को गौरवान्वित कर रहा है। विश्वविद्यालय को युवाओं की इस उपलब्धि पर गर्व है। उन्होंने कहा कि संस्थान की प्रगति के जरिये बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए बेहतर कार्य करने वाले को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को इस क्षेत्र का चयन करने के लिए बधाई दी तथा बेहतर अनुसंधान पर जोर दिया। साथ ही कहा कि सभी विश्वविद्यालय नई-नई उपलब्धियों से विकसित भारत-2047 को प्राप्त करने की दिशा में अग्रसर रहें।

> *बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के 44वां स्थापना दिवस समारोह में बोले राज्यपाल*
>
> *हमें बड़े पैमाने पर समुदाय की सेवा करने की कोशिश करनी चाहिए*

# मुख्यमंत्री ने धनबाद जिले को 383.70 करोड़ की योजनाओं की दी सौगात



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**
मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन बुधवार को धनबाद के बिरसा मुंडा मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में कुल 383.70 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और परिसंपत्तियों का वितरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अगले माह से मुख्यमंत्री बहन-बेटी योजना का शुभारंभ होगा। इसके अलावा युवाओं को 25 लाख तक का लोन और 40 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। सोरेन ने कहा कि पूरे भारत की नजर धनबाद पर है। यहां का कोयला पूरे देश में प्रसिद्ध है। तीन माह तक आम चुनाव में रहने के कारण सारा काम रुक गया था। चुनाव समाप्त होते ही यहां की शिक्षा और सामाजिक स्थिति को उन्होंने देखा। उन्होंने कहा कि यह धनी जिला है लेकिन यहां के विस्थापित और मजदूरों की हमारी सरकार पर नजर है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन सरकार ने हर विद्यार्थी को तीन गुना छात्रवृत्ति दिया। नौ लाख बेटियों को लाभ दिया ताकि कोई अनपढ़ न रहे। सरकार ने उच्च शिक्षा के लिए गुरु जी क्रेडिट कार्ड की सुविधा दी। इसका लाभ सभी वर्ग को दिया। उन्होंने कहा कि हर खेत को पाइप लाइन से पानी देंगे। किसानों का दो लाख तक का ऋण माफ करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने विधवा पेंशन की सीमा 18 साल कर दी। भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने 5000 से अधिक स्कूल बंद कर दिया था ताकि आदिवासी और मूलवासी के बेटा-बेटी स्कूल ना जा सके लेकिन हमारी सरकार ने इसे चालू कर दिया है। इतना ही नहीं हमारी सरकार हर ब्लॉक में मॉडल स्कूल बनाने जा रही है, जो निजी स्कूल के स्कूलिंग को टक्कर देगी। उन्होंने कहा कि 125 यूनिट बिजली माफी के बाद अब सरकार 200 यूनिट बिजली फ्री देगी। हर तरह के विसंगतियों को दूर किया जाएगा। पूरे झारखंड में 15 हजार किलोमीटर सड़क निर्माण का कार्य शुरू किया गया है, ताकि हर गांव सड़क से जुड़ सके।मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण और शहरी इलाकों की स्थिति काफी दयनीय है। अगले माह से मुख्यमंत्री बहन-बेटी योजना शुरू होगी और 25 से 50 साल तक की बहन-बेटी को सम्मान राशि देंगे। इसके साथ 15 लाख तक का अबुआ स्वास्थ्य बीमा योजना शुरू करने जा रहे हैं। जुलाई से योजना शुरू होगी। पंचायत में उप स्वास्थ्य केंद्र रहेगा और वहां हर दवा उपलब्ध रहेगी। सभी वर्ग को ध्यान में रखते हुए झारखंड का विकास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 50 हजार शिक्षक और सिपाही बहाली की शुरूआत हो चुकी है। आने वाले तीन माह बहाली के महीने हैं। यह काम करने वाली सरकार है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गढ़वा**
**E-mail - eercdgarhwa-jhr@nic.in, Ph.: 06561-223543**

**अति आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा **PRL Project and Infrastructure Limited, At- 34/1, Vikas Apartments, East Punjabi Bagh, New Delhi** को इस प्रेस विज्ञप्ती के माध्यम से सूचित किया जाता है कि पथ प्रमण्डल, गढ़वा अन्तर्गत भवनाथपुर–कांडी भाया कैलान पथ के कि0मी0 0.00 से 25.866 का पुनर्निर्माण कार्य, जिसका एकरारनामा सं0 **23 SBD/17-18** एवं दिनांक **30.01.18** द्वारा आवंटित था एवं कार्य पूर्णता की तिथि दिनांक– 29.09.2019 थी। परन्तु इतनी लंबी अवधि बीत जाने के बावजूद भी वर्तमान अवधि उपरांत भी उक्त कार्य पूर्ण नहीं किया जा सका है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा समय–समय पर विभिन्न पत्रों द्वारा दिये गये निर्देश के बावजूद भी पथ योजना कार्य को पूर्ण करने हेतु समुचित प्रयास नहीं किया गया एवं मनमाने ढंग से कार्य निष्पादन कर, अपने हीं द्वारा पूर्व में प्रमण्डलीय कार्यालय में समर्पित, विभिन्न पुनरीक्षित कार्य–योजना (Revised Work Programme) का भी बारंबार उल्लंघन कर कार्य एकरारनामा के शर्त्तों का उल्लंघन किया गया एवं अद्यतन दिवस तक वर्णित पथ कार्य पूर्ण नहीं हो सका है।

अतः इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से आपको तीसरी एवं अंतिम रूप से सूचित किया जाता है, कि यथाशीघ्र अवशेष कार्य पूर्ण कर दें, अन्यथा बाध्य होकर आपको आवंटित कार्य रद्द करते हुए आपके विरूद्ध एकरारनामा के सुसंगत कंडिकाओं के आलोक में तत्संबंधी समस्त कार्रवाई प्रारंभ कर, नियमानुसार जमानत की राशि जब्त कर लिया जायेगा, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होंगे।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, गढ़वा।

PR 327710 Road(24-25)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा**
**सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114**
**Email :- eedwsd.garhwa1@gmail.com**

**ई–प्रोक्योरमेंट अतिअल्पकालीन निविदा सूचना**
**(1st) Call**

निविदा सूचना संख्या–**DWSD/GAR-04/2024-25** दिनांक–**25-06-2024**

कार्य का नाम :– गढ़वा जिला अन्तर्गत विभिन्न प्रखण्डों में **32mm** व्यास के **I.M-II** हैण्ड पम्प के क्षतिग्रस्त राईजर पाईप, सी0आई0 सिलिन्डर एवं कनेक्टिंग रॉड इत्यादि को टर्न–की के आधार पर सम्परिवर्तित कर नलकूप को चालू करने का कार्य (वित्तीय वर्ष 2023–24) :–

| क0 सं0 | प्रमंडल का नाम | ग्रुप नम्बर | नलकूपों की संख्या | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा | GAR/RRP-01 | 100 Nos. | 14,56,232.00 | 30,000.00 | 2,500.00 | 01 (एक माह) |
| 2 | | GAR/RRP-02 | 76 Nos. | 11,06,736.00 | 23,000.00 | 2,500.00 | 01 (एक माह) |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 27.06.2024 समय 02:00 बजे अपराहन् तक |
| 4 | निविदा प्राप्ति (ऑनलाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 03.07.2024 समय 05:00 बजे अपराहन् तक |
| 5 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0 गवर्नेस,झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.23 के आलोक में विपत्र का मूल्य –एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 03.07.2024 समय 05:00 बजे अपराहन् तक |
| 6 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय – | 04.07.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् |
| 7 | तकनीकी बिड खोलने का स्थान – | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गढ़वा। |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम - ई0 प्रदीप कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गढ़वा। | |
| 9 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0 – 9973003856 | |
| 10 | ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन सं0 – | 0651-2490920 |

नोट – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेवसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,गढ़वा

PR 327709 Drinking Water and Sanitation(24-25).D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा।**
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114
Email :- eedwsd.garhwa1@gmail.com

**ई–प्रोक्योरमेंट अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**
**(1st Call)**

निविदा सूचना संख्या - DWSD/GAR-03/2024-25 दिनांक -25.06.2024

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Name of Work - Relocation of Defunct T/Well 125 x 115 mm dia and 60 mtr (av.) deep Drilled Tube well with installation of IM -II Hand pump, PCC P latform and 3.0 m. long drain on turnkey basic in different rural habitation in Garhwa district for the year 2023 -24. | | | | |
| ग्रुप संख्या | ड्रिल्ड नलकूपों की संख्या | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
| GAR/SR/60 mtr-01 | 65 Nos | 54.44497 | 1.10 | 10,000.00 | 90 Days |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 27.06.2024 समय 02:00 बजे अपराहन् तक |
| 3 | निविदा प्राप्ति (ऑनलाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 03.07.2024 समय 05:00 बजे अपराहन् तक |
| 4 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0 गवर्नेस,झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.23 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय – | 03.07.2024 समय 05:00 बजे अपराहन् तक |
| 5 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय – | 04.07.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् |
| 6 | तकनीकी बिड खोलने का स्थान – | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गढ़वा। |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम - | ई0 प्रदीप कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गढ़वा। |
| | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0 – 9973003856 | |
| 9 | ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन सं0 – 0651–2490920 | |

नोट – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेवसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गढ़वा।

PR 327707 (Drinking Water and Sanitation) 24-25 (D)

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिबल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज





CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# आपातकाल निंदा प्रस्ताव पर इंडी गठबंधन में दिखा बिखराव

## भाजपा का कांग्रेस पर वार कहा, डेढ़ लाख लोगों को जेल में डाल दिया था

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि आपातकाल पर लाए गए निंदा प्रस्ताव पर पूरा इंडी गठबंधन बिखरा हुआ और असमंजस में दिखा। भाजपा ने कहा कि नेता विपक्ष और कांग्रेस के सांसद खुद राहुल गांधी असमंजस में थे क्योंकि उनके समर्थन में गठबंधन दलों का कोई नेता नहीं आया। बुधवार को भाजपा सांसद और पार्टी प्रवक्ता संबित पात्रा ने पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता में कहा कि पूरा देश आपातकाल का आज विरोध प्रदर्शन कर रहा है। आज से 49 साल पहले इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाया था। करीब डेढ़ लाख लोगों को जेल में डाल दिया गया था। भारत के संविधान में 42वां संशोधन लाया गया। संविधान बचाने की बात करने वाले, संविधान की प्रतियां लहराने वाले राहुल गांधी को आईना दिखाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज जैसे ही आपातकाल के खिलाफ सदन में निंदा प्रस्ताव लाए, कांग्रेस सांसद विरोध में सदन के बीचोबीच आ गए, लेकिन समाजवादी पार्टी के सांसद बैठे रहे। राहुल गांधी असमंजस में थे कि अब क्या किया जाए।

आज सदन में संविधान की प्रतियां लिए कांग्रेस सांसद संविधान के रक्षक दिखने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से लोकसभा स्पीकर का निर्वाचन होता है। आज भी लोकसभा में ध्वनि मतों से ओम बिड़ला अध्यक्ष बनाए गए। अध्यक्ष ओम बिड़ला ने निंदा प्रस्ताव रखा, इमजेंसी में जो दिक्कतें थीं, उसको उजागर किया। 1.40 लाख के करीब लोगों को जेल मे डाला गया। मुलायम यादव, लालू प्रसाद, एम करुणानिधि, एम के स्टालिन, शरद यादव, टीआर बालू भी आपातकाल में जेल गए थे।



### आपातकाल के विरोध में लाए गए प्रस्ताव का जेपी नड्डा ने किया स्वागत

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने के बाद ओम बिरला ने बुधवार को आपातकाल के विरोध में प्रस्ताव रखा।



इस प्रस्ताव का भारतीय जनता पार्टी ने स्वागत किया है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार को ट्वीट करके प्रस्ताव का स्वागत करते हुए कहा कि बाबा साहब आम्बेडकर द्वारा निर्मित भारत के संविधान पर कांग्रेस द्वारा किए गए इस कुठाराघात की हम निंदा करते हैं। नड्डा ने कहा कि जिस प्रकार से कांग्रेस और विपक्षी दलों के नेताओं ने 'तानाशाही बंद करो' जैसा नारा लगाकर लोकसभा अध्यक्ष के वक्तव्य में विघ्नडालने का काम किया, उसे इस प्रस्ताव के समर्थन की तरह स्वीकार करता हूं।

### लोकसभा अध्यक्ष का प्रस्ताव का सत्याग्रहियों के संघर्ष का सम्मान : शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 1975 के आपातकाल पर लोकसभा



अध्यक्ष ओम बिरला के प्रस्ताव का समर्थन करते हुए इसे कांग्रेस सरकार के दमन और शोषण के विरुद्ध आवाज उठाने वाले सत्याग्रहियों के संघर्ष का सम्मान करार दिया। लोकसभा में आपातकाल के विरुद्ध प्रस्ताव रखकर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आम्बेडकर के संविधान को सम्मान दिया। शाह ने कहा कि संसद के इस प्रस्ताव ने ज्युडीशियरी, ब्यूरोक्रेसी और मीडिया जैसे प्रमुख स्तंभों को आघात पहुंचाने वाली कांग्रेस की लोकतंत्र विरोधी सोच को उजागर किया है।

# ब्रिफ न्यूज़

## अमेरिकी संघीय अदालत ने जूलियन असांजे को रिहा किया



**वाशिंगटन।** उत्तरी मारियाना द्वीप समूह की राजधानी साइपन स्थित एक अमेरिकी संघीय अदालत ने बुधवार को विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे को तत्काल रिहा करने का आदेश दिया। उन्होंने जासूसी अधिनियम के उल्लंघन के एक मामले में अपना अपराध स्वीकार कर लिया। न्यायाधीश रमोना मंगलोना ने कहा कि वह एक 'स्वतंत्र व्यक्ति' के रूप में अदालत से बाहर निकलेंगे। न्यायाधीश ने कहा कि पहले ही ब्रिटेन की एक जेल में उनके द्वारा बिताए गये 62 महीने को उनकी सजा के रूप में स्वीकार करना उचित है।

## पाकिस्तान के कराची में भीषण गर्मी का कहर, 36 की मौत

**कराची।** कराची में इस वक्त बहुत ज्यादा गर्मी पड़ रही है। स्थानीय लोग पिछले दो दिनों से लू से जूझ रहे हैं। इसके साथ ही गर्मी से मरने वाले लोगों की संख्या में भी इजाफा हो रहा है। कराची शहर में अज्ञात शव मिल रहे हैं। शवों के मिलने की संख्या बढ़कर अब 36 हो गई है। इससे अधिकारी बहुत ज्यादा चिंतित हो गए हैं। दरअसल न तो किसी ने शवों का दावा किया है और न ही इन अज्ञात मौतों के लिए कोई कारण बताया गया है। सिंध प्रांत की सरकार ने अज्ञात शवों की बरामदगी के बाद कराची में कम से कम 77 हीट वेव राहत केंद्र बनाए हैं। बीते तीन दिनों में भीषण गर्मी में कम से कम 36 लोगों की मौत की खबर है।

## केन्या हिंसा के बाद भारत ने जारी किया एडवाइजरी



**नई दिल्ली।** केन्या में सरकार की प्रस्तावित कर बढ़ोतरी के खिलाफ हिंसक विरोध प्रदर्शन हो रहा है। नैरोबी में कम से कम पांच लोगों की इस हिंसा में मौत हो गई है और 150 से अधिक लोग घायल हैं। ऐसे में भारत ने अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। भारत ने केन्या में अपने नागरिकों को सलाह दी है कि वे सरकार द्वारा प्रस्तावित कर वृद्धि के खिलाफ पूर्वी अफ्रीकी देश में हो रहे हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बीच अत्यधिक सावधानी बरतें और गैर-जरूरी आवाजाही को प्रतिबंधित करें।

## अमेरिकी सैनिक पर नाबालिग से यौन उत्पीड़न का लगा आरोप

**टोक्यो।** जापान के ओकिनावा द्वीप समूह में एक अमेरिकी सैनिक पर एक नाबालिग लड़की का कथित रूप से अपहरण कर उसका यौन उत्पीड़न करने का आरोप है। नाहा जिला लोक अभियोजक कार्यालय ने 27 मार्च को 25 वर्षीय ब्रेनन वाशिंगटन के खिलाफ आरोप दायर किया। इस पर अमेरिकी सैन्य उपस्थिति को लेकर स्थानीय विरोध और भड़कने की संभावना है। अमेरिकी वायुसेना के सदस्य ने कथित तौर पर लड़की को 24 दिसंबर 2023 को योमितान के एक पार्क में अपनी कार में बात करने के लिए आमंत्रित किया और उसे अपने आवास पर ले गया। जहां उसने लड़की को चूमने और उसके शरीर के निचले हिस्से को छूने जैसे अभद्र कृत्य किए।

# पीएम कब तक इमरजेंसी का ढोल पीटते रहेंगे : प्रियंका

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ओम बिरला को आज दूसरी बार लोकसभा का अध्यक्ष



चुना गया। सदन का स्पीकर बनते ही इमरजेंसी को लेकर उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण था। इसे लेकर शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने एनडीए सरकार पर हमला किया। उन्होंने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कब तक इमरजेंसी का ढोल पीटते रहेंगे। क्या यह सत्य नहीं है कि जब इमरजेंसी लगी थी, उसके बाद इंदिरा गांधी को हार का सामना करना पड़ा था।

लेकिन उन्होंने फिर से मेहनत करके जनता का दिल जीता और सत्ता पर काबिज हुईं। प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि पिछले 10 सालों में अघोषित आपातकाल देश में लगाया गया है। आज देश में एजुकेशन और मेडिकल इमरजेंसी है। परीक्षाएं रद्द हो रही हैं और पेपर लीक किए जा रहे हैं। विपक्ष की सरकार गिराकर लोकतंत्र की आवाज दबाई गई।

# तीन दिनों की सीबीआई रिमांड पर भेजे गए अरविंद केजरीवाल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में राउज



एवेन्यू कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को तीन दिनों की सीबीआई रिमांड में भेज दिया है। हालांकि, सीबीआई ने पांच दिनों की हिरासत की मांग की थी। इस मामले में अगली सुनवाई 29 जून को तय की गई है। बता दें कि बुधवार सुबह केजरीवाल को तिहाड़ जेल से सीबीआई ने गिरफ्तार किया। इसके बाद उन्हें राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया, जहां सुनवाई के दौरान सीबीआई ने आरोप लगाया कि जिस कैबिनेट ने नई आबकारी नीति को मंजूरी दी थी, उसका ना महज अरविंद केजरीवाल हिस्सा थे, बल्कि उन्होंने इस घोटाले में अहम भूमिका भी निभाई थी। सीबीआई ने कहा कि वो केजरीवाल और मनीष सिसोदिया का आमना-सामना कराकर पूछताछ करना चाहते हैं, जिसे देखते हुए उनकी हिरासत जरूरी है। इसके अलावा, सीबीआई ने दावा किया कि जांच जारी है, जुलाई तक पूरी हो जाएगी। वहीं, सीबीआई ने दावा किया कि केजरीवाल ने मनीष सिसोदिया पर सारा दोष मढ़ा है, लेकिन केजरीवाल ने अदालत में कहा कि उन्होंने सिसोदिया को निर्दोष बताया है। उन्होंने सिसोदिया पर इस मामले में किसी भी प्रकार का आरोप नहीं लगाया। सीबीआई ने बुधवार सुबह अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया, जिसके बाद उन्हें अदालत में पेश किया गया, जहां उनका शुगर लेवल अचानक डाउन हो गया, जिसके बाद उन्हें अलग कमरे में ले जाकर चाय और बिस्कुट खिलाई गई।

# राहुल के नेता प्रतिपक्ष चुने जाने पर कांग्रेसी नेताओं ने दी बधाई



**नई दिल्ली।** 18वीं लोकसभा में रायबरेली से सांसद राहुल गांधी को नेता प्रतिपक्ष चुने जाने पर बधाई देने के लिए कांग्रेस के नेता और सांसद कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे। इसके पहले बुधवार को सुबह सांसदों की कांग्रेस मुख्यालय में संसदीय दल की बैठक हुई। इसके बाद राहुल गांधी को सदन में नेता प्रतिपक्ष बनने पर बधाई दी गई। राहुल को बधाई देने के लिए कांग्रेस नेताओं की भीड़ उमड़ रही। सदन में नेता प्रतिपक्ष चुने जाने पर रायबरेली से सांसद राहुल गांधी को बधाई देनेवालों में कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल के साथ कांग्रेस के अन्य नेता और सांसद मौजूद रहे।

## पुणे में जीका वायरस से संक्रमित मिले डॉक्टर व उनकी बेटी

**मुंबई ।** पुणे जिले के कोथरुड में एरंडवणे इलाके में जीका वायरस से पीड़ित दो मरीज मिले हैं, जिनमें 43 वर्षीय डॉक्टर और उनकी 13 वर्षीय बेटी हैं। पुणे नगर निगम की टीम इन दोनों के संपर्क आए लोगों की भी मेडिकल जांच कर रही है। साथ ही आम नागरिकों को सतर्क रहने की अपील की है। कोथरुड इलाके में रहने वाले डॉक्टर को बुखार के साथ लाल चकत्ते के लक्षण दिखे थे। इसी वजह से उनके रक्त का नमूना 18 जून को परीक्षण के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी में भेजा गया था।

## जय फिलिस्तीन का नारा लगाने वाले ओवैसी पर हो कार्रवाई

**नई दिल्ली।** भारतीय लिबरल पार्टी (बीएलपी) के अध्यक्ष डॉ. मुनीश कुमार रायजादा ने एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की लोकसभा में जय फिलिस्तीन (फिलिस्तीन जिंदाबाद) का नारा लगाने पर कड़ी निंदा की है। उन्होंने ओवैसी की शपथ रद्द करने की मांग की है। डॉ. रायजादा ने आज विज्ञप्ति में कहा है कि ओवैसी ने लोकसभा में शपथ ग्रहण करने की परंपरा तोड़ी है। संसद में जय भारत का नारा छोड़कर जय फिलिस्तीन का नारा लगाना खतरनाक चलन का आगाज जैसा है। ओवैसी की देशभक्ति पर संदेह करना अब लाजिमी है, क्योंकि उन्होंने संसद में एक विदेशी राष्ट्र के प्रति निष्ठा दिखाई है। उन्होंने कहा कि भारतीय लिबरल पार्टी का मानना है कि ओवैसी को इसके लिए संसद के निचले सदन से अयोग्य ठहराया जाना चाहिए।

### बच्चियों को प्यार और दुलार

# पीएम से मिलने दफ्तर पहुंचीं दो खास मेहमान



एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने के लिए दो खास मेहमान बुधवार को पीएमओ पहुंचे। ये खास मेहमान कोई और नहीं, बल्कि दो छोटी बच्चियों हैं, जिन्हें देखकर पीएम मोदी बेहद खुश नजर आए। इस दौरान उन्होंने दोनों बच्चियों के साथ कुछ पल गुजारे और बच्चियों को खूब प्यार-दुलार भी किया। दोनों बच्चियों ने पीएम मोदी को कविता भी सुनाई। जिसे सुनकर वह बेहद खुश दिखाई देते हैं और उन्हें शाबासी भी देते हैं, फिर गले लगाते हैं। दोनों बच्चियां हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय की पोती हैं। उनकी पोती ने पीएम मोदी की तारीफ में कविता लिखी थी।

### निर्माण की परेशानी — बिजली जंक्शन बॉक्स में पानी प्रवेश किया, वही पानी भूतल पर गिरा

# राम मंदिर में पानी टपकने के दावे का किया खंडन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राम मंदिर को लेकर मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने दावा किया था कि पहली ही बारिश में मंदिर की छत से पानी टपक रहा है। उनके इस दावे पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय की तरफ बयान जारी किया गया है। उन्होंने साफ किया है कि एक भी बूंद पानी छत से नहीं टपका है और न ही गर्भगृह में पानी पहुंचा है। अयोध्या में राम मंदिर में पानी टपकने के आरोपों को चंपत राय ने गलत ठहराते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ''श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में वर्षा काल के दौरान छत से पानी टपकने के संदर्भ में कुछ तथ्य आपके सामने रख रहा हूं। पहली बात तो यह है कि गर्भगृह में जहां भगवान रामलला विराजमान हैं, वहां एक भी बूंद पानी छत से नहीं टपका है और न ही कहीं से पानी गर्भगृह में प्रवेश हुआ है। उन्होंने आगे कहा, ''दूसरा यह कि गर्भगृह के आगे पूर्व दिशा में मंडप है, इसे गूढ़ मंडप कहा जाता है, वहां मंदिर के द्वितीय तल की छत का कार्य पूर्ण होने के पश्चात (भूतल से लगभग 60 फीट ऊंचा) घुम्मट जुड़ेगा और मंडप की छत बंद हो जाएगी। इस मंडप का क्षेत्र 35 फीट व्यास का है।



**35** फीट व्यास का है मंडप का क्षेत्र जिसको अस्थायी रूप से प्रथम तल पर ही ढककर दर्शन कराए जा रहे हैं।

### *जहां रामलला विराजमान हैं, वहां एक भी बूंद पानी छत से नहीं टपका : चंपत*

*चंपत राय ने लिखा, ''सामान्यतया पत्थरों से बनने वाले मंदिर में बिजली के कन्ड्यूट एवं जंक्शन बॉक्स का कार्य पत्थर की छत के ऊपर होता है एवं कन्ड्युट को छत में छेद करके नीचे उतारा जाता है, जिससे मंदिर के भूतल के छत की लाइटिंग होती है। ये कन्ड्युट एवं जंक्शन बाक्स ऊपर के फ्लोरिंग के दौरान वाटर टाइट करके सतह में छुपाईं जाती हैं। चूंकि प्रथम तल पर बिजली, वाटर प्रूफिंग एवं फ्लोरिंग का कार्य प्रगति पर है।*

# कामाख्या मंदिर की शुद्धि के बाद श्रद्धालुओं के लिए खुले मंदिर के पट

एजेंसी

**गुवाहाटी।** विश्व प्रसिद्ध अंबुबासी मेला शुरू होने के बाद बुधवार को कामाख्या मंदिर की शुद्धि हो गई और श्रद्धालुओं के लिए मंदिर का पट खोल दिया गया। कई दिनों से कतार में खड़े श्रद्धालुओं को मां कामाख्या पीठ को छूने का मौका भी मिला। गुवाहाटी स्थित मां कामाख्या मंदिर में शनिवार से विश्व प्रसिद्ध अंबुबासी मेला शुरू हो गया था। शनिवार की सुबह 8.43 बजे मां कामाख्या मंदिर का पट बंद हो गया था।

25 जून यानी मंगलवार की शाम 9.07 बजे अंबुबासी की निवृत्ति हो गयी। इसके बाद रजस्वला हुईं मां कामाख्या की शुद्धि हो गई। मंदिर की साफ सफाई के बाद बुधवार की सुबह से मंदिर का दरवाजा फिर से दर्शन के लिए खोल दिया गया। मां कामाख्या के रजस्वला होने के उपलक्ष्य में यहां हर वर्ष 22 जून से अंबुबासी मेले का आयोजन होता है। इसी प्रथा के कारण असम में बच्चियां जब पहली बार रजस्वला होती हैं तो उसे उत्सव के रूप में मनाया जाता है। इसे तुलनी वियाह के नाम से जाना जाता है। इस अवधि में मंदिर की साफ-सफाई के अलावे कोई पूजा अर्चना नहीं की जाती है।



**25** जून की शाम 9.07 बजे अंबुबासी की निवृत्ति हो गयी। इसके बाद रजस्वला हुईं मां कामाख्या की शुद्धि हो गई।